

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल
## आईपीएल 2024 : वापसी के लिए बेहद करीब हैं मोहम्मद शमी

देश
## कन्हैया कुमार पर हमला करने के आरोपी को जमानत, अन्य को पकड़ने की कोशिश जारी

शुक्ल पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • गुरूवार • 23 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 162 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74, 510 | ₹95,800 |



### आज का इतिहास

- **2010 : भारत के उच्चतम न्यायालय ने बिना विवाह किये महिला और पुरुष का एक साथ रहना अपराध नहीं माना।**
- **1984 : छेन्द्री पाल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट को फ़तह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी।**

### न्यूज बाइट्स

#### हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत, वापस ली याचिका

**नई दिल्ली (नि. सं.)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार देते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। बुधवार (22 मई) को अपनी दलीलें पेश करने के बाद जब जज ने याचिका को खारिज करने की बात कही, तो हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने याचिका वापस लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। कोर्ट की अनुमति से उन्होंने याचिका वापस ले ली।

#### हवाई सफर का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली (नि. सं.)।** गया एयरपोर्ट से बिहार के हजयात्रियों का पहला काफिला 26 मई की सुबह 6:50 बजे मदीना के लिए रवाना होगा। 31 मई को आखिरी काफिला वहां से जाएगा। सात विमानों से बिहार के 1121 आजमीने हज मुबारक सफर पर जाएंगे। इनका फ्लाइट शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस बार भी स्पाइसजेट से हजयात्री जाएंगे। हर विमान से 160 यात्री हज सफर पर जाएंगे। गया से मदीना का हवाई सफर साढ़े छह घंटे का होगा। उनकी वापसी जेद्दा एयरपोर्ट से होगी। हाजियों का पहला काफिला 9 जुलाई को गया एयरपोर्ट पर शाम 5:15 बजे लैंड करेगा। 14 जुलाई तक वापसी होगी। हज का सफर कुल 45 दिन का होगा। इस बार बिहार से 3697 लोग हज पर जा रहे हैं। ये गया, कोलकाता, अहमदाबाद, औरंगाबाद, मुंबई, लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई एयरपोर्ट से जाएंगे।

छठा चरण : बिहार की आठ लोकसभा सीटों पर 25 मई को होना है मतदान

# सात सीटों पर एनडीए और महागठबंधन में सीधा मुकाबला, एक पर त्रिकोणीय जंग

निज संवाददाता | पटना



लोकसभा चुनाव के छठे चरण में एक तरफ जीत का छक्का लगा चुके उम्मीदवार सातवीं बार सांसद बनने की दौड़ में शामिल हैं तो कई पहली बार चुनाव मैदान में उतरे हैं। वहीं, कुछ ऐसे भी हैं, जो पहले भी लोकसभा का चुनाव लड़े हैं, पर जीत हासिल नहीं हो सकी है। इस चरम में बिहार की 8 लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होना है, जिनमें वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज शामिल है। छठे चरण की सात सीटों पर एनडीए और महागठबंधन उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं, सीवान में पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हेना शहाब के निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला त्रिकोणीय दिख रहा है। पूर्वी चंपारण से भाजपा उम्मीदवार व पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह अब-तक छह बार लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। 2009 से लगातार इस सीट पर जीत रहे राधामोहन सिंह का इस बार वीआईपी के प्रत्याशी राजेश कुमार से टक्कर है। राजेश कुमार विधायक रह चुके हैं। जीते तो पहली बार सांसद बनेंगे। वहीं, राधामोहन सिंह लगातार चौथी बार जीतेंगे तो सातवीं बार लोकसभा में जाएंगे। पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉ. संजय जायसवाल का मुकाबला कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी से है। डॉ. जायसवाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं और लगातार तीन बार से वहां जीत रहे हैं। वहीं, मनोज मदन मोहन तिवारी जीते तो पहली बार संसद में जाएंगे। वाल्मिकीनगर में जदयू के उम्मीदवार सुनील कुशवाहा मैदान में हैं। उनकी लड़ाई राजद के दीपक यादव से है। 2020 के उपचुनाव में यहां से सुनील कुशवाहा जीते थे। 2019 में यहां से बैद्यनाथ प्रसाद महतो जीते थे, जिनके निधन के बाद यहां उपचुनाव हुआ था। बैद्यनाथ प्रसाद महतो के पुत्र हैं सुनील कुशवाहा।

वैशाली से निवर्तमान सांसद वीणा देवी लोजपा (आर) की उम्मीदवार हैं, यहां से राजद ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को मैदान में उतारा है। मुन्ना शुक्ला पूर्व में लालगंज से तीन बार विधायक रह चुके हैं।

#### शिवहर में दो महिला प्रत्याशी आमने-सामने

शिवहर में जदयू उम्मीदवार पूर्व सांसद लवली आनंद की लड़ाई राजद की रितु जायसवाल से है। लवली आनंद वैशाली से पूर्व सांसद रही हैं, वहीं रितु जायसवाल पहली बार लोस में राजद की उम्मीदवार बनी हैं। सीवान में जदयू की विजया लक्ष्मी और राजद के अवध बिहारी चौधरी आमने-सामने हैं। वहीं, निर्दलीय उम्मीदवार हेना शहाब अपनी दमदार उपस्थिति यहां बनायी हुई हैं। इन तीनों में कोई भी जीत दर्ज करता है तो वह पहली बार सांसद बनेगा।

### सीएम ने तीन लोगों की मौत पर शोक संवेदना की व्यक्त

**पटना(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले के नगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर चैक के पास ट्रक और ऑटों की टक्कर में तीन लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है ।

केके पाठक ने सभी कुलपतियों को भेजा पत्र

# यूनिवर्सिटी के कर्मियों का वेतन सीधे उनके बैंक खातों में होगा ट्रांसफर

निज संवाददाता | पटना



शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक विश्वविद्यालय के कुलपतियों और अन्य कर्मियों के वेतन भुगतान का पूरा सिस्टम बदलने जा जा रहें हैं। शिक्षा विभाग यूनिवर्सिटी के कर्मियों का वेतन सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर करने जा रहा है। आईएएस केके पाठक यह फैसला ले चुके हैं। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने सभी कुलपतियों को पत्र लिख डाला है। शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालय के कुलसचिव और सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य को पत्र लिखते हुए कहा है कि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी के वेतन भुगतान के लिए नई व्यवस्था लागू की जानी है। शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का वेतन अलग-अलग सीधे उनके खाते में भुगतान किये जाने पर विचार चल रहा है। इसके लिए एक पोर्टल का निर्माण किया गया है।

इसके संचालन के संबंध में प्रधानाचार्य, बर्सर, कुलसचिव,वित्तीय परामर्शी और वित्त पदाधिकारी का प्रशिक्षण किया जाना है। जिससे कि पोर्टल पर महाविद्यालय आज विश्वविद्यालय स्तर से सीधे जरूरी सूचनाएं अपलोड की जा सके। इसके लिए महाविद्यालयवार और विश्वविद्यालयवार लॉग-इन एवं पासवर्ड भी दिया जाना है।

#### ट्रेनिंग देने की तैयारी

इस जरूरी प्रशिक्षण और महाविद्यालयवार एवं विश्वविद्यालयवार लॉग-इन एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने के लिए कार्यक्रम के अनुसार एक प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसमें सभी अंगीभूत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ-साथ संबंधित कुलसचिव, वित्तीय परामर्शी एवं वित्त पदाधिकारी भाग लेंगे। पत्र में कहा गया है कि महाविद्यालय स्तर के लिए प्रधानाचार्य के स्तर से तथा विश्वविद्यालय के लिए कुलसचिव के स्तर से फार्मेट साथ लेकर आए।

#### दो दिन का प्रशिक्षण

25 मई से कालेजों और विश्विद्यालय कुलसचिव एवं प्राचार्य का प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। पहले दिन पहले हाफ में पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी, पटना विश्विद्यालय, मौलाना मजरूल हक विश्विद्यालय के कुल सचिव, बर्सर को बुलाया गया है। वहीं, लंच के बाद मगध विश्विद्यालय,जय प्रकाश नारायण विश्विद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय और बाबा भीम राव अंबेडकर विद्यालय के कुलसचिव को सेकंड हाफ में बुलाया गया है।

#### 27 मई तक ट्रेनिंग

27 मई को पहले हाफ में भूपेंद्र मंडल विश्विद्यालय,ललित नारायण विश्विद्यालय और कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्विद्यालय से जुड़े अंगीभूत विश्विद्यालय महाविद्यालय के प्राचार्य,बरसर और वित्तीय परामर्शी को प्रशिक्षण में बुलाया गया है। लंच के बाद मुंगेर यूनिवर्सिटी,पूर्णियां यूनिवर्सिटी और तिलकामांझी विश्विद्यालय से जुड़े कुलसचिव आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कंपार्टमेंटल परीक्षा की अंशर-की जारी

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा 2024 के कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का आंसर की जारी कर दी गई है। इन सभी सैद्धांतिक विषयों की परीक्षा में निर्धारित 50 प्रतिशत अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। जिसमें ओएमआर आधारित उत्तर पत्रकों का प्रयोग सभी विषय में परीक्षार्थियों द्वारा किया गया है। परीक्षा समिति ने कहा है कि विशेषज्ञों द्वारा सभी विषय के प्रश्नों को आंसर की तैयार किया गया है जो समिति के वेबसाइट http//biharboardonline.bihar.gov.in पर उपलब्ध है। अगर किसी परीक्षार्थी को कोई आपत्ति हो तो वे 23 मई 2024 चार बजे तक दर्ज कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

वैज्ञानिक व्याख्यान सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला आयोजन

# जैव-विविधता की रक्षा करना सभी का दायित्व : डॉ. डीके शुक्ला



निज संवाददाता | पटना

बुधवार को जैव-विविधता का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस था। जैव-विविधता से परिपूर्ण इस राज्य में जैव-विविधता की रक्षा करना सभी का दायित्व है। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा प्रत्येक माह आयोजित किये जाने वाले वैज्ञानिक व्याख्यान सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला की 23वीं कड़ी में डॉ. डीके शुक्ला, अध्यक्ष, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा जैव-विविधता और पर्यावरणीय प्रदूषण नियंत्रण-बिहार में अनिवार्यता और संभावनाएं जैव विविधता और पर्यावरण प्रदूषण का नियंत्रण और शमन- बिहार में दायरा और अवसर विषय पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। डॉ. शुक्ला ने अपने सम्बोधन में बताया कि हमारे वनों में जैव-विविधता का खजाना भरा पड़ा है। वैश्विक तापमान में वृद्धि से जंगलों में आग लगने की घटना में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। बिहार राज्य में भी जैव-विविधता से परिपूर्ण कई वन हैं जिन्हें तापमान में वृद्धि के कारण आग से रक्षा हेतु एक रणनीति बनाने की आवश्यकता है। अग्नि प्रभावित वनों में जल व मृदा संरक्षण हेतु अग्नि शमन योजना बनाकर इस पर अमल किया जाना चाहिए। इस हेतु ड्रोन की सहायता से वायुमंडलीय आद्रता के सेंसरों से, नासा से प्राप्त सेटेलाईट डाटा से ऐसे अग्नि की घटनाओं का ब्यौरा प्राप्त कर इसके व्यवस्थित व स-समय शमन उपायों की योजना बनाये जाने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि संयुक्त वन प्रबंधन समिति तथा इको डेवलपमेंट समिति के सहयोग से वनों की अग्नि पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बिहार राज्य को वन-अग्नि मुक्त राज्य बनाने हेतु प्रयास किये जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि जैव-विविधता, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जलवायु परिवर्तन और प्राकृतवास के नुकसान के कारण जैव-विविधता पर आ रहा खतरा आज एक वैश्विक समस्या है।

# पटना से 54 शहरों के लिए चलेंगी नयी बसें

निज संवाददाता | पटना

राजधानी पटना के अलावा अन्य शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए राज्य सरकार ने नयी बसें चलाने का फैसला किया है। इसके लिए पटना से 54 शहरों के लिए नयी बसें चलाने की योजना है। ये बसें पटना से विभिन्न मार्गों और छोटे शहरों-कस्बों को जोड़ते हुए गंतव्य शहर तक चलेंगी। इन रूटों पर बसों के परिचालन को लेकर रिक्तियों को सार्वजनिक करने के बाद आगे की प्रक्रिया भी पूरी की गयी है।

राज्य के कई मार्गों पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। खासकर राजधानी पटना से सम्बद्ध रुटों पर यात्रियों की संख्या में अपेक्षित बढ़ोतरी हुई है। लेकिन, जरूरत के अनुसार इन मार्गों पर बसों का परिचालन नहीं हो पा रहा है। लिहाजा, राज्य सरकार ने पटना से जुड़े मार्गों पर यात्रियों की सुविधा के लिए नयी बसों का परिचालन करने की योजना बनायी है। इससे आम लोगों की परेशानी कम होगी और उन्हें आवागमन का बेहतर विकल्प मिल सकेगा।

दरअसल, पिछले दिनों समीक्षा के दौरान यह बातें सामने आई थी कि पटना से अन्य शहरों से लिए और बसों की आवश्यकता है। राजधानी पटना आने वाले लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य की दृष्टि से लोगों का पटना आने का सिलसिला बढ़ा है। पटना में सूबे के विभिन्न हिस्सों के बच्चे पढ़ने आते हैं। खासकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ अन्य परीक्षाओं के लिए बच्चे कोचिंग में दाखिला ले रहे हैं। हाल के दिनों में इलाज कराने के लिए भी पटना आने वाले लोगों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है।

#### इन जगहों के लिए चलेंगी बसें

भागलपुर, बांका, पूर्णिया, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सीवान, खगड़िया, मधेपुरा, भभुआ, बेगूसराय, मझुबनी, सुपौल, दरभंगा, समस्तीपुर, किशनगंज, मुंगेर, बेतिया, सासाराम, जयनगर, औरंगाबाद, नवादा, देव, आद्यपुर, लौकहा, वीरपुर, डेहरी, लहेरियासराय, झंझारपुर, पाली, तेलपा, जमालपुर, मधवापुर, पिपरौन, बेला, परसौनी, कुनौली, अंधरामठ, मधेपुर, विशुनपुरा, सिकटा, अख्ता, भिट्ठामोड़, भिसुआबाजार, रसियारी, गोह, सिकन्दरा, निर्मली, कुचाईकोट, साहरघाट, कटैया, पगड़ा, जन्दाहा, चेनारी, कौआकोल

# पर्यटन निगम ने बनाया स्पेशल टूर पैकेज

- **पटना से राजगीर और बोधगया के लिए एक दिन का टूर पैकेज, हर शनिवार और रविवार को खुलेगी बस**

निज संवाददाता | पटना

गर्मी की छुट्टी को लेकर पर्यटन निगम ने स्पेशल टूर पैकेज बनाया है। पटना के लोग बोधगया, राजगीर जू सफारी, नेचर सफारी, ग्लास ब्रिज, ककोलत जलप्रपात आदि जगह घूम सकेंगे। प्रति पर्यटक शुल्क 2600 से 3500 रुपए है। एक दिन का टूर पैकेज है। इसकी सुविधा हर शनिवार और रविवार को मिलेगी। इसके अलावा छुट्टी के दिन भी टूर पैकेज बुक कर सकते हैं। आर ब्लॉक स्थित होटल कौटिल्य से सुबह 7 बजे गाड़ी खुलेगी और रात 8 बजे तक पटना वापस होगी। कम से कम 10 पर्यटक रहने पर ही टूर पैकेज का लाभ मिलेगा। मोबाइल नंबर 9334312408, 9801693189, 9905653597 पर कॉल करके पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पटना दर्शन का भी पैकेज है। इसके तहत 2700 रुपए में गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति, बिहार म्यूजियम, गुरुद्वारा, बुद्ध स्मृति पार्क, गंगा मरीन ड्राइव घूमने के साथ क्रूज का आनंद उठा सकेंगे।

मिशनलाइफ फॉर एनवायरनमेंट कार्यक्रम के तहत

# सशस्त्र सीमा बल ने वंचितों के लिए पटना में चलाया कार्यक्रम



निज संवाददाता | पटना

मिशनलाइफ फॉर एनवायरनमेंट कार्यक्रम के तहत बुधवार(22 मार्च 2024) को सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना एवं 40वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पटना के संयुक्त प्रयास से नेहरु पथ, रुकनपुरा (विजयनगर) में लगभग 200 स्थानीय जरुरतमंद वंचित लोगों के बीच कपड़ा, बर्तन एवं किताब का वितरण किया गया। इसके उपरान्त उन्हें सम्मान पूर्वक भोजन भी कराया गया। इस कार्यक्रम में कुमार चन्द्र विक्रम, उप-महानिरीक्षक (सीमांत मुख्यालय एसएसबी पटना), अशोक सजवाण, कमान्डेंट (सीमांत मुख्यालय एसएसबी, पटना), सुवर्णा सजवाण, कमान्डेंट (40वीं वाहिनी एसएसबी पटना), एन. चोंग्लोई, उप कमान्डेंट (40वीं वाहिनी एसएसबी पटना), डॉक्टर सुधांशु कुमार, उप कमान्डेंट (चिकित्सा) (40वीं वाहिनी एसएसबी पटना), अमरेश कुमार, सहायक कमान्डेंट (सीमांत मुख्यालय एसएसबी, पटना) एवं अन्य बलकर्मी उपस्थित थे। स्थानीय ग्रामीणों ने इस कार्य की काफी सराहना की। मिशनलाइफ फॉर एनवायरनमेंट भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक कार्यवाही की दिशा में व्यक्तियों के प्रयासों को जोड़ा जाता है। मिशन लाइफ फॉर एनवायरनमेंट, व्यक्तियों और समुदायों के प्रयासों को सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के वैश्विक जन आन्दोलन में शामिल करना चाहता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विषय जैसे–जल बचत, उर्जा बचत, कचरे को कम करना, ई-कचरे को कम करना, एकल उपयोग वाले प्लास्टिक में कटौती, श्रीअन्न (मिलेट्स) खाद्य प्रणाली को अपनाना और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना आदि पर विशेष बल देते हुए आम जनमानस को जागरूक किया जाता है।



## संक्षिप्त समाचार

### जीबीएम कॉलेज की 30 एनसीसी कैडट सीएटीसी कैंप -2024 में भाग लेने रवाना



**गया।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनसीसी इकाई की द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की 30 कैडेट दिनांक 21 मई से 30 मई, 2024 तक 6 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल, कैंट एरिया, गया में आयोजित कॉम्बाइन्ड ऐनुअल ट्रेनिंग कैंप -2024 (सीएटीसी-III) में भाग लेने रवाना हो चुकी हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी तथा एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने सभी कैडेटों को शिविर का यथासंभव लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ बाउरी ने छात्राओं को शिविर में एकता, अनुशासन और निष्ठा के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। डॉ रश्मि ने बताया कि कैंप में भाग लेने गयी छात्राओं में आकृति सिंह, संजनी, रिया, पूनम, अनुराधा, स्वीटी, आकृति किशोर, आरुषि सिंह, अनीषा, अंजली, काजल, संजना, मेघा, खुशी, आरजू, पुष्पा, कशिश, शिखा, मनु, रिया, पूजा, वैष्णवी, करीना, कामिनी, माही, आशा, मुस्कान, निशा, शिवानी तथा रिशू राज हैं।

### बाइक लूटकांड का एक आरोपित हुआ गिरफ्तार

**बांकेबाजार।** पुलिस ने बाइक लूटकांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सहायक थानाध्यक्ष अनिवेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रौशनगंज थाना क्षेत्र के मेघनाडीह गांव निवासी सत्येंद्र यादव का पुत्र चंदन यादव है। उसे छापेमारी के दौरान उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### काव्य पाठ में सृष्टि को पहला व गुनगुन को दूसरा स्थान

**गया।** शहर के एटी गेट स्थित संचालित इंडियन सेंट्रल स्कूल में मंगलवार को ग्रीष्मकालीन शैक्षिक शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक सह शिक्षाविद् डॉ. सचिदानंद प्रेमी ने की। मौके पर छात्रों के बीच काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सृष्टि कुमारी को पहला, गुनगुन कुमारी को दूसरा और सान्वी शौर्या को तीसरा स्थान मिला। विजेता बच्चों को स्मृतिशेष शिववचन सिंह द्वारा प्रदत्त मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि समाजसेवी व गया के वरिष्ठ अधिवक्ता शिववचन बाबू की स्मृति में विद्यालय में प्रत्येक वर्ष कवि गोष्ठी का आयोजन किया जाता है। कविता पाठ के संबंध में अपना विचार व्यक्त करते हुए निदेशक ने कहा कि पढ़ाई से आप अच्छा पद प्राप्त करते हैं या व्यापार करके जीविका के लक्ष्य को पूरा करते हैं लेकिन रचनात्मक गतिविधियों से जीवन जीने की कला आती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. विक्रमा सिंह समेत डॉ. रानी मिश्रा, अभयानंद मिश्रा, रामावतार सिंह, डॉ. राम सिंहासन सिंह व डॉ. राधाकृष्ण उपस्थित थे।

### बौद्ध भिक्षुओं ने श्रद्धालुओं के लिए शुरू किया लंगर

**बोधगया।** बुद्ध जयंती को लेकर देश के विभिन्न हिस्से से श्रद्धालुओं को बोधगया में आगमन शुरू हो चुका है। उनके लिए बौद्ध भिक्षुओं ने लंगर की व्यवस्था कर निःशुल्क भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। भिक्षु डॉ मनोज ने इसकी पहल की और भोजन के साथ बोतलबंद पानी उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने बताया, जरूरतमंदों की सेवा भगवान बुद्ध की करुणा के सिद्धांत पर आधारित है।

### छात्रों की हुई दौड़, विजेता पुरस्कृत

**बोधगया।** जेनिमिताभ बोर्डिंग स्कूल के सचिव आनंद विक्रम एवं दीपक कुमार ने रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर शिव प्रकाश बगेरिया, राजकुमार अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों का बोधगया में स्वागत किया। रोटरी क्लब बोधगया द्वारा पांच संस्थाओ के छात्रों का डा राजेश कुमार की निगरानी में दौड़ कराया गया, जिसमें 'सिद्धार्थ कम्पैशन स्कूल प्रथम', जेनिमिताभ बोर्डिंग स्कूल द्वितीय एवं सरस्वती शिशु निकेतन तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्र छात्रा को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा पुरस्कृत किया गया। जेनमिताभ बोर्डिंग स्कूल प्रांगण में क्लब मेंबर एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बुद्ध जयंती के शुभ अवसर पर डा राजेश कुमार के सहयोग से क्लब द्वारा आए हुए तीर्थ यात्रियों के लिए ठन्डे एवं शुद्ध पानी के लिए पानी का स्टॉल लगाया गया। सिद्धार्थ कम्पैशन ट्रस्ट मटिहानी में रोटरी सहेली सेंटर का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर` शिव प्रकाश बगेरिया, अस्सिटेंट गवर्नर विवेक कल्याण, अध्यक्ष डा कमलेश कुमार, राजकुमार अग्रवाल द्वारा किया गया, जिसमे एक सौ महिला प्रशिक्षण लेंगी। इसके साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के पांच गांवों में क्लब द्वारा पांच चापाकल का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं सदस्य द्वारा किया गया। इस आयोजन में. क्लब के देवेंद्र पाठक, सिद्धार्थ कुमार, संजीव कुमार, निस्सार अहमद, राजकुमार अग्रवाल, ट्रस्ट अध्यक्ष राजीव कमल, सहित अन्य मौजूद थे।

### महाकाल की टीम ने जेपीसी गुरारु को हराकर जीती ट्रॉफी

**गुरारु।** प्रखंड के बगडीहा गांव में शुबू फैम के द्वारा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बगडीहा गांव के युवा समाजसेवी सुबोध कुमार एवं प्रवीण कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 32 टीम ने भाग लिया जिसका फाइनल मुकाबला महाकाल गया एवं जेपीसी गुरारु के बीच बेहद रोमांचक हुआ। पहली बल्लेबाजी करते हुए महाकाल गया के टीम ने अपनी निर्धारित ओवर खोकर 102 रन का स्कोर मनाया उसके जवाब में उतरे जेपीसी गुरारु के टीम ने 94 रन में ही सिमट गया। इस टूर्नामेंट में महाकाल गया के टीम ने आठ रन से जेपीसी गुरारु को हराकर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल विजेता बना। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजक सुबोध कुमार ने विजेता टीम को 30 हजार रुपए के साथ ट्रॉफी, उप विजेता को 15 हजार रुपए के साथ ट्रॉफी, सेमीफाइनल विजेता को पांच हजार रुपए के साथ ट्रॉफी, मैन ऑफ द मैच सोनू कुमार को स्मार्ट वाच के साथ मैन ऑफ द सिरीज रोहित कुमार को साइकिल देकर सम्मानित किया। इस मौके सौरभ कुमार, मनीष कुमार, राहुल कुमार, आदित्य कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### 85 प्लस और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के 478 मतदाता चिह्नित, 24-25 मई को होम वोटिंग कराने पहुंचेंगे मतदान कर्मी

**नालंदा।** नालंदा में सातवें चरण यानी 1 जून को मतदान होना है। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी नालंदा की ओर से लगातार चुनाव की गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान पदाधिकारियों-कर्मियों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। जिले भर में 85 प्लस और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के कुल 478 मतदाताओं का फॉर्म 12 डी स्वीकृत हुआ। जिनका 24 और 25 मई को होम वोटिंग कराया जाएगा। होम वोटिंग के लिए वोटिंग टीम मतदाता के घर जाएगी और डाक मत पत्र के माध्यम से निष्पक्ष पारदर्शी तरीके से मतदान कराने का वीडियोग्राफी भी कराएगी। वैसे मतदान कर्मी जो दूसरे जिले के हैं उनका मतदान बिहार शरीफ स्थित टाउन हॉल में 25 मई को होगा। कुल 25 मतदाताओं को चिह्नित किया गया है जो दूसरे जिले के हैं। उन्हें अपने द्वितीय ट्रेनिंग लेटर और एक आईडी कार्ड मतदान के लिए लेकर आना अनिवार्य होगा। जबकि प्रशिक्षण केंद्रों पर अवस्थित फैसिलिटेशन सेंटर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों का डाक पत्र के माध्यम से 24 मई तक मतदान होगा।

# निजी स्कूल की बस ने 9वीं के छात्र को रौंदा, मौत

## पैदल जा रहा था विद्यालय, घर से 500 मीटर की दूरी पर हुआ हादसा

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा में बुधवार सुबह सड़क हादसे में 9वीं के छात्र की मौत हो गई। एक निजी स्कूल की बस ने सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले किशोर को कुचल दिया। मृतक चण्डी थाना क्षेत्र के गोकुलपुर निवासी दिलीप पासवान का 15 वर्षीय बेटा शिवम कुमार है। जो सरकारी स्कूल में पढ़ता है। सुबह स्कूल जान के लिए पैदल ही घर से निकला था। घर से विद्यालय एक किमी दूर है। शिवम ने करीब 500 मीटर की दूरी तय की थी, इसी बीच निजी स्कूल के बस ने उसे रौंद दिया। घटना चण्डी थाना क्षेत्र के सतनाग गांव के पास की है।

**स्थानीय लोगों ने परिजनों को दी सूचनाः** स्थानीय लोगों ने परिजनों को हादसे की सूचना दी। जिसके बाद घर वाले मौके पर पहुंचे तो देखा बच्चे की लाश पड़ी है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। शिवम के पिता 2 साल पहले चेन्नई से घर लौटन के दौरान ट्रेन से लापता हो गए थे। उनका अबतक पता नहीं लगा। वे चेन्नई में मजदूरी करते थे।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगीः** चण्डी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात वाहन की पहचान में पुलिस जुट गई है।

# पुल के नीचे से शव बरामद, हत्या की आशंका



♦ सात दिन पहले ही लौटा था घर, पुलिस को आशंका, हत्या कर शव ठिकाने लगाया

निज संवाददाता। गया

गया के इमामगंज थाना क्षेत्र के नगमा पंचायत अंतर्गत सलवार स्कूल के पास से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि हत्या कर शव को पुल के पास फेंक दिया गया है। मृतक की पहचान केसघा निवासी कृष्णा भारती के 40 वर्षीय पुत्र राजेश भारती के रूप में की गई है। पुलिस का मानना है कि हत्या रात में कहीं की गई है और शव को पुल के पास फेंका गया है। सूचना मिलते ही इमामगंज डीएसपी अमित कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार दोनों घटनास्थल पर पहुंचे। घटना के बारे में लोगों से जानकारी ली। वे मृतक के घरवालों से भी जानकारी ले रहे हैं। हालांकि अब तक पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। पुलिस के अन्य अधिकारी भी मामले की छानबीन में जुटे हैं। थानाध्यक्ष अमित कुमार का कहना है कि मृतक के सिर पर गहरे चोट के निशान हैं। मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या कैसे हई पता चलेगा।

**बाहर मजदूरी करता थाः** मृतक राजेश भारती दूसरे प्रदेश में मजदूरी करते थे। वह एक सप्ताह पूर्व ही अपने घर के केसघा आए थे। शव देखते ही ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हत्या कहीं और की गई है और साक्ष्य छिपाने के लिए सलवार स्कूल के पुल के अंदर फेंक दिया गया है। इमामगंज थाने की पुलिस पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया को पूरी करने में जुटी है।

# नालंदा में शिक्षकों की पिटाई के बाद लटका ताला

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हरनौत में एक दिन पूर्व एक छात्रा ने एक शिक्षक पर छेड़खानी का आरोप लगाई थी। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीण विद्यालय पहुंचकर हेडमास्टर को छोड़कर दो महिला एवं दो पुरुष शिक्षक की जमकर धुनाई कर दिया था।आरोपित शिक्षक को जेल भेज दिया गया है। उसके बाद मंगलवार को विद्यालय में ताला लड़का रहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी मंगलवार को विद्यालय पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया कि बच्चों को विद्यालय भेजें।

**DEO ने ग्रामीणों को समझायाः** विद्यालय में छात्रा से छेड़खानी का आरोप लगाकर सोमवार को ग्रामीण हंगामा करते हुए शिक्षकों के साथ मारपीट किया था। पुलिस ने उक्त शिक्षकों को कल्याण बिगहा रेफ़रल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया था। वहीं डीईओ राज कुमार व बीईओ सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों को समझाया एवं घटना के बारे में जानकारी ली। डीईओ ने कहा कि घटना के बाद पुलिस अपना काम कर रही है। विद्यालय बंद रहने से छात्रों का पढ़ाई प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों में भय का माहौल है। इसके चलते विद्यालय नहीं पहुंचे हैं। बुधवार से शिक्षक पहले की तरह आएंगे। आप लोग अपने-अपने बच्चों को विद्यालय में पढ़ने के लिए भेजिए।

# नप फर्जीवाड़े की जांच को टीम गठित

निज संवाददाता। नालंदा



बर्खास्त सहायक टैक्स दरोगा सह नाजिर के पैनकार्ड से जुड़े बैंक अकाउंट की होगी जांच, ट्रांसफर मनी की भी होगी पड़ताल

नगर परिषद राजगीर के बर्खास्त सहायक टैक्स दारोगा सह नाजिर प्रमोद कुमार ने वित्तीय फर्जीवाड़ा किया था। जिसकी जांच जिलास्तरीय जांच कमेटी ने शुरू की है। डीएम शशांक शुभंकर ने बिहारशरीफ नगर निगम आयुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। नगर आयुक्त के अलावे इस जांच कमेटी में सहायक राज्य कर आयुक्त और सहायक कोषागार पदाधिकारी शामिल हैं। डीएम ने जांच दल गठित की है। जांच के लपेटे में कौन- कौन आ सकते हैं। इसकी कानाफूसी होने लगी है। कुछ लोग कहते हैं कि इस वित्तीय अनियमितता में प्रमोद कुमार अकेले नहीं, बल्कि और लोग भी शामिल हैं। पंजाब नेशनल बैंक के नगर परिषद नाजीर अकाउंट से 14 लाख रुपए निकासी करते सहायक टैक्स दारोगा सह नाजिर प्रमोद कुमार के पकड़े जाने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है।

**अकाउंट में धन कहां से कब-कब आया जांच होगीः** नगर परिषद के फाइनेंशियल कस्टोडियन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी होते हैं। बावजूद किस परिस्थिति में या किसी उद्देश्य से नगर परिषद नाजीर के नाम से बैंक में अकाउंट खोला गया है। इस आशय की भी जांच, जांच दल करेगा। नगर परिषद नाजीर अकाउंट में धन कहां से कब-कब आया और उस अकाउंट से कब-कब धन निकाला गया है। उस खाते से किस-किस को मनी ट्रांसफर किया गया है। इस बिन्दुओं पर भी जांच की जा रही है। इन सब के बाद तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी पर भी अंगुलियां उठने लगी है। चर्चा है कि नगर परिषद नाजीर के अकाउंट से कुछ लोगों को खाते में भी पैसा ट्रांसफर किए गए हैं। यदि यह सत्य है तो किस काम के लिए किसको कितना पैसा ट्रांसफर किया गया है। इसकी भी पड़ताल की जाएगी। यह तो जांच पदाधिकारी ही बता सकते हैं।

**पैन कार्ड से जुड़े सभी खातों की जांच की जा रही हैः** सूत्रों की माने तो डीएम के गठित जांच दल ने नगर परिषद के बर्खास्त सहायक टैक्स दारोगा सह नाजिर प्रमोद कुमार के पैन कार्ड से जुड़े सभी खातों की जांच की जा रही है। प्रमोद कुमार के पैन नंबर से किस किस बैंक में कितने खाते का संचालन किया जा रहा है। उन खातों में कब-कब कितना धन जमा-निकासी किया गया है। उन खातों से किन-किन लोगों को धन ट्रांसफर किया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



♦ साइकिल सवार को बचाने में 20 फीट गड्ढे में पलटी गाड़ी, मिट्टी अनलोड करने वक्त हादसा

नालंदा में ट्रैक्टर से दबकर चालक की बुधवार को मौत हो गई। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव का है। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी रामाशीष पासवान के बेटे संजय पासवान(25) के रूप में की गई। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 20 फीट गड्ढे में सड़क किनारे पलट गई। इसकी वजह से ट्रैक्टर के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। वह मिट्टी लेकर बिन्द की ओर गया था। जहां से अनलोड कर वापस लौट रहा था। इसी बीच हादसे का शिकार हो गया। मृतक की एक बेटी और एक बेटा है। वह ट्रैक्टर चला कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। वहीं, इस मामले में बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। इसके नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रैक्टर चालक को बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बुद्ध जयंती पर 12 घंटे का होगा सुत्त पाठ

# अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास के पूजा घर में की जाएगी पुष्पांजलि अर्पित, धूप-दीप जला किया जाएगा स्मरण

निज संवाददाता। नालंदा




संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतगर्त नव नालन्दा महाविहार, नालन्दा के प्रांगण में गुरुवार 23 मई को बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन होगा। महाविहार परिवार की ओर से बुद्ध जयंती को यादगार बनाने के लिए धूमधाम से तैयारी की जा रही है। बुद्ध जयंती की पूर्व संध्या पर 22 मई को बौद्ध भिक्षुओं की ओर से पट्टान सुत्त पाठ 12 घंटे तक किया जाएगा। अगले दिन गुरुवार की सुबह 10 बजे से शांतिदेव अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास के पूजाघर में बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजली अर्पित की जाएगी। धूप-दीप जलाकर उनका स्मरण किया जाएगा। इसके बाद बौद्ध भिक्षुओं की तरफ से धम्मचक्कप्पवत्तन सुत्त का पाठ किया जाएगा। आधे घंटे का आनापान ध्यान होगा। उसके बाद महाविहार के आचार्यों और कुलपति प्रो. राजेश रंजन का संबोधन होगा।

**प्रसाद वितरण के बाद बौद्ध भिक्षुओं को भोजन दान दिया जाएगाः** प्रसाद वितरण के बाद बौद्ध भिक्षुओं को भोजन दान दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मीता ने कहा कि इस समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 24 मई, 2024 को महाविहार की तरफ से राजगीर के वैभारगिरि पर्वत की तलहटी में स्थित पिप्पली गुहा में एक पदयात्रा और पूजा-अर्चना का भी आयोजन है। महाविहार के सभी आचार्य और छात्र इस पदयात्रा में सम्मिलित होंगे।

# मिहिर हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, गया में सड़कों पर उतरे लोग

निज संवाददाता। गया




गया में बीती 8 मई को 5 वीं कक्षा के छात्र की हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। वजीरगंज ब्लाक के वजीरगंज बाजार के लोगों ने मौन जुलूस निकाल कर मिहिर की हत्या करने और उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने वालों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। साथ ही इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल को सील किए जाने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि मिहिर की हत्या करने वाला स्कूल संचालक के लड़के हर्ष को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में अब भी जांच चल रही है।

**स्कूल का लाइसेंस रद्द करने की मांगः** मौन जुलूस मंगलवार की शाम वजीरगंज के पुनावां मोड़ से लेकर फतेहपुर बस स्टैंड तक वजीरगंज के संजीदा लोगों ने जुलूस निकाला। इसमें महिलाएं और पुरुष भी शामिल रहे। जुलूस में शरीक लोग अपने अपने हाथों में तख्ती लिए चल रहे थे। तख्ती पर मिहिर की हत्या में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल के तहत केस चलाया जाए और आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए और स्कूल को सील करते हुए स्कूल का लाइसेंस रद्द किए जाने की मांग लिखी हुई थी। मौन जुलूस को लीड कर रहे व्यवसायी अरविंद कुमार ने बताया कि मिहिर की हत्या के मुख्य आरोपी हर्ष को पुलिस की एसआईटी ने पकड़ा है। यह अच्छी बात है। अब हत्या में शामिल अन्य आरोपियों को भी पुलिस तेजी के साथ गिरफ्तार करे। चीजें बहुत हद तक स्पष्ट हो चुकी हैं। ऐसे में शीघ्र गिरफ्तारी होनी चाहिए। इसी मांग को लेकर वजीरगंज वासी एक बार फिर सड़कों उतरे हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होने से ही एक मैसेज जाएगा कि बच्चों के साथ स्कूल प्रबंधक खिलवाड़ न करे।

निकाला मौन जुलूस

# दहेज उत्पीड़न मामले में गया कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया कॉलेज गया के वाइस प्रिंसिपल को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हजारीबाग पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई है। वाइस प्रिंसिपल के खिलाफ हजारीबाग में दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया गया था। दहेज उत्पीड़न का केस उनकी बहू ने किया है। यह मामला बीते 1 वर्ष से चल रहा था। वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर विनोद कुमार सिंह लगातार हजारीबाग पुलिस से बचते चले आ रहे थे। वाइस प्रिंसिपल की गिरफ्तारी रामपुर थाने की पुलिस के सहयोग से की गई है। वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर विनोद कुमार सिंह एपी कॉलोनी स्थित अपने घर पर थे तभी हजारीबाग पुलिस ने उन्हें उनके घर से उठा लिया। हजारीबाग पुलिस द्वारा गया कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल की गिरफ्तारी किए जाने की खबर से कॉलेज शिक्षकों में हड़कंप मचा है। वहीं छात्र-छात्राओं के बीच भी वाइस प्रिंसिपल की गिरफ्तारी चर्चा का विषय बना है।

**रामपुर थाना अध्यक्ष ने की गिरफ्तारी की पुष्टीः** डॉ. विनोद कुमार सिंह जूलॉजी डिपार्टमेंट के HOD हुआ करते थे। फिलहाल वो बीते कुछ समय से वाइस प्रिंसिपल की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वाइस प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की पुष्टि रामपुर थाना अध्यक्ष रवि कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग पुलिस ने इस मामले में उनसे सहयोग मांगा था। इस आधार पर हजारीबाग पुलिस का सहयोग किया गया। फिलहाल हजारीबाग पुलिस आरोपी डॉ. विनोद कुमार सिंह को अपने साथ ले गई है। इधर गया कालेज के स्टूडेंट्स का इस मामले में कहना है कि डॉ विनोद कुमार सिंह छात्रों के बीच काफी प्रिय थे। वे छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से न केवल सुनते थे बल्कि उसका निदान भी देते थे।

# लोन दिलाकर ठगी करने वाला नटवरलाल को पुलिस ने किया गिरफ्तार, निकला हिस्ट्रीशीटर

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के करमा कला गांव से अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने दो भाइयों को बैंक से लोन दिलाकर उनसे ठगी करने के मामले में एक नटवरलाल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान करमाकला गांव निवासी वासुदेव चौधरी के पुत्र वीरेंद्र चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक वीरेंद्र चौधरी लगभग आधा दर्जन थाना काण्डों में नामजद अभियुक्त है। जोगियामारण पंचायत के भाईजी भित्ता गांव निवासी स्व द्वारिका यादव के पुत्रों अवलेश चौधरी व दिलीप चौधरी के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक रजौली से वर्ष 2021 में अवलेश चौधरी को लक्ष्मी ट्रेडर्स ने नाम से पांच लाख रुपये का बिजनेस लोन सितम्बर 2021 और दिलीप चौधरी को दिलीप रेडियम आर्ट के नाम से साढ़े नौ लाख रुपये का बिजनेस लोन दिसम्बर 2021 में दिया गया था। लोन का पैसा लाभुक के खाते में तो आया किन्तु दूसरे चेक के माध्यम से पैसे की निकासी कर ली गई थी। जब लाभुक बैंक कर्मी से पैसों की जानकारी लेने बैंक गया, तो बैंककर्मियों ने उसे पैसे चेक के माध्यम से पैसे निकले हुए होने की जानकारी हुई। जबकि लाभुक को इसके बारे में कुछ भी पता नहीं था।तब दोनों सहोदर भाइयों ने वर्ष 2023 के 14 मई को रजौली थाने में धोखाधड़ी कर चेक के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक के खातों से पैसे निकालने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।जिसमें तात्कालिक बैंक मैनेजर राकेश पाण्डेय, बैंक स्टाफ अभिनन्दन कुमार, नवीन कुमार, वीरेंद्र चौधरी व सुनील कुमार चौधरी शामिल थे। थाना क्षेत्र के करमा कला गांव निवासी वीरेंद्र चौधरी रजौली थाना के काण्ड संख्या 198/22,403/22 एवं 66/24 में नामजद अभियुक्त है। सती स्थान रजौली निवासी देवनंदन प्रसाद के पुत्र योगेंद्र प्रसाद से जमीन खरीदवाने के नामपर भी पैसों की ठगी की गई थी। जिसको लेकर रजौली थाना काण्ड संख्या में 198/22 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। वहीं कुछ मामले मारपीट आदि के भी दर्ज है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वीरेंद्र चौधरी गरीब एवं निम्न तबके के लोगों को फुसलाकर लोन दिलवाता था और उससे पैसे ऐंठता था।जिसकी भनक लोन लेने वाले लोगों को भी नहीं हो पाती थी। क्योंकि लाभुक से वो उसके चेक पर हस्ताक्षर करवाकर रख लेता था और बैंक जाकर चेक को खाते में डलवा देता था या कैश ही ले लिया करता था। जिनमें एक मामला थाना तक पहुंचा, तो पुलिस ने अनुसंधान कर दोषी वीरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना के आलोक में वीरेंद्र चौधरी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। जिसे गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

# हंडिया पचेया गांव में ओलावृष्टि से पान की खेती हुए बर्बाद

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के हंडिया, पचेया गांव में पान की खेती बर्बाद हो गया। ऐसा अचानक मंगलवार के सुबह में तेज आंधी के साथ वर्षा व ओला वृष्टि हुई। इस घटना में पान का बरेजा और पान की बेली क्षतिग्रस्त हो गया है। सभी बरेजा ध्वस्त हो गया है। सभी बरेजा पुराने थे।ओलावृष्टि से किसानों को लाखों रुपये क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक रीढ़ टूट गया है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीर देखी जा रही है।कहते हैं कि नए पान का बरेजा लगाया जा रहा है, लेकिन ओलावृष्टि होने से नागबेली काले व बर्बाद हो गए हैं। नागबेली खेत में लगाया जाता है।हालत यह है कि इसके तीन चार पहले भी आंधी तूफान आया था,उस समय भी कई किसान को नुकसान पहुंचा था, अब रुपये के साथ खेती करने के लिए नागबेली की चिंता भी सत्ता रही है।इस प्राकृतिक आपदा में हंडिया गांव के जंग बहादुर महतो, सुनील चौरसिया, गुड्डु कुमार, अनिल महतो, रामानन्द चौरसिया, दिनेश चौरसिया, अनिल चौरसिया, नन्देलाल चौरसिया, नरेन्द्र चौरसिया, ब्रजेश चौरसिया, रामदास चौरसिया, विकास चौरसिया समेत अन्य किसान वही पचेया गांव के चंदन चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, उमेश चौरसिया, सुरेंद्र चौरसिया, शशि चौरसिया समेत अन्य किसान ओला वृष्टि से प्रभावित हुए हैं। पान कृषक कहते हैं कि हंडिया गांव में 125 किसान व पचेया गांव में 50 से 60 किसान पान की खेती कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। यही खेती जीविका का मुख्य साधन है। किसानों ने ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त हुए पान के बरेजा को क्षतिपूर्ति की मांग की है। इस सम्बंध में बीएओ शशि भूषण झा कहते हैं कि आवेदन अप्राप्त है, पीड़ित किसान के आवेदन मिलने पर क्षतिपूर्ति का आकलन कर आपदा प्रबंधन से उपलब्ध कराया जायेगा।

# मतगणना कार्य स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में होगा सम्पन्नः डीएम

निज संवाददाता

**नवादा**। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में राजनीतिक दल के सदस्यों के साथ लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना की तैयारी से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों से बारी-बारी से परिचय लिए। उन्होंने कहा कि दिनांक 04 जून 2024 को मतगणना कार्य निर्धारित है। मतगणना कार्य केएलएस कॉलेज, नवादा में निर्धारित है। सुबह 08:00 बजे से मतगणना कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कार्य स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में होगा। उन्होंने पार्टी के सदस्यों से कहा कि अभिकर्ता मतगणना हॉल में सुबह 07:00 बजे तक ही प्रवेश कर लें। 18 वर्ष उपर आयु वाले को ही मतगणना कार्य के लिए अभिकर्ता चुनेंगे। बिना आईडी कार्ड के कोई भी अभिकर्ता मतगणना हॉल में प्रवेश नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अभिकर्ता का फ्रिस्किंग किया जायेगा। अभिकर्ता को किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना से संबंधित प्रत्येक राउंड की सूची उन्हें ससमय उपलब्ध करा दिया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में मतगणना कार्य बीच में स्थगित नहीं रहेगा। मतगणना कार्य स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कुल 14 टेबुल पर एक सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना केन्द्र के आस-पास बैरिकेटिंग, पार्किंग, ड्रॉप गेट की व्यवस्था रहेगी। परिणाम घोषणा के बाद किसी भी तरह का विजय जुलूश निकालने की अनुमति नहीं रहेगी। आतिशवाजी, लाउडीस्पीकर आदि का प्रयोग नहीं करेंगे। आचार संहिता का उल्लंघन करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। मतगणना के दिन धारा 144 लागू रहेगा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, भारत जन जागरण दल, पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक, भागीदारी पार्टी एवं निर्दलीय पार्टी के प्रतिनिधि, उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# पर्यावरण परिवर्तन जीवन के लिये वरदान : डॉ0 अनुज कुमार







निज संवाददाता

नवादा। गुरो बिन्दा कॉलेज, अशोक नगर, नवादा, जिलाः नवादा के दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन का आयोजन कॉलेज के बहुद्देशीय कक्ष में जन्तु विज्ञान विभाग के द्वारा किया गया था, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० नकुल कुमार तरूण एवं विशिष्ट अतिथि मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ० अनुज कुमार के कर कमलों द्वारा सभा का समापन किया गया, अध्यक्ष महोदय ने जन समूह एवं उपस्थित प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुये कहे कि समाज बहुत सुविचारक होता है इसे बहुत समझाने की जरूरत नही हैं, परन्तु हमारा फर्ज है कि समय-समय पर जन जागरण अभियान चलाते रहे, क्योकि जानकारी के बाद भी जिसकी उपयोगिता नही होती है धीरे-धीरे सिथिल एवं लोप हो जाता है, इसलिए आपलोग पढ़े लिखे हैं आपसे इतना ही कहना है, कि अपने पर्यावरण को बचाने के लिये सजग एवं सम्वेदनशील रहने की जरूरत है, जनसंख्या वृद्धि के संरक्षण का यही मात्र उपाय होगा क्योकि जलवायु परिवर्तन पर ही पूरे धरती का भार निर्भर है, इसलिये फसलो में कीटनाशक दवा, उर्वरक एवं कल कारखाने के धुंआ तथा दूषित पानी से बचाना चाहिये, लेकिन मनुष्य अपने स्वार्थ में सब्जीयों में दवा तथा पशुओं से दूध निकालने में भी दवा का प्रयोग करते हैं जो मानव के लिये अत्यंत घातक है, तथा पेड़ पौधों की कटाई से जलवायु बिगड़ जाता हैं। इन सभी तथ्यों पर आप प्रबुद्ध जनमानस को विचार करने एवं रोकने की जरूरत है, इससे न कि हमारे मौसम पर ही संकट आता है सारा पर्यावरण दूषित हो जाता है, जिससे उदाहरण स्वरूप देखने को मिल रहा है कि हमारे देश से बहुत सारे पशु पक्षियों का विलुप्तीकरण हो रहा है जैसे गौरैया, शेर, भालू, गोरीला तथा किसानो का परम मित्र केचुआं आदि जंगली पशु एवं पक्षी जंगल के अभाव में विलुप्त होते चले जा रहे हैं जिसका ध्यान न तो सरकार का है न तो हमारे देश के नेतृत्व कर्ताओं का है, इन पशु पक्षीओं के अभाव में भी हमारे पर्यावरण पर बहुत कुप्रभाव पड़ रहा है, इसलिये हम सभी लोगो का दैनिक कर्तव्य बनता है कि अपने पर्यावरण कि सुरक्षा दिन प्रतिदिन संकल्पित होकर करते रहे, यही स्थिती रही तो बढती जनसंख्या पर इसका बहुत बुरा असर पड़ेगा इन्ही कड़ी के साथ अध्यक्ष महोदय ने मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) कुसुम कुमारी तथा विशिष्ट अतिथि प्रो० (डॉ०) जयराम प्रसाद, श्री नकुल कुमार तरूण डॉ0 शैलेन्द्र कुमार का बहुत आभार व्यक्त किये तथा उक्त विद्वान प्रवक्ताओं ने अपने देश की दसा देखते हुये बहुत सारा उपदेश और संदेश दिये इससे प्रभावित होकर गुरो बिन्दा कॉलेज, अशोक नगर, नवादा, जिलाः नवादा के प्रभारी प्राचार्य श्री निशांत कुमार ने बधाई दिये इस शुभ अवसर पर स०प्रा० डॉ० मुन्नु कुमार, चन्द्र शशिकान्त रवि, अभिमन्यू कुमार, मो. शान आलम, कुमारी प्रेरणा राज, शिवशंकर कुमार, मो० शिफतैन अंसारी, सुमन्त के उपस्थिति मे दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन की घोषणा की गई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत नोटिसों के तामिला के लिये बैठक

**नवादा (नि.सं.)**। आगामी 13 जुलाई, 2024 को निष्पादित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नोटिसों के तामिला के संबंध में प्रोसिक्यूशन सेल के प्रभारी की हुई बैठक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में नोटिसों के तामिला के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया प्रोसिक्युशन सेल (अभियोजन शाखा) के प्रभारी उपस्थित हुए। प्रोसिक्यूशन सेल के प्रभारी को निर्देश दिया गया कि विभिन्न न्यायालयों द्वारा निर्गत नोटिसों का तामिला थाना के माध्यम से एवं चौकीदार के माध्यम से कराकर तामिला प्रतिवेदन अविलंब अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करायें जिससे कि उक्त वादों का निष्पादन आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके।

# कार्यपालक अभियंता ने की योजना की जांच

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)**। ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में अपीलीय प्राधिकार मनरेगा लोकपाल के न्यायालय के निर्देश पर बुधवार को कौआकोल प्रखंड के सेखोदेवरा पंचायत में वर्ष 2016-21 में तत्कालीन मुखिया द्वारा मनरेगा की योजनाओं से कराए विभिन्न कार्यों की अनिल कुमार, कार्यपालक अभियंता मनरेगा, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण नवादा एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रमोद मिस्त्री ने धरातल की जांच किया। इस दरम्यान दोनों अधिकारियों ने पंचायत के बनीया आहर एवं गफ्फार मियां के खेत तक पीने की सफाई कार्य की जांच की। तथा रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को सुपूर्द करने की बात कही। मौके पर मनरेगा के पीटीए सरोज कुमार, तत्कालीन पंचायत रोजगार सेवक उपेन्द्र कुमार के अलावा शिकायत कर्ता वालमुकुंद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव, सरपंच गोपाल रजक, राजेन्द्र प्रसाद, रामनंदन राउत समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# रजौली में पहली बार लगा डिजनीलैंड मेला महिलाओं एवं बच्चों को कर रहा आकर्षित

- **मेला का आयोजन प्रत्येक दिन शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा रहा है। मेला संचालक ने कहा कि वे बीते 30 वर्षों से मेला का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने मेला आनेवाले लोगों की सुख-सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखा है। मेला के द्वार पर बाइकों एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है।**



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट स्कूल के बगल में पहली बार डिजनीलैंड मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला बच्चों एवं महिलाओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंच कर परिजनों के साथ खुशी के पल बिता रहे हैं।बीते मंगलवार की रात्रि सीओ मो गुफरान मजहरी एवं अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार मेला पहुंचकर सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया। साथ ही मेला के व्यवस्थापक रंजीत साव एवं सहयोगी मनीष कुमार को आवश्यक निर्देश दिए। सीओ ने कहा कि मेले में पार्किंग से लेकर आने एवं जाने तक की व्यवस्था ठीक है। वहीं मेले में लोगों की सुरक्षा एवं शरारती तत्वों की गतिविधियों को लेकर लगभग एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगाया गया है। सीओ ने कहा कि मेला व्यवस्थापक को अपने वोलेंटियर को एक आईकार्ड गले में लगाकर रखने का निर्देश दिया गया है। ताकि आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी हो, तो वे आसानी से मेलाकर्मी से मिलकर उन्हें सूचित कर सकें। साथ ही कहा कि मेले में सभी लोग अपने-अपने परिजनों के साथ खूब इंजॉय करते दिखाई दिए। वहीं अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि लोगों की सुरक्षा हेतु गश्त वाहन को तेज करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही चौकीदारों को लगातार भ्रमण करने को निर्देशित किया गया है। डिजनीलैंड मेला के व्यवस्थापक रंजीत साव ने कहा कि वे बीते माह में नवादा में मेला का संचालन कर रहे थे। 14 अप्रैल को नवादा में मेला समाप्त होने के बाद वे 12 मई से रजौली में मेला का संचालन कर रहे हैं। मेला का संचालन 23 जून तक किया जाना सुनिश्चित है। मेला का आयोजन प्रत्येक दिन शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा रहा है। मेला संचालक ने कहा कि वे बीते 30 वर्षों से मेला का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने मेला आनेवाले लोगों की सुख-सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखा है। मेला के द्वार पर बाइकों एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है। वहीं मेला में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय एवं बेसिन की भी व्यवस्था की गई है। मेला में आमलोगों के लिए नौका, आसमान तारा अर्थात तारामाची, ड्रैगन ट्रेन एवं ब्रेक डांस, बच्चों के लिए मिक्की माउस एवं जम्पिंग स्टॉल के अलावे छोटे-छोटे कई प्रकार के झूले की व्यवस्था की गई है। वहीं मेला में आनेवाली महिलाओं के लिए सुंदर व आकर्षक चूड़ी एवं किचेन सजाने के सामान के दुकान भी है,जहां महिलाओं का भीड़ लग रहता है। मेला व्यवस्थापक ने कहा कि घूमने आए लोगों के लिए खाने-पीने हेतु मुजफ्फरपुर से आये हलवाई द्वारा स्वादिष्ट जलेबी, आइसक्रीम, हवा मिठाई, भेलपुरी, चाउमीन, मंचूरियन, मोमोज, चाट आदि की व्यवस्था की गई है। डाकबंगला चौराहा के समीप से डिजनीलैंड मेला घूमने आई जीविका दीदी इंदु कुमारी ने कहा कि वे बच्चों की जिद पर मेला आई थी। मेला घूमते-घूमते कैसे दो-ढ़ाई घण्टा बीत गया,इसका पता ही नहीं चला।उन्होंने कहा कि मेला में रिल्स बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले लोगों के लिए घूमने वाला रिल्स मेकर मोबाइल स्टैंड के साथ लगा हुआ है।जहां बच्चों से लेकर महिलाएं तक गानों पर वीडियो शूट करवा रहे हैं।साथ ही कही कि इस प्रकार के मेला का आयोजन रजौली में इससे पहले कभी नहीं हुआ था।मेला में रजौली एवं आसपास की महिलाएं एवं बच्चे खूब मजे ले रहे हैं।

# सदर अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत पर बवाल, परिजनों ने किया हंगामा



**नवादा (नि.सं.)**। सदर अस्पताल में प्रसव के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया और हंगामा किया। इसके बाद डॉक्टर और नर्स हंगामा देखकर अपने चैंबर से फरार हो गए। मृतक की पहचान तकिया पर मोहल्ला निवासी मो.नेयाज की पत्नी मुसरत परवीन के रूप में की गई है। पति ने बताया कि आज सुबह अपनी पत्नी का प्रसव कराने के लिए सदर अस्पताल आए थे, जहां डॉक्टर की लापरवाही के कारण जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। एक साल पहले ही मेरी शादी हुई थी और पहले बच्चे की डिलीवरी करवाने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे थे। लापरवाही के कारण पत्नी की मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिसने मेरी पत्नी को ब्लड चढ़ाया है, वह एक घंटे के अंदर ही चढ़ था जिसके कारण उसकी मौत हुई है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एसडी अय्यर ने बताया कि मेडिकल बोर्ड बैठाई गई है। जांच के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बुधवार को मेडिकल टीम बैठेगी। मौत की जांच शुरू की जाएगी। उपाधीक्षक ने कहा कि मेडिकल टीम में मेरे अध्यक्षता के देखरेख में आयोजित की जाएगी। इस मेडिकल टीम में डॉक्टर प्रभाकर सिंह, डॉक्टर देवव्रत, डॉ दीपा किरण सभी लोग 11:00 बजे मेडिकल टीम में उपस्थित होंगे। वहीं मृतक के परिजन भी इस मेडिकल टीम में शामिल होंगे। जिला पदाधिकारी के आदेश पर मेडिकल टीम की गठन की गई है। मेडिकल टीम गठन होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी अविनाश कुमार आने का की पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन के हवाले सौंप दिया गया है।

# शिविर में 95 गर्भवतियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

निज संवाददाता

**गोविंदपुर (नवादा)**। गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड क्षेत्र से गर्भवती महिलाएं जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। एएनएम जीएनएम और आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी महिलाओं को बारी-बारी से जांच किया गया। जांचों उपरांत में सभी महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए आयरन कैल्शियम विटामिन के साथ-साथ खान-पान पर विशेष ध्यान रखने के लिए कई तरह के सुझाव दिया गया। गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा डर राजेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाया गया। जिसमें 95 गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि एएनएम जीएनएम के द्वारा महिलाओं का बीपी शुगर एचआईवी हेपेटाइटिस के साथ-साथ वजन का जांच किया गया। जांचों प्रांत में सभी माताओं को एएनएम जीएनएम के निर्देशानुसार पर डॉक्टर के द्वारा दवाई दी गई। सभी माताओं को स्वस्थ रहने के लिए आयरन कैल्शियम विटामिन की भी दवाई दी गई है। इसके अलावे हरी सब्जी फल खाने के लिए दिशा निर्देश दिया गया है। साथ ही साथ शारीरिक व्यायाम के लिए भी बताया गया है ताकि स्वस्थ रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं०– टीआरएस–जी–आरटीएनडी–ओपीएन–02–2024–25, दिनांक– 18.05.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित, अनुभवी ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **1. निविदा सं० एवं कार्य का विवरण स्थान सहित :** "ए एम सी ऑफ कैब एसी माउंटेड ऑन रूफ ऑफ 3–फेस (WAG-9) इलैक्ट्रिक लोकोमोटिव ऑफ इलैक्ट्रिक लोको शेड/डीडीयू। (क्वान्टिटी=18, लोको=36 यूनिट ऑफ कैब एसी) फॉर थ्री ईयर्स। विद्युत लोको शेड– पंडित दीन दयाल उपाध्याय, **2. अनुमानित लागत :** रु० 63,08,671.16, **3. धरोहर राशि :** रु० 1,26,200.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक– 14.06.2024 समय 13:00 बजे तक दिनांक– 14.06.2024 समय 15:00 बजे, **5. वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण का जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी०/कचस्टा विद्युत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

**मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा**
**पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०**

**पीआर/00315/डीडीयू/ईटीआरएस/टी/24–25/36**

**फॉर्मेट सी-1**

**(सामाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्तम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**प्रत्याशी का नाम एवं पता** : पवन सिंह, 90, ग्राम- जोकहरी, आरा, महुली घाट, भोजपुर, बिहार।

**राजनीतिक दल का नाम** : निर्दलीय

**निर्वाचन का नाम** : लोक सभा चुनाव 2024

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम** : 35- काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, बिहार

**मैं पवन सिंह, जो उपरोक्त निर्वाचन में अभ्यर्थी हूँ, घोषणा करता हूँ कि मेरे विरूद्ध निम्नवर्णित आपराधिक मामले दर्ज है।**

(अ) लंबित आपराधिक मामलेः-

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | अपराध संख्या एवं दिनांक | मामले की स्थिति | संबन्धित धाराएं एवं संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ए.सी.जे.एम. डेहरी | 110/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 2. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 237/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 3. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 216/2024 | लंबित | 143, 188, 171 एफ भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 4. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 70/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 5. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 56/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 6. | परिवार न्यायालय बलिया | 330सी/2022 | लंबित | 125 सी.आर.पी.सी., भरण पोषण |
| 7. | ए.डी.जे., सिटी सिविल कोर्ट, मुंबई | 630/2019 | उपस्थिति हेतु | 376(2)(एन), 341, 323, 506, 509, 312, 315 भा.द.वि. एवं 66ए, 66ई, 67 आई.टी. एक्ट यौन शोषण, सोशल मीडिया एवं अन्य |

**निर्दलीय प्रत्यशी पवन सिंह द्वारा प्रकाशित।**

वाहनों के आने-जाने की व्यवस्था व ठहराव की व्यवस्था समेत सभी चिह्नित पॉइंट का किया गया निरीक्षण

# पीएम मोदी की सभा को लेकर डीएम और एसपी समेत डीआईजी ने किया निरीक्षण



निज संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 मई को सुअरा हवाई अड्डा में होने वाली चुनावी सभा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सभास्थल का निरीक्षण शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा, डीएम नवीन कुमार व एसपी विनीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अधिकारियों द्वारा हवाई अड्डा परिसर में बन रहे हेलीपैड, मंच, श्रोताओं के बैठने की व्यवस्था, पीएम की सुरक्षा को लेकर की जाने वाली दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती, वाहनों के आने-जाने की व्यवस्था व ठहराव की व्यवस्था समेत सभी चिह्नित पॉइंट का निरीक्षण किया गया। इसमें यह तय किया गया कि हवाई अड्डा परिसर के अंदर किसी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। हवाई अड्डा परिसर में कुल चार हेलीपैड बनाए जा रहे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके सुरक्षा में लगे सेना की हेलीकॉप्टर के अलावा संभावित तौर पर स्टार प्रचारकों के हेलीकॉप्टर आ सकते हैं। मंच पर प्रधानमंत्री समेत मुख्यमंत्री और कई बड़े नेता के साथ काराकाट प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, सासाराम प्रत्याशी शिवेश राम मौजूद रहेंगे। हवाई अड्डा परिसर के बाहर जमीन से लेकर पेड़ों पर भी अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सादे लिबास में भी विभिन्न प्रकार के सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा के लिए जहां प्रधानमंत्री के मंच परिसर एसपीजी टीम के हवाले रहेगा। जिला स्तर पर डॉग स्क्वायड टीम बम निरोधक दस्ता टीम, एंबुलेंस समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम व अन्य सभी प्रकार की टीमों की तैनाती होगी। वाटरप्रूफ पंडाल में मंच से लेकर दर्शक दीर्घा तक पंखा और कूलर की व्यवस्था भी की जानी है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के मीडिया प्रभारी विशाल सिंह ने बताया कि पंडाल में महिला व पुरुष तथा मीडिया के लिए अलग-अलग जगह बनाया गया है। दर्शकों को कोई परेशानी नहीं हो इस ख्याल से पंडाल को बड़ा बनाया जा रहा है। डीएम नवीन कुमार ने कहा कि स्थल निरीक्षण के बाद पॉइंट चिन्हित किए गए हैं, जहां दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रहेगी।

## जिलाधिकारी ने अपने पदाधिकारियों के साथ 21 किलोमीटर चलाई साइकिल

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** सासाराम लोकसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान कराने के मकसद से कैमूर डीएम सावन कुमार, डीडीसी ज्ञान प्रकाश सहित जिले के वरीय पदाधिकारी प्रयास कर रहे है। इसके तहत कैमूर जिले के मोहनिया एवं भभुआ विधानसभा के कई गांव के वोटर्स को जागरूक करने के लिए डीएम ने अपने पदाधिकारियों के साथ 21 किलोमीटर साइकिल चलाई। साइकिल चला कर मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि एक जून को मतदान करें और अपने कर्मठ एवं विकासशील प्रत्याशी का चुनाव करें। सासाराम लोकसभा क्षेत्र में 1 जून को मतदान होगा। यहां डीएम सावन कुमार को सफल मतदान कराने की चुनौती है। क्योंकि, सासाराम लोकसभा क्षेत्र में 53 बूथ पूर्व से नक्सल प्रभावित रहे हैं। वहीं, मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी भी डीएम की है। इसके तहत मोहनिया स्टेडियम से साइकिल चला कर 21 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए भभुआ के एकता चौक पर आकर साइकिल रैली को समाप्त किया और डीएम ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है। कैमूर डीएम सावन कुमार ने बताया है कि हम लोगों ने 21 किलोमीटर की यात्रा की है।

## 23 और 24 मई को सीएम नीतीश की रोहतास में जनसभा, चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीएम नीतीश कुमार लगातार दो दिन रोहतास जिले के दौरे पर होंगे। 23 को वो करगहर और 24 को नोखा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि 23 और 24 मई को मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का आगमन हो रहा है। बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश 23 मई को रोहतास में सासाराम लोकसभा के करगहर और 24 मई को काराकाट लोकसभा के नोखा में जनसभा को संबोधित करेंगे। 23 मई को 10:40 बजे करगहर के जगजीवन स्टेडियम में और 24 मई को 11:10 बजे नोखा के बाजार समिति के प्रांगण में जनसभा को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि सासाराम में भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम और काराकाट से रालोमो उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के लिए नीतीश कुमार वोट मांगेगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री का यह दौरा लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री के विचारों को जानने के बाद और उनके बातों को सुनने के बाद लोग केंद्र में एक मजबूत एनडीए सरकार बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने रोहतास जिले की जनता से अनुरोध किया है कि वह बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री की बातों को सुनने के लिए सभा में उपस्थित हो।

## वाहन जांच के दौरान 3.83 लाख रुपए बरामद



**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** सासाराम संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर कैमूर पुलिस की ओर से जगह-जगह वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग के एनएच दो पर पछाहगंज के पास रोहतास और कैमूर की सीमा पर बने जांच चौकी पर वाहन जांच के दौरान पंजाब नंबर प्लेट की गाड़ी से तीन लाख 83 हजार रुपए जब्त किया गया। वाहन मालिक से पूछताछ करने पर देवघर से पटियाला जाने की बात बताई गई। पैसे को लेकर किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए पैसे की जब्ती सूची बनाकर आयोग की साइट पर डाल दिया गया। वहीं, थाना में मौजूद मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने बताया कि वाहनों की जांच लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रह थी। इसी बीच पंजाब नंबर की गाड़ी को रोका गया और जब उसकी जांच की गई तो उसके अंदर से पैसे बरामद हुए। इसके साथ ही जानकारी देते हुए कुदरा थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि कुल 3 लाख 83 हजार रुपए बरामद किया गया है।

## क्विज़ीकॉम-क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता

**जमुहार (रोहतास)।** वाणिज्य संकाय गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा क्विज़ीकॉम -क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर और एम.कॉम द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रश्नों की प्रकृति को देखे तो करेंट अफेयर्स, अकाउंटिंग, अर्थशास्त्र, मानव संसाधन प्रबंध, विपणन प्रबंधन और सामान्य अध्ययन के क्षेत्र मुख्य रूप से रहे। आयोजित प्रतियोगिता दो चरण में पूर्ण हुई। प्रथम चरण में 100 सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें कुल 20 उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन द्वितीय चरण के लिए किया गया। द्वितीय एवं अंतिम चरण में प्रथम स्थान यशी सिंह बीकॉम छठा सेमेस्टर , द्वितीय स्थान रौशन कुमार सोनी बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर, और तृतीय स्थान संयुक्त रूप जैस्मिन प्रवीन छठा सेमेस्टर और सूरज कुमार द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। प्रथम चरण के संयोजक और सहसंयोजक के रूप में संकाय से डॉ विशाल कुमार व सुश्री चित्रा राव रही। वही अंतिम चरण के संयोजक और सहसंयोजक के रूप में डॉ मयंक कुमार राय और डॉ नवेंदु निधान रहे। वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ आशुतोष द्विवेदी ने अव्वल छात्रों के नाम की घोषणा करते हुवे उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया और संकाय के समस्त शिक्षक का इस उत्कृष्ट आयोजन हेतु हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दोस्त के साथ नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**रामगढ़ (कैमूर) (नि.सं.)।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में ओड़िया डीह गांव के पास दुर्गावती नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। दरअसल युवक दोस्त के साथ नहाने गया था और गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। वहीं उसका दोस्त किसी तरह पानी से बाहर निकला और लोगों को बुलाया। आस पास मवेशी चरा रहे लोगों ने नदी में डूब रहे युवक को बाहर निकाला। इसके बाद युवक को इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## पवन सिंह ने वचन पत्र जारी कर गिनाई अपनी प्रथमिकताएं

निज संवाददाता



**काराकाट (रोहतास)।** बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने अगले पांच साल के लिए अपना मैनिफेस्टो जारी किया है। जिसे उन्होंने वचन-पत्र नाम दिया है। सोशल मीडिया के माध्यम से जारी इस वचन पत्र में पवन सिंह ने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी योजनाओं और प्राथमिकताओं को जनता के सामने रखा है। सोशल मीडिया पर अपना वचन पत्र जारी करते हुए पवन सिंह ने लिखा, हमने अपने वचन पत्र में प्राथमिकता के आधार पर खुद को संकलित किया है कि हम सब मिलकर काराकाट लोकसभा को एक नई पहचान देंगे और इसे एक विकसित, समृद्ध और मजबूत लोकसभा बनाएंगे।

**पवन सिंह ने गिनाई प्राथमिकताएं-**

रोजगार के नए संसाधनों का विस्तार होगा, जैविक और आधुनिक कृषि को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जल भंडारण, पेयजल एवं सिंचाई जल की समुचित व्यवस्था की जायेगी, फिल्म इंडस्ट्री बनाएंगे, कलाकारों को उचित सम्मान मिलेगा, वर्षों से बंद पड़े पाली पुल को जल्द से जल्द चालू कराएंगे, डालमिया नगर में बंद पड़ी फैक्ट्रियों को फिर से संचालित किया जाएगा और नए उद्योगों का विस्तार किया जाएगा। आईटी पार्क बनाएंगे, जिससे रोजगार के संसाधन बढ़ेंगे। माघ संक्रांति और कार्तिक छठ का भव्य मेला आयोजित कर और सरकारी महोत्सव शुरू कर हम अपनी संस्कृति और परंपरा को पहचान दिलाएंगे। मां ताराचंडी मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जायेगा। रेल और सड़क कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा, जो औद्योगिक क्षेत्र की क्रांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पर्यटन के दृष्टिकोण से रोहतास एवं औरंगाबाद स्थित सभी धार्मिक स्थलों एवं रोहतास किला का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जायेगा।

एम्स की तर्ज पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। तकनीकी क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जायेंगे। सोन नदी पर मरीन ड्राइव की तर्ज पर सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण किया जायेगा। काराकाट लोकसभा में पड़ने वाले प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव बढ़ाया जाएगा और सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण के लिए हम लघु उद्योग स्थापित करेंगे. जैसे सिलाई केंद्र, अचार फैक्ट्री, पापड़ उद्योग, सेनेटरी नैपकिन (पैड) निर्माण केंद्र आदि जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। हम ब्लॉक स्तर पर महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन (पैड) वितरण केंद्र खोलेंगे. जिससे सेनेटरी नैपकिन (पैड) मुफ्त में मिलेंगे। संसदीय वेतन को लड़कियों की शिक्षा और 18 वर्ष से अधिक उम्र की गरीब बेटियों की शादी पर खर्च किया जाएगा। महिलाओं के लिए स्मार्ट पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाएगा। खेल एवं खिलाड़ियों के हित एवं खेलों में आकर्षक करियर विकल्पों के लिए राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाया जायेगा।

## गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत

निज संवाददाता

**जमुहार (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्याल के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के छात्रों के चयन हेतु विभिन्न कंपनियों के आने का क्रम शुरू हो गया है। इसी क्रम में कृषि क्षेत्र में प्रतिष्ठित कंपनी आइ जी ओ एग्री टेक का आगमन हुआ। कंपनी अपने दो दिवसीय प्लेसमेंट कार्यक्रम के तहत छात्रों का चयन करेंगी। संस्थान के निदेशक डॉ. एच. के. सिंह ने इस मौके पर हर्ष जताते हुए छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्याल के कुलपति डॉ.एम.के. सिंह, सचिव गोविन्द नारायण सिंह तथा विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ मेंबर मोनिका सिंह ने खुशी व्यक्त की। इस मौके पर प्लेसमेंट सेल, नारायण कृषि संस्थान के इंचार्ज डॉ.ए. के. सिंह ने प्लेसमेंट ड्राइव के तहत अधिक से अधिक छात्रों का आगामी कृषि और उससे संबंधित विभिन्न कंपनियों में चयन हेतु शुभकामना दी तथा प्लेसमेंट सेल के सदस्यों डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. नितेश सिंह एवं डॉ. विकाश सिंह, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह और डॉ. सुभाजीत पाल के कार्यों की भी सराहना की।

### प्रबंधन विभाग में पुन : चलाया गया 'प्लेसमेंट ड्राइव'



- दो बड़ी कम्पनियों ने लिए साक्षात्कार
- कोर्स पूर्णता के पहले सभी विद्यार्थियों का हो जाएगा चयन।

वहीं, प्रबंधन विभाग में दो बड़ी कम्पनियों, इटालियन इंटरनेशनल और एस आई एस इंडिया लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव एमबीए के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। लगभग 60 इच्छुक विद्यार्थियों ने आवेदन किया तथा कई राउंड टेस्ट के पश्चात् 31 विद्यार्थी फाइनल साक्षात्कार तक पहुंच गए। बहुत शीघ्र इसका भी परिणाम आ जाएगा तथा जुलाई में फाइनल परीक्षा के पहले ही विद्यार्थियों के पास अपॉइंटमेंट पत्र पहुंच जाएगा।संस्थान के ट्रेनिंग प्लेसमेंट समन्वयक डॉ भवानी शंकर गुप्त ने बताया कि आगामी दो हफ्तों में आधा दर्जन बड़ी कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट हेतु आएंगी और समस्त एमबीए के विद्यार्थियों को चयनित कर लेंगी। ज्ञात हो कि सत्राप 2018 से ही प्रबंधन शिक्षा संकाय ने अध्ययन अध्यापन ट्रेनिंग प्लेसमेंट इत्यादि पहलुओं पर बहुत अच्छा कार्य किया है जिसके स्वरूप कैंपस प्लेसमेंट यहां बहुत अच्छे रहे हैं। यहां तक कि बीबीए के भी विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। संस्थान में डीन इन चार्ज प्रो रजनीश रतन ने बताया कि आगामी सत्र से एमबीए में बैंकिंग, वित्तीय सेवा, सप्लाई चेन एवं हॉस्पिटल प्रबंधन में भी विशेषीकरण देने की योजना है जिससे प्लेसमेंट और उच्चीकृत हो सकेंगे। एमबीए बीबीए पाठ्यक्रम दोनो ही एआईसीटीई भारत सरकार से मान्यता प्राप्त हैं। इस अवसर पर डॉ अमित रंजन, डॉ सौरभ सिंघा रॉय, डॉ अजय भूषण प्रसाद, आदि उपस्थित रहे। संस्थान के पूर्व डीन प्रो आलोक कुमार, पूर्व निदेशक प्रो कुमार आलोक प्रताप तथा सचिव गोविंद नारायण सिंह ने उपलब्धियों हेतु डॉ गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

## अज्ञात लोगों ने घर में लगाई आग, एक घायल

**जहानाबाद (नि.सं.)।** जहानाबाद के टेहटा थाना क्षेत्र में मनियारगज गांव में अज्ञात लोगों ने रवि रंजन कुमार नामक व्यक्ति के घर में आग लगा दिया। इसके कारण एक मवेशी की मौत हो गई और घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। अज्ञात बदमाशों ने इश दौरान रवि रंजन को मारकर घायल भी कर दिया। उसका इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। एसडीपीओ राजीव कुमार ने बताया कि अज्ञात लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। घायल व्यक्ति गांव में ही दुकान भी चलाता है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है और उसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जाएगा।

मक्का के माल लदान में पूर्व मध्य रेल द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित

## चालू वित्त वर्ष में 20 मई, 2024 तक मक्के के कुल 172 रेक का किया गया लदान

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** मक्का के लदान के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल द्वारा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के 20 मई, 2024 तक (अर्थात् 01 अप्रैल, 2024 से 20 मई, 2024 तक) कुल 172 रेक मक्का का लदान किया गया जिससे 62.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के पूरे वर्ष में पूर्व मध्य रेल द्वारा कुल 311 रेक मक्के का लदान किया गया था तथा इससे 146 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। विदित हो कि मक्का का लदान पूर्व मध्य रेल के सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडलों से मुख्यतः उत्तरी भारत के अम्बाला, रूद्रपुर आदि स्टेषनों तथा दक्षिण भारत के ईरोड एवं तिरूपुर आदि स्टेषनों के लिए किया जाता है।

चालू वित्तीय वर्ष में 20 मई, 2024 तक सोनपुर मंडल द्वारा 100 रेक का लदान किया गया है जिससे 35 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे वर्ष में 189 रेक के लदान से 85 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार चालू वित्तीय वर्ष में 20 मई, 2024 तक समस्तीपुर मंडल द्वारा 72 रेक का लदान किया गया है जिससे 27.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे वर्ष में मक्के के 122 रेक के लदान से 61 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था।

## तेजाबी छुअन के साथ लघुकथा का अंत करने वाली जीवंत लघुकथा लेखिका है निशा भास्कर : सिद्धेश्वर

निज संवाददाता

**पटना।** कहते हैं लोग कि लघुकथाओं की बाढ़ सी आ गई है। इस बात को मैं स्वीकार नहीं करता, क्योंकि लघुकथा के नाम पर जो कुछ आज(अधिकांशतः) परोसा जा रहा है, वह लघुकथा है ही नहीं या तो लघु कहानी है या कहानी का प्लॉट 1 छोटे आकार में कुछ भी लिख देना लघुकथा नहीं 1 सच पूछे तो लघुकथा, हिंदी ग़ज़ल और कविता की तरह एक बहुत ही नाज़ुक विधा है। छंदमुक्त कविता की तरह यह आज़ाद नहीं है और न ही सपाटबयानी कविता की तरह कविता के सारे हिसाब -किताब से दूर ही है 1 लघुकथा का अपना शास्त्रीय आकार प्रकार आरंभ और अंत होता है और वह कालदोष से मुक्त होता है 1 किंतु इन बातों को बहुत कम लोग स्वीकार करते हैं या उपयोग में लाते हैं, जो लघुकथा के साथ मखौल है 1 भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वावधान में, गूगल मीट के माध्यम से, फेसबुक के अवसर साहित्यधर्मी पत्रिका के पेज पर, हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन का संचालन करते हुए संयोजक सिद्धेश्वर ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया। अपने अध्यक्षीय टिप्पणी में लेखिका सुनीता मिश्रा ने कहा कि जितना हम समझते है लघुकथा लिखना उतना सरल नहीं है। लघुकथा लेखन एक साधना है। यह संक्षिप्तता का संयोजन नहीं है, बल्कि शिल्प और भावनाओं की अभिव्यक्ति भी है। जब गरम तवे पर, हथेली में ठंडा पानी लेकर छिड़कते है और उससे उत्पन्न छन्न की आवाज़ होती है तो यह लघुकथा का पंच होता है। लघुकथा पढ़कर, अंत में बिना किसी दवाब के एकदम से पाठक के मुँह आह या वाह निकल पड़े, यह होती है लघुकथा। लघुकथा विसंगतियों की पकड़ है उन पर प्रहार है। विसंगतियाँ हमारे जीवन में चारों ओर फैली हैं, समाज में परिवार में, धर्म में, राजनीति में यहाँ तक कि दैनिक कामकाज में हम इनसे अनेको बार दो चार होते हैं। हमें इनकी पड़ताल नहीं करनी पड़ती यह हमारे विचारों में मौजूद हैं। हमारी सोच, हमारी क्रियाओं में सम्मिलित हैं। लघुकथा चिंतन है, मनन है, और मंथन है 1लघुकथा के शिल्प की बात करें, तो इसमें कथानक और कहन जुड़े है। इसकी बुनावट कसी हुई होनी चाहिए। लघुकथा अनावश्यक विस्तार नहीं चाहती। शब्दों की फिजूल खर्ची से इसे परहेज है। पात्रों की अधिक संख्या भी लघुकथा में भ्रामक स्थिति पैदा करती है। योगराज प्रभाकर एवं कांता राय भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। अध्यक्ष सुनीता मिश्रा ने कहा कि अपने पटल पर हर बार एक वरिष्ठ साहित्यकार को मुख्य अतिथि के रूप में पेश कर सिद्धेश्वर नवोदित साहित्यकारों के लिए बहुत बड़ा कार्य कर रहे हैं उन्हे साधुवाद है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखिका निशा भास्कर ने एकल लघुकथा पाठ में अपनी आधा दर्जन लघुकथाओं का पाठ किया 1 उनकी पढ़ी गई लघुकथाओं पर अपनी डायरी प्रस्तुत करते हुए सिद्धेश्वर ने कहा कि -' कौन कहता है लघुकथा का विकास नहीं हो रहा? लघुकथा में नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं, यह संकेत मिलता है निशा भास्कर की लघुकथाओं को पढ़ते हुए।

## गायब हुई महिला प्लेटफार्म के पास मिली बेहोश

**कुदरा (कैमूर) (नि.सं.)।** कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र की एक विवाहिता सामान खरीदारी करने अपने घर से कुदरा आई थी। वह अचानक वह गायब हो गई। महिला जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं उसका पता नहीं चला। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत कुदरा थाना को दिया और बरामदगी को लेकर गुहार लगाई गई। पुलिस द्वारा ढुलमुल रवैया अपनाते हुए उनके द्वारा दिए गए आवेदन पर किसी भी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं की गई। तीन दिन बाद महिला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के पास मिली जहां से वह अपने परिजनों को फोन कर जानकारी दी और फिर बेहोश हो गई। जब परिजन को पता चला तो उन्होंने कुदरा थाने को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने खुद जाने के बजाय परिजनों को ही पीड़िता को लेकर अस्पताल जाने की सलाह दे डाला। मौके पर पहुंचे उसके पिता और घर वालों द्वारा उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा लाया जहां चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया।

## आज से 26 मई तक मरीन ड्राइव पटना पर होगा ड्रोन शो का आयोजन, बिहार की विकास यात्रा बतायेगा ड्रोन

**पटना में गूंजेगा, 'मोदी संग बिहार', 'फिर एक बार मोदी सरकार'**

निज संवाददाता



**पटना।** पटना ने एक अनूठे कार्यक्रम की तैयारी कर ली है। यह तैयारी है बिहार में हुए अब तक के विकास कार्यो की जानकारी देने की। होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और सोशल मीडिया पर भले ही प्रचार-प्रसार ने जोर पकड़ ली है। लेकिन इसे धरातल पर उतारने के लिए 'ड्रोन' एक सशक्त माध्यम है, जिसका प्रयोग अबकी होने जा रहा है। जी हां, देश में अब तक हुए विकास कार्यों का लेखाजोखा ड्रोन बताएगा। इसके लिए मुकम्मल तैयारियां कर ली गयी है। समस्त बिहारवासी मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखने को इच्छुक हैं। मोदी जी के द्वारा महिलाओ के उत्थान के कार्यों के कारण महिलाओं में मोदी जी काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। पिछले 10 वर्षो मे मोदी जी ने बिहार की बुनियादी ढांचे को बदल कर रख दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों ने बिहार के हर वर्ग को प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी और बिहारवासियो के बीच इस प्यार और सम्मान को दर्शाने के लिए ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पटना स्थित मरीन ड्राइव पर प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार में अब तक हुए विकास कार्यों का प्रदर्शन किया जायगा। इस कार्यक्रम के द्वारा बिहार के गौरवपूर्ण इतिहस को भी दर्शाया जाएगा। आज सायं 6 से 7 बजे पटना के मरीन ड्राइव पर भव्य ड्रोन शो का आयोजन होगा जो 26 मई तक प्रतिदिन सायं 6 से 7 बजे होगा। इस प्रस्तुति में ड्रोन से आसमान में 200 फिट की ऊंचाई पर लगभग 300 मीटर की चौड़ाई में दिखाई जायेगी विविध कलाकृतियां जो पटना के लोगों का मन मोहित करेंगी। इस ड्रोन शो में 1000 स्मॉल नेनो केटेगरी ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से भारत की कंपनी ने डिजाइन और मेनुफेक्चर किया है। प्रत्येक ड्रोन का वजन लगभग 250 ग्राम है। यह ड्रोन शो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की आधुनिक चुनाव प्रचार के अनूठे अंदाज को प्रस्तुत करता है। 26 मई तक मरीन ड्राइव आने वाले सभी दर्शक इस ड्रोन शो के साक्षी बनेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज उत्पीड़न को लेकर एफआईआर दर्ज, पुलिस मामले की कर रही जांच

**बक्सर।** दहेज के लिए विवाहिता के साथ मारपीट करने के दो मामले महिला थाना में दर्ज कराई गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद महिला थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। महिला थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोरान सराय थाना क्षेत्र के रेंका गांव निवासी गणेश यादव की पुत्री निशु कुमारी की शादी कोरान सराय थाना क्षेत्र के ही परमानपुर गांव के बिरबल यादव के पुत्र भीखारी यादव के साथ 20 मई 2022 को हुई थी। शादी के बाद दोनों के बीच छह माह की बच्ची है। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में बाइक के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करते थे। बाइक की मांग पुरी नहीं होनें पर विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में विवाहिता ने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं दूसरा मामला शहर के गजाधरगंज मोहल्ले की है। गजाधरगंज मोहल्ले के राम जी पांडेय की पुत्री देवन्ती की शादी वर्ष 2001 में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव के बरमेश्वर राय के पुत्र पप्पु राय के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही विवाहिता के दहेज में पांच से छह लाख रुपए की मांग की जा रही थी। दहेज में पैसा नहीं मिलने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। महिला थानाध्यक्ष सुजाता कुमारी ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ने जेल का किया औचक निरीक्षण



**आरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर ब्रजेश कुमार मालवीय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने मंगलवार को मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। जेल में दोषसिद्ध एवं विचाराधीन बंदियों से मुलाकात कर जेल में आवासन, भोजन, सफाई, इलाज इत्यादि का जायजा लिया। जिला जज ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नाश्ता, भोजन और मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा ना होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालय, रसोई घर, वार्ड एवं जेल परिसर की साफ सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने बंदियों को शिक्षा परक एवं रोजगार परक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश दिया। साथ ही महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों से मुलाकात कर जिला जज ने उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोईघर एवं तैयार हो रहे भोजन का भी जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधा मुहैया करने का निर्देश दिए और कहा की प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की ढिलाई न किया जाए। मॉडल प्रिजन मैनुअल 2016 एवं मॉडल कारा एवं सुधार अधिनियम 2023 के प्रावधानों का समुचित ढंग से अनुपालन सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदानकर्मियों को जिलाधिकारी ने किया शोकॉज



**आरा।** महाराजा कॉलेज में 194 आरा के मतदान दल का द्वितीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम से पूर्व जिलाधिकारी, महेंद्र कुमार ने सभी मतदान दल की ब्रीफिंग की। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान, वितरण केंद्र पर, मतदान के पूर्व, मतदान के दौरान एवं मतदान समाप्ति के समय, मतदान के कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने निर्वाचन में प्रशिक्षण का महत्व एवं मतदान दल के महत्व को समझाया। 194 आरा के एआरओ भूमि सुधार विभाग के उपसमाहर्ता ने प्रशिक्षण से मतदान समाप्ति तक के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं, डिस्पैच केंद्र, मतदान से एक दिन पूर्व, मतदान से दो दिन पूर्व, मतदान केंद्र पर व्यवस्था, रिसीविंग केंद्र, पैकेट की जानकारी दी। प्रथम पाली में 776 में 773 मतदान कर्मी उपस्थित हुए। द्वितीय पाली में 776 में 774 मतदान कर्मी उपस्थित थे। अनुपस्थित 5 कर्मियों पर स्पष्टीकरण करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के द्वारा पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षण में उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर, अपर समाहर्ता (विशेष कार्यक्रम) मोना झा, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल ऋषभ राज समेत कई पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### युवक की पिटाई, घायल का चल रहा इलाज, ट्रैक्टर ले जाने के लिए रास्ते में खड़ी कार को हटाने को लेकर हुआ था विवाद




**बक्सर।** बक्सर के नियाजीपुर में मारपीट के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि गांव स्थित मां काली मंदिर के सामने खड़ी कार हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद में जमकर मारपीट हुई। इसमें मनोज पाठक नामक युवक के सिर पर चोट लगने से सिर फट गया। जो गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया। घटना के मामले में घायल युवक ने बताया कि सुबह मां काली मंदिर में पूजा करने गया था। इसी बीच नामजदों ने पहुंच कार को वहां से हटाने को कहा। हालांकि, कार सड़क किनारे खड़ी की थी। लेकिन कार न हटाने को लेकर पहले तू-तू मैं-मैं हुआ। इसके बाद मारपीट करने लगे। इसमें 5 लोगों ने मिलकर मुझे घायल कर दिया। यह देख आसपास के लोगों ने मिल मेरी जान बचाई नही तो वह मुझे पूरी तरह से हत्या का प्लानिंग बनाए आए थे। ओपी अध्यक्ष लाल बाबू ने बताया कि घायल युवक ने 5 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जबकि दूसरे पक्ष द्वारा भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दूसरे पक्ष का कहना है कि वह ट्रैक्टर लेकर खेतों की तरफ जा रहे थे। रास्ता रोककर कार रास्ते पर खड़ी कर दी गई थी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ। हालांकि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है दोनों पक्षों के बीच पूर्व से विवाद चला आ रहा है। पुलिस इसमें आगे की करवाई कर रही है।

# ट्रैक्टर चालक का शव बरामद बॉडी पर मिले चोट के निशान

## 1 माह पहले वाहन मालिक से हुआ था विवाद, परिजनों ने लगाया हत्या आरोप

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में एक ट्रैक्टर चालक की पीट-पीटकर हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उसका शव तरारी थाना क्षेत्र के सरफोरा मोड़ स्थित सड़क किनारे से बुधवार की सुबह बरामद हुई है। मृतक के पेट और पीठ पर घसीटने का काला निशान, दाहिना जांघ फुल हुआ है। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत जमोढ़ी गांव निवासी स्व. पलू राम का 26 वर्षीय पुत्र शत्रुधन पासवान उर्फ मोलवी है। वह बिहटा बालू घाट पर ट्रैक्टर चलाता था। मृतक के बड़े भाई प्रमोद पासवान ने बताया कि वह तरारी गांव निवासी विजय बैठा का ट्रैक्टर बिहटा बालू घाट पर चलाता था। एक माह पूर्व उसी बालू घाट पर दूसरे गाड़ी मालिक से उसका और उसके मालिक विजय बैठा का झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर गाड़ी मालिक से विवाद चला आ रहा था।

**ट्रैक्टर लेकर निकला फिर घर न लौटाः** प्रतिदिन की भांति मंगलवार की सुबह वह ट्रैक्टर लेकर बालू घाट पर गया था। लेकिन घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने बुधवार की सुबह खोजबीन शुरू की, खोजबीन के दौरान शव बरामद हुआ है। जिसके बाद परिजन ने इसकी सूचना तरारी थाना पुलिस को दी। तरारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**पिछले माह ही हुई थी शादीः** दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई प्रमोद पासवान ने बालू घाट पर एक माह पूर्व हुए झगड़े के विवाद को लेकर गाड़ी मालिक पर उसकी पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने छह भाई व एक बहन ने छोटा था। मृतक की शादी पिछले माह 22 अप्रैल को रोहतास जिला के गोडारी थाना क्षेत्र के सकला बाजार गांव में हुई थी। अभी उसकी दुल्हन की हाथ की मेहंदी छुट्टी भी नहीं थी कि उसके मांग का सिंदूर उजड़ गया।

# PM के कार्यक्रम से पहले संयुक्त किसान मोर्चा निकालेगा मार्च

निज संवाददाता। बक्सर



**बोले-अधिकारियों पर कार्रवाई न होना सरकार की मनसा दर्शाता**

बक्सर में कर्नाटक के 5 बार से विधायक और विधानसभा के उपाध्यक्ष रहे विआर पाटिल ,संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता सुनीलम और समाजवादी नेता अरुण श्रीवास्तव बक्सर पहुंचे। चौसा में किसानों पर हुए कार्रवाई और अधिकारियों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि बक्सर में जिस दिन पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम है। उसके एक दिन पहले 24 मई को बक्सर में शांतिपूर्ण ढंग से काला बिल्ला लगाकर मौन प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा। 22 मई को राज्य भर के प्रमुख किसान संगठन बक्सर में बैठक करेंगे और प्रधानमंत्री के आने के एक दिन पहले बक्सर में शांतिपूर्ण ढंग से काला बिल्ला लगाकर कर मौन प्रतिरोध मार्च निकालेंगे। किसान नेता दिनेश कुमार ने कहा कि ईश्वर पुलिस और प्रशासन को सुबुद्धि दे की किसानों के प्रतिरोध मार्च को रोकने के लिए दमनकारी रवैए से बाज आए। नहीं तो जब बात बढ़ेगी तो दूर तलक जाएगी। बता दें कि चौसा में अपनी मांगों को लेकर 500 से अधिक दिन से धरने पर बैठे किसानों के प्रति हो रहे कार्रवाई और साक्ष्य सबूत होने के बाद अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर किसान संगठनों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि NOC लेकर बक्सर के डीएम और एसपी पर भी FIR दर्ज किया जाएगा। कर्नाटक सरकार के मंत्री रहे और पुराने समाजवादी नेता वीआर पाटिल ने कहा कि 7000 की आबादी वाले इस गांव में अब सिर्फ सन्नाटा पसरा हुआ है। घरों में और आज भी लोग आतंक के साए में इस संशय के साथ जी रहे हैं कि पता नहीं पुलिस कब धावा बोल दे और पिटाई शुरू कर दे। कब पुलिस किसको पकड़ कर ले जाएगी और उसे उस दिन की घटना में शामिल होने का झूठा आरोप लगाकर जेल भेज दें।

# दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा



**पुणे-पटना एक्सप्रेस से कर रहा था सफर**

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ स्टेशन के पूरब साइड अप लाइन पर मंगलवार को ट्रेन से गिरकर मुजफ्फरपुर निवासी एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। इसके बाद ट्रेन में मौजूद एक यात्री ने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**पुणे में नौकरी करता थाः** जानकारी के अनुसार मृतक मुजफ्फरपुर जिला के सरैया थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव निवासी भोला राय का 30 वर्षीय पुत्र रमण कुमार है। वह महाराष्ट्र के पुणे में रहकर प्राइवेट कंपनी में लेबर का काम करता था। मृतक के बड़े भाई पवन राय ने बताया कि वह पटना-पुणे एक्सप्रेस पर सवार हुआ था। बोगी में मौजूद एक यात्री ने फोन कर उसके परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन रेल थाना पहुंचे। परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और पोस्टमॉर्टम गृह में शव की पहचान की। मृतक अपने तीन भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी रिंकू देवी और एक पुत्र आर्यन है।

# आरके सिंह बोले, मन करता भ्रष्टाचारियों का गला घोंट दूं

## केंद्रीय मंत्री ने भ्रष्टाचार पर दी प्रतिक्रिया, कहा- ऐसे लोग मुझे बिल्कुल पसंद नहीं

निज संवाददाता। आरा



आरके सिंह ने जनसभा में भ्रष्टाचारियों को लेकर बड़ी बात कह दी। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे लोग बिल्कुल पसंद नहीं जो लोग भ्रष्टाचार करते। लोग भ्रष्टाचार करते हैं तो मन करता है कि जेल में भेज दें। आजीवन कारावास करा दें, क्या कर दें पता नहीं। उनका सीधा गला ही घोंटने का मन करता है। जो मेरे अंडर भ्रष्टाचार करता है। ये बातें आरके सिंह ने आरा में तब कही जब वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा और बिहार स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत के आगमन पर स्वागत सह अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। जहां उन्होंने सभी वोट देने की अपील भी की। आरा लोकसभा सीट से एनडीए उम्मीदवार आरके सिंह इन दिनों लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। आरा में 1 जून को वोटिंग होने वाली है। विपक्ष में भाकपा माले के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद मैदान में हैं। दोनों ही पार्टी के उम्मीदवार जिले में जनसभा और जनसंपर्क कर रहे हैं।

**पथ निर्माण विभाग के लोग मानते थे सबसे भ्रष्ट विभाग हैः** उन्होंने कहा कि आपको विश्वास नहीं होगा पथ निर्माण विभाग के लोग मानते थे सबसे भ्रष्ट विभाग है। पीडब्ल्यूडी वाले को लगता था यह हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। अंग्रेजों के जमाने से कमीशन, परसेंटेज यह उन लोगों को लगता था जन्मसिद्ध अधिकार है। हमको बस एक महिला लगा उसके बाद कोई परसेंटेज मांगता नहीं था। मैं हमेशा यहीं कहता था पहले आप जो भी किए हो मुझे उससे कोई मतलब नहीं है, मेरे जाने के बाद आप क्या करेंगे मुझे उससे कोई मतलब नहीं है। लेकिन मेरे रहते हुए कोई भ्रष्टाचार नहीं करेगा।

**सौभाग्य है कि मैं आरा का सांसद हूंः** उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है मैं आरा का सांसद हूं। मेरा सौभाग्य है मेरी शादी आरा में हुई है। यह मेरा सौभाग्य है कि पार्टी ने भी स्वतः तय कर लिया मुझे आरा से चुनाव लड़ना है। हमको तो नीतीश जी पूरा मना लिए, पार्टी ज्वाइन करने के लिए। उन्होंने कहा था कि आरा से आपको लड़ाएंगे। लेकिन हमारे कुछ मित्रों ने कहा ये स्टेट पार्टी है और भाजपा सेंट्रल पार्टी है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के फेस हैं।

# 23 मई को मायावती की जनसभा में आने की अपील

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में चुनाव प्रचार के लिए आएंगी बसपा सुप्रीमो, कैंडिडेट अनिल चौधरी ने किया जनसंपर्क

बक्सर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अनिल चौधरी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। बता दें कि बक्सर लोकसभा सीट से राजद के प्रत्याशी सुधाकर सिंह हैं। उनके सामने मुख्य तौर पर एनडीए के मिथिलेश तिवारी कैंडिडेट हैं। बक्सर लोकसभा क्षेत्र के कोटा, गौरा, चौबेपुर आदि लगभग दो दर्जन से ज्यादा गांवों में घूम कर बसपा प्रत्याशी ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश की है। अनिल चौधरी ने उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती की 23 मई को होने वाली सभा के लिए रामगढ़ की जनता को आमंत्रित भी किया है। जनता से भारी संख्या में जुट कर आने की अपील की है। अनिल चौधरी के जनसंपर्क के दौरान लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला है।

**अनिल चौधरी ने विकसित बक्सर का दिया नाराः** बसपा प्रत्याशी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि रामगढ़ को एक आदमी के परिवार ने ही लूटा है। यह समय उन्हें सबक सिखाने का है। एक ही आदमी 55 साल से राज कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश को लूटने का काम किया है। आज भी बहुत सारी जनसंख्या झोपड़ियों में रहने को मजबूर है। एक परिवार के लोग रामगढ़ पर राज करना चाहते हैं। ये हम होने नहीं देंगे। अनिल चौधरी ने विकसित बक्सर का नारा दिया और कहा कि यह बिना बहुजन समाज के विकास के संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि बक्सर के विकास के लिए बहन मायावती के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है। आज वह एक मात्र ऐसी नेता हैं, जो बाबा साहब के संविधान के अनुरूप देश को लेकर चिंतित हैं। हम सभी को उनके हाथों को मजबूत करना है।

**सभी को मिलेगा संविधान के अनुसार अधिकारः** उन्होंने आगे कहा कि बिहार की सरकार और केंद्र की सरकार दलित, शोषित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक विरोधी है। इसलिए समाज के बहुजन कमजोर वर्ग को न्याय तक नसीब नहीं होता है। ऐसा इसलिए है कि इनकी आवाज को उठाने वाला कोई नहीं है। लेकिन, मैं भरोसा देता हूं कि आपका अगर आशीर्वाद मिला, तो मैं बहन मायावती और बाबा साहब के संविधान के अनुसार सभी को अधिकार देने में मदद करूंगा और जुर्म का साम्राज्य खत्म करूंगा।

# ड्रग्स के बदले ईरान में गिरवी भोजपुर का युवक

निज संवाददाता। आरा



♦ विदेश मंत्रालय ने ईरान सरकार से किया संपर्क, छोड़ने के लिए पैडलर्स मांग रहे 2 करोड़

भोजपुर का गौरव अभी तक ईरान में फंसा हुआ है। नौकरी का लालच देकर उसे वहां ले जाया गया था। गौरव ड्रग्स पैडलर के पास गिरवी है। उसे गिरवी रखकर पैडलर्स ड्रग्स लेकर आए थे। पैडलर परिवार वालों से 2 करोड़ रुपए मांग रहे हैं। अब इस मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। परिजनों ने विदेश मंत्रालय से गौरव कुमार को ईरान से भारत वापस लाने की गुहार लगाई थी। मंत्रालय ने गौरव के परिजनों को ई-मेल भेजा है। जिसमें मामले को ईरान के एमएफए प्रतिनिधि के सामने उठाने की बात कही गई है।

**पुलिस इंडियन एंबेसी की मदद ले रहीः** दरअसल भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड अंतर्गत सुखरौली गांव के निवासी मूंगा लाल साह का 23 साल का बेटा गौरव कुमार ईरान में ड्रग्स पैडलर के पास गिरवी है। जिनकी रिहाई के लिए पैडलर ने गौरव के परिवार से फिरौती मांगी है। जिसके लिए एक पाकिस्तानी नंबर का सहारा लिया गया है। गौरव के पिता मूंगा लाल साह ने हसन बाजार थाने में आवेदन दिया है। भोजपुर पुलिस इंडियन एंबेसी की मदद ले रही है। एफआईआर थाने में दर्ज है। हालांकि यह एक अंतर्राष्ट्रीय मामला है। पैडलर लगातार परिवार पर पैसे देने का दबाव बना रहे हैं। पाकिस्तान और ईरान के नंबर से वॉट्सएप कॉलिंग पर धमकी दी जा रही है। जिससे पूरा परिवार सहमा हुआ है।

**तेल कारखाने में नौकरी की बात कहकर ले जाया गया थाः** गौरव कुमार के बड़े भाई राजन कुमार के अनुसार बहनोई गुप्तेश्वर दुबई में एक कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने ही एक व्यक्ति मिस्टर साहू (दलाल) को गौरव का नंबर दिया था। उस व्यक्ति ने गौरव को ईरान में तेल कारखाने में काम लगवाने की बात कही थी। एक महीने का काम कह कर गौरव को ईरान ले जाया गया। ईरान में वह व्यक्ति गौरव को छोड़कर फरार हो गया है। अब लगातार 2 करोड़ रुपए की फिरौती की मांगी जा रही है।

**ईरान जाने से पहले मुंबई गया थाः** गौरव का वीजा का पैसा भी उसी एजेंट के द्वारा दिया गया है। गौरव से एक रुपया भी नहीं लिया गया। बस एक महीने का रिटर्न वीजा था। वहां पर तेल कारखाने में केवल 15 से 20 दिनों का काम कहकर ले जाया गया था। ईरान जाने के लिए गौरव 15 फरवरी को घर से ईरान के लिए पटना जंक्शन पहुंचा। पटना जंक्शन से लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन से मुबंई पहुंचा। जॉब एजेंट कंपनी (इंटरनेशनल किडनैपर गैंग) के खर्च पर मुंबई एक होटल में करीब एक सप्ताह ठहरा। उसके बाद 22 फरवरी को एयर अरबिया एयरलाइंस से शारजाह एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरा। शारजाह में उसे इंटरनेशनल किडनैपर गैंग हैंडलर मिस्टर साहू और सोनू ने रिसीव किया।

# पीठ में मारी गोली बाइक मैकेनिक के सीने में अटकी

निज संवाददाता। आरा

♦ दो साल पुराने विवाद में बदमाशों ने किया हमला, गोली मारने से पहले पिटाई भी की

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी पुल के समीप मंगलवार रात जमीन विवाद को लेकर बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने एक बाइक मैकेनिक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड पीठ पर लगी है जो अंदर फंस गई। जख्मी युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजन उसे पटना ना ले जाकर आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में उसका इलाज कर रहे हैं। जख्मी युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गढ़हा गांव निवासी स्व.कृष्णा सिंह का 25 वर्षीय पुत्र मुनन कुमार है। वह पेशे से बाइक मैकेनिक है और असनी बाजार स्थित बाइक दुकान पर काम करता है। घटना की सूचना पर उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी युवक से घटना की जानकारी ली। मुनन कुमार ने बताया कि गढ़हा गांव में मेरी ढाई बिगहा जमीन है। जिसको लेकर 2022 में उक्त युवक के परिवार से झगड़ा भी हुआ था। उसी समय से उनसे विवाद चला आ रहा है। वह जीरो माइल स्थित ऑटो केयर में बाइक बनाने गया था। बाइक बनाने के बाद अपने भाई के साथ पैदल वापस गांव लौट रहा था। लौटने के क्रम में जैसे ही वह असनी पुल के समीप पहुंचा। तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाश वहां पहुंचे और पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान जब वह भागने लगा। तभी बदमाशों ने पीछे से गोली मार दी। परिजन ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। दूसरी ओर जख्मी मुनन कुमार ने गढ़हा गांव निवासी रामायण सिंह के बेटे लल्लू कुमार और उसके साथ रहे दोनों साथियों पर मारपीट करने और लल्लू कुमार पर खुद को गोली मारने का आरोप लगाया है।

# संदिग्ध हालत में बंगाल पुलिस के कांस्टेबल की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटकी सासाराम गांव में मंगलवार को संदेहास्पद स्थिति में पश्चिम बंगाल पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार मृतक जवान गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटकी सासाराम गांव निवासी स्व. बृज बिहारी सिंह के 49 वर्षीय पुत्र संजय कुमार सिंह है।वह पश्चिम बंगाल पुलिस में कांस्टेबल के पद पर थे एवं वर्तमान में पश्चिम बंगाल के आसनसोल जिले के दुर्गापुर स्थित पुलिस लाइन में कार्यरत थे। इधर,मृतक जवान के बेटे दीपक कुमार ने बताया कि वह करीब दो वर्ष से किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। दो वर्ष पूर्व भी उनकी तबीयत ड्यूटी के दौरान खराब हो गई थी। जिसके बाद पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित थी निजी अस्पताल में उन्हें 14 दिन भर्ती कर इलाज कराया गया था। जिसके बाद वह ठीक हो गए थे। हालांकि इलाज लगातार चल रही थी। वह इसी माह में तबीयत खराब होने के कारण वापस गांव आए थे।जिसके बाद पिछले शनिवार को वह उन्हें लेकर वापस पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित पुलिस लाइन उन्हें ज्वाइन करने के लिए ले गया था।

**इलाज के दौरान गई जानः** वहां पर मौजूद पुलिस अधिकारी द्वारा बोला गया कि इन्हें वापस गांव ले जाइए और इनका इलाज कराईये। ठीक हो जाने के बाद इन्हें जॉइनिंग करवाइएगा। इसके बाद सोमवार को वह वापस गांव लौटे थे। इसी बीच मंगलवार की सुबह उनकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

# जातितंत्र में उलझी लोकतंत्र की जननी, वीणा देवी और मुन्ना शुक्ला ने लगाया पूरा दम

निज संवाददाता





वैशाली (हाजीपुर)। लोकतंत्र की जननी-मानी जाने वाली वैशाली जातितंत्र में उलझी है। भूमिहार बनाम राजपूत की लड़ाई में मुद्दे पीछे हैं और जातियों की गोलबंदी आगे। लोजपा (रामविलास) की वीणा देवी लगातार दूसरी जीत की तलाश में हैं तो राजद ने इस बार लालगंज के पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला को उम्मीदवार बनाया है। राजद को पारंपरिक यादव-मुस्लिम वोटरों के साथ भूमिहार वोट में बड़ी हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद है। वहीं, वीणा राजपूत-पासवान वोटरों को तो साध रहीं मगर अन्य जातियों के वोटरों के लिए वह सीधे-सीधे भाजपा और नरेन्द्र मोदी के नाम के सहारे दिख रही हैं। लव-कुश के साथ यहां पिछड़ी जातियों के वोटर निर्णायक हो सकते हैं। वैशाली की जनता विकास और रोजगार की बात तो करती है, मगर जाति का चश्मा नहीं उतरता। वैशाली में पिछले दो चुनाव से राजपूत उम्मीदवार ही आमने-सामने रहे। इस बार मुन्ना शुक्ला के आने से भूमिहार उत्साहित दिख रहे और वैशाली के रास्ते मुजफ्फरपुर पर वापस कब्जा जमाने के मौके के रूप में हवा दे रहे। बीते विधानसभा चुनाव में जदयू की सीटों पर लोजपा के उम्मीदवार उतारने की बात से कुर्मी वोटर अंदर-अंदर नाराज हैं और दुविधा में दिख रहे। पिछड़ी-अतिपिछड़ी जातियों का वोटबैंक बड़ा है, मगर वह उस तरह मुखर नहीं। बदलाव की छटपटाहट तो दिखती है, मगर केंद्र में नरेन्द्र मोदी भी चाहिए। वैशाली प्रखंड मुख्यालय के बाहर चुनावी चौपाल में जाति बनाम विकास की चर्चा हो रही। अभय कुमार कहते हैं, इस बार भूमिहार के लिए गोल्डेन चांस है, अब नहीं तो कभी नहीं। उमेश कुमार कहते हैं, मोदी जी जहां हैं ठीक हैं, मगर वैशाली की अपनी लड़ाई है। कमल छाप रहता तो सोचते मगर इस बार नए को मौका देना है। पास में ही वैशाली शांति स्तूप और ऐतिहासिक अभिषेक पुष्करणी सरोवर है। स्तूप की चारदीवारी टूटी है, तो पुष्करणी सरोवर जलकुंभी से पटा है। स्थानीय संतोष कुमार सवाल करते हैं, बिहार में क्या नालंदा-राजगीर ही सबकुछ है। वैशाली को सिर्फ झूठा वादा मिला है। इस बार तो वैशाली महोत्सव तक नहीं हुआ। चुनाव तो कई बार हुए मगर आयोजन टलता नहीं था। यह भेदभाव नहीं चलेगा। पारू के सरैया कोठी बाजार में ललिता देवी अपनी बहू के साथ साड़ी खरीद रही हैं। कहती हैं, नीतीश-मोदी जी तो महिला को आगे बढ़ाए हैं, तो हम भी महिला को आगे बढ़ाएंगे। मड़वन चौक पर भरी दोपहरी में चुनावी गपशप जारी है। युवाओं का दो गुट आमने-सामने है। संतोष कुमार कहते हैं, एनडीए को पिछली बार मौका दिए मगर सांसद का चेहरा तक नहीं देख पाए। सुधाकर गुप्ता टोकते हैं, सांसद का काम गांव-गांव घूमना है क्या? चिल्लाते रहिए, मोदी जी की सरकार बनने की गारंटी है। विक्रम कुमार कहते हैं, मगर रोजगार की गारंटी तो तेजस्वी यादव दे रहे। अमित शाह तो बोले थे कि सहारा का पैसा दिलवाएंगे, अभी तक हम इंतजार ही देख रहे। सुरेंद्र राय कहते हैं, यादव एकजुट है। सरकार कोई बने, विपक्ष भी टाइट रहना चाहिए। बरूराज के मोतीपुर में कभी चीनी मिल थी मगर ढाई दशकों से ताला लटका है। इलाके में तीन-चार इथेनाल व अन्य प्लांट लगे हैं, मगर स्थानीय लोगों को उस स्तर पर रोजगार नहीं मिल पाया है। मोतीपुर से साहेबगंज जाने वाली सड़क में लछमिनिया चौक के पास पकौड़े की दुकान के बाहर मजमा लगा है। शिवजी साह कहते हैं, सड़क खराब है। कोई नेता नहीं आता है। हियालाल ठाकुर कहते हैं, प्लांट तो बना मगर मजदूर गांव के बाहर से आते हैं। अवध सिंह कहते हैं, वीणा देवी की जगह मुन्ना शुक्ला लोजपा के टिकट पर रहते तो जीत जाते। कैंडिडेट ही गलत है, मगर मजबूरी में वोट जाएगा। युवा वोटर अजीत और राहुल कहते हैं, हमलोग कोई छाप नहीं जानते, मोदी जी को जानते हैं। शिवजी साह जातीय समीकरण समझाते हुए बताते हैं कि पासवान लोजपा के साथ है। कांटी के कोल्हुआ में लीची की तुड़ाई जारी है। बगान में करीब 50-60 महिलाओं-लड़कियों का झुंड लीची को तोड़ने और पेटियों में पैक करने में जुटा है। यह लीची की पहली खेप है, जो लखनऊ और मुंबई जाएगी। प्रमिला देवी, माला देवी, तिलिया देवी, फूलो देवी कहती हैं, 300 रुपया दिहाड़ी मिलती है। दो टाइम खाना और घर जाते समय 10 लीची फ्री। वोट के नाम पर कहती हैं, यहां तो लालटेन छाप चलता है। लीची व्यापारी धर्मेंद्र चौबे कहते हैं, इस बार गर्मी से लीची जल गई है, महज 20 प्रतिशत उत्पादन है। लीची में सरकार, सांसद किसी की दिलचस्पी नहीं है। ट्रांसपोर्ट सुविधा बेहतर हो तो कमाई बढ़ेगी और लीची व्यवसाय भी। वैशाली को पहला गणराज्य माना जाता है। ऐतिहासिक प्रमाणों के मुताबिक, ईसा से 725 वर्ष पूर्व लिच्छवी गणतंत्र विकसित हुआ था, जिसे वज्जि संघ कहा जाता था। इसके शासक जनता के प्रतिनिधियों द्वारा चुने जाते थे। वहां उस समय छोटी-छोटी समितियां थीं, जो जनता के लिए नियम और नीतियां बनाती थीं। माना जाता है कि लोकतंत्र की प्रेरणा यहीं से मिली। वैशाली लोकसभा सीट में वैशाली विधानसभा के अलावा मुजफ्फरपुर के पांच विधानसभा क्षेत्र मीनापुर, कांटी, बरूराज, पारू और साहेबगंज हैं। इनमें भाजपा के पास तीन, राजद के पास दो और जदयू के पास एक विधानसभा सीट है। इस लोकसभा क्षेत्र में राजपूत, यादव और भूमिहार जाति के सर्वाधिक मतदाता हैं। पिछड़ों और दलितों की संख्या भी निर्णायक है। वैशाली लोकसभा सीट कभी राजद का गढ़ थी। राजद के कद्दावर नेता रघुवंश प्रसाद सिंह यहां 1996 से 2009 तक लगातार पांच बार सांसद चुने गए। लोजपा ने इस गढ़ में सेंधमारी की। लोजपा के टिकट पर वर्ष 2014 में रामाकिशोर सिंह तो पिछले चुनाव में वीणा देवी सांसद बनीं। इस बार वीणा देवी फिर से लोजपा (रामविलास) के टिकट पर किस्मत आजमा रही हैं।

## मोटर साइकिल सवार को 100 मीटर तक खिंचता रहा चालक



निज संवाददाता

**फुलवारी शरीफ (पटना)।** मंगलवार की देर शाम बाईपास पर मोटर साइकिल सवार दो सगे भाई तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। दुर्घटना के बाद भी चालक ने ट्रक नहीं रोका और मोटर साइकिल ट्रक में फंस कर दोनों सवारों समेत 100 मीटर तक खिंचती चली गई। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार एक भाई का पांव शरीर से अलग होकर सड़क पर गिर गया। लोगों के शोर मचाने पर चालक ने ट्रक रोका और सह चालक के साथ वाहन छोड़ कर फरार हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। इससे बाईपास पर जाम लग गया। मौके पर बेउर, गर्दनीबाग व यातायात थाने की पुलिस पहुंचीं और अग्निशाम दस्ते को बुला कर आग पर काबू पाया। वहीं, घायल को लोग इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल ले गए हैं, जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, बेउर थाने के बाईपास के पास सरिस्ताबाद में अरुण कुमार का होटल है। मंगलवार की देर शाम होटल से अरुण कुमार के बेटे राहुल और मंतोष मोटर साइकिल से तेज प्रताप नगर स्थित अपने घर जा रहे थे। तभी एक ट्रक ने मोटर साइकिल सवार दोनों भाइयों को अपनी चपेट में ले लिया। मोटर साइकिल ट्रक में फंस गई और लगभग सौ मीटर तक घिसटती चली गई। जिस कारण राहुल का एक पांव सड़क पर ही कट कर रह गया। यह दृश्य देख लोगों ने ट्रक में आग लगा दी और उसमें खाना बनाने को रखा रखा गैस सिलेंडर खोल दिया। इससे आग तेज हो गई। काफी मशक्कत के बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू किया।

## रानी तालाब में ईंट भट्ठा के मालिक की धारदार हथियार से हत्या

निज संवाददाता






**बिक्रम।** रानीतालाब थाना से सटे कनपा पुल के समीप मंगलवार की देर रात अपराधियों ने ईंट भट्ठा के मालिक की हत्या तेज हथियार से कर दी। बताते चलें कि रानीतालाब थाना के डोरापुर निवासी नरेश सिंह के पुत्र अमरजीत सिंह (40वर्ष) बीती रात घर लौट रहे थे। पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने कनपा पुल के समीप उनपर हमला बोल दिया। अपराधियों ने तेज हथियार से अमरजीत को लहूलुहान कर दिया। रास्ता सुनसान होने से अधिक रक्त गिरने से उनकी मौत हो गई। रानीतालाब पुलिस सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची। बहरहाल, पुलिस ने अमरजीत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौरतलब है कि अमरजीत सिंह की कनपा में वर्षों से ईंट फैक्ट्री है। अभी तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नौबतपुर में मंगलवार की दोपहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौबतपुर लख पर तेज गति से जा रही ऑटो ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर कर दिया। वह बेहोशी की हालत में है। वह कहां का है, इसका पता नहीं चल पाया है। उधर ठोकर मार के भाग रहे ऑटो चालक समेत दो लोगों को स्थानीय नागरिकों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऑटो की गति इतनी तेज थी कि उसके धक्के से बाइक सवार युवक फेंका कर पुल के लोहे के एंगल पर जा गिरा। थानाध्यक्ष ने बताया की जख्मी युवक का पता लगाया जा रहा है।

## साध्वी की सरेआम हत्या, लात-घूसों से पीटकर मार डाला

**खुसरूपुर (पटना) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के फुलवरिया स्थित कबीरपंथी मठ के निकट सोमवार की रात नशे में धुत दो युवकों ने लात-घूसों से एक साध्वी की इतनी पिटाई की कि उनकी उपचार के क्रम में मंगलवार को मौत हो गई। साध्वी सीता सहचरी 45 वर्ष की थीं, वह लंबे समय से मठ में रह रहीं थीं। पटना में पोस्टमार्टम के बाद देर शाम साध्वी को गमगीन माहौल में स्थानीय गंगा घाट पर जलसमाधि दी गई। खुसरूपुर थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले में फुलवरिया गांव के ही शत्रुघ्न सिंह के चार पुत्रों विक्की सिंह, मोनू सिंह, सोनू सिंह व गौरव सिंह को नामजद किया गया है। चारों घर से फरार हैं, पुलिस उनकी तलाश कर रही है। बताया गया कि मठ के महंत साधु शरण शास्त्री सोमवार की रात पड़ोसी के घर बोरा लाने गए थे। रास्ते में नशे में धुत दो युवकों ने उनके साथ अभद्रता की और निर्वस्त्र करके उनका वीडियो बनाना चाहा।

## लव मैरिज के कुछ ही महीने बाद मिला धोखा

निज संवाददाता



**बेलहर (बांका)।** बिहार में बांका के बेलहर थानाक्षेत्र में एक युवक प्रेम-विवाह करने के कुछ महीने बाद दूसरी शादी करने जा रहा है। जिले के बिशनपुर गांव की रहने वाली प्रेमिका नीतू (पहली पत्नी) ने अपने पति सुंदरम कुमार का दूसरा विवाह रुकवाने के लिए बेलहर थाने में आवेदन दिया है। नीतू ने बताया कि वह गांव के पास स्थित नगेल हाईस्कूल में पढ़ती थी। इसी दौरान गांव के ही सुंदरम कुमार से प्यार हो गया। दोनों के बीच प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि युवक ने पिछले भादो पूर्णिमा के दिन ही घर पहुंचकर स्वजनों की मौजूदगी में मांग में सिंदूर भरकर शादी रचा ली। दो दिन तक दोनों मायके में ही पति-पत्नी की तरह साथ रहे। इसके बाद वह वि दा कराकर घर ले गया। दो दिनों बाद जब युवक प्रेमिका पत्नी के साथ अपने घर पहुंचा तो सास-ससुर ने उन्हें मार-पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। उस समय प्रेमी पति अपनी प्रेमिका पत्नी के साथ रहने के लिए तैयार था। हालांकि, ससुर प्रेमी पति को लेकर सिकंदराबाद चला गया। प्रेमिका पत्नी ने बताया कि इसके बाद भी हम दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती रही। जनवरी में वह घर आया तो, हमसे मिलने भी घर आया। इसकी भनक लगते ही फिर सास और ससुर आगबबूला हो गए। दोनों को एक-दूसरे से अलग कर दिया। सास-ससुर अब उसकी (प्रेमी पति की) शादी जबरन भागलपुर नाथनगर में स्वजनों द्वारा कराया जा रहा है। बुधवार को उसकी शादी होनी है। बुधवार को ही शादी होना है। जबकि पति शादी के पक्ष में नहीं हैं। अगर उसकी दूसरी शादी हो गई तो उसका जीवन बर्बाद हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता को न्याय दिलाया जाएगा।

## पीएमसीएच पहुंचे पप्पू यादव छपरा, गोलीकांड में घायलों से मिले

**पटना (नि.सं.)।** छपरा गोलीकांड में घायलों से पूर्व सांसद पप्पू यादव ने पीएमसीएच में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही डॉक्टरों से भी घायलों की स्थिति के बारे में बात की। पूर्व सांसद पप्पू यादव ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव में हिंसा पूरी तरह से गलत है। इसलिए प्रशासन को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। जल्द से जल्द उपद्रवियों को गिरफ्तार करना चाहिए। 20 मई को पांचवें चरण के मतदान के दौरान छपरा के मुफस्सिल थाने में दो गुटों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट हुई थी। बताया जा रहा है कि मतदान के अंतिम समय में राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य तेलपा के बूथ पहुंची थीं। किसी बात को लेकर रोहिणी के समर्थक और स्थानीय लोगों में झड़प हो गई। इसके बाद दोनों एक-दूसरे पर टूट पड़े। दोनों गुट बीजेपी और राजद समर्थक बताया जा रहे हैं। वहीं, घटना के दूसरे दिन मंगलवार सुबह मुफस्सिल थाने के तेलपा भिखारी चौक के पास फायरिंग हुई थी।

## पी.के की सबसे बड़ी भविष्यवाणी विपक्ष को दिया टॉनिक

निज संवाददाता





**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार और राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। प्रशांत किशोर का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत होगी, मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन उनकी व्यक्तिगत छवि में लगातार गिरावट हो रही है। मीडिया आउटलेट 'मोजो स्टोरी' को दिए इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने दावा कि एक बात बिल्कुल क्लियर है कि चुनाव मोदी जी, भाजपा-एनडीए जीत रहे हैं, लेकिन मोदी जी की जो अपनी व्यक्तिगत छवि है, लोकप्रियता है उसमें बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'ये गिरावट आज नहीं आई है, पिछले कई महीनों-सालों से वो धीरे-धीरे गिरावट एंटी इनकंबेंसी में सेट हो रही है। ये आंकड़ों में दिख रहा है। सारे एनालिटिक्स में दिख रहा है, मोदी जी की रैलियों में दिख रहा है, उनके इंटरव्यू और उनकी मीटिंग के टीआरपी में दिख रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि आप गूगल एनालिटिक्स उठाकर देख लीजिए, मोदी जी की तुलना कर लीजिए जिलावार, उनके नाम से जो अट्रैक्शन हुआ करता था, जो चैटर हुआ करते थे 2019 में वो अब नहीं हैं। अब कुछ लोग उनके समर्थक हैं, वो कह सकते हैं कि ये तो नेचुरल बात है, भाई 10 साल से वो पीएम हैं, थोड़ा-बहुत नीचे होगा ही, लेकिन ये उनके लिए चिंता का कारण होना चाहिए। प्रशांत किशोर ने कहा कि ये ऐसे है कि आप शतक तो बना रहे हैं, लेकिन एक शतक आपने बिना किसी रुकावट के बनाया और एक शतक में आपके 6 कैच ड्रॉप हो गए। इसी तरह से वो (मोदी) ये चुनाव वो जीत रहे हैं। उन्होंने इंटरव्यू में विपक्ष की भी कमी गिनाई। प्रशांत किशोर ने कहा कि एनडीए ये चुनाव इसलिए जीत रहा है, क्योंकि विपक्ष ने खराब फील्डिंग की है। उनके कई कैच ड्रॉप किए गए। विपक्ष ने उस तरीके की तैयारी नहीं की, उनको घेरा नहीं।

## खुलेआम बनाई जा रही थी नकली शराब, फिल्मी स्टाइल में हुआ भंडाफोड़

निज संवाददाता



**पटना।** आम चुनाव के दौरान मंगलवार को उत्पाद व आयुष औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने संदलपुर की जय महावीर कॉलोनी के रोड नंबर स्थित तीन में स्थित एक घर के बेसमेंट व जेठुली में छापेमारी कर रेक्टिफाइड स्प्रिट व नकली अंग्रेजी शराब जब्त की है। संदलपुर के जय महावीर कालोनी स्थित घर के बेसमेंट से 24 लिटर रेक्टिफाइड स्प्रिट व दर्जनों खाली कंटेनर जब्त किए गए हैं। वहीं, जेठुली स्थित गोदाम में इससे तैयार बड़ी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की नकली अंग्रेजी शराब व उसे तैयार करने का सामान जब्त किया गया। जब्ती कार्रवाई के बाद उत्पाद व आयुष निरीक्षक ने अलग-अलग स्प्रिट व नकली शराब का सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। इस क्रम में बजरंगपुरी निवासी टेंपो चालक शंकर कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। संचालक व मकान मालिक फरार बताए जा रहे हैं। दोनों गोदामों को सील कर दिया गया है। कार्रवाई में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश, इंस्पेक्टर अजीत कुमार व आयुष औषधि विभाग के निरीक्षक सत्य नारायण के अलावा मुख्यालय की टीम शामिल थी। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि मंगलवार की सुबह वाहन जांच के क्रम में एक टेंपो से 20 लिटर के गैलन में स्प्रिट बरामद की गई थी। चालक शंकर संदलपुर जय महावीर कॉलोनी के रोड नंबर तीन पर स्थित जिस मकान से स्प्रिट लेकर आया था, वहां ले गया। वहां पांच बोरा होमियोपैथी दवा की खाली बोतलें व 20 लिटर के जार में कुल 25 लिटर स्प्रिट बरामद हुई। इसके अलावा 10 कार्टन भरी बोतल भी मिली, जिसमें कुल 60 लिटर स्प्रिट थी। इसके बाद वाहन चालक के साथ छपाक वाटर पार्क के पास स्थित आटा चक्की मिल में छापेमारी की गई। यहां बड़ी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की नकली अंग्रेजी शराब, उसे बनाने का सामान, पानी, रंग, शराब की खाली बोतले पाई गईं। इसके बाद इसे भी सील कर दिया गया। चुनाव को देखते हुए सरकार ने अप्रैल माह में ही नकली शराब बनाने वालों की धरपकड़ को उत्पाद व आयुष औषधि विभाग की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई का निर्देश दिया था। उसके बाद यह पहली बड़ी सफलता हाथ लगी है। संदलपुर स्थित मकान मालिक की गौरीचक में दुकान है, हालांकि इसमें उसकी संलिप्तता भी मान रहे हैं। वहीं, मकान मालकिन ने बताया कि गोदाम को एक व्यक्ति ने किराए पर लिया था। किराएदार का मोबाइल स्विच आफ है। अधिकारियों ने कहा कि दोनों गोदाम सीज कर अनुसंधान किया जा रहा है। जल्द ही मकान मालिक, आटा मिल के अलावा नकली शराब बना कर बेचने वाले पूरे गिरोह को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों, उत्तराखंड के देहरादून व अन्य जिलों एवं महाराष्ट्र तक से बड़ी मात्रा में रेक्टिफाइड स्प्रिट मंगवाई जाती है। इन्हें विभिन्न जिलों के शराब माफिया को बेचा जाता है। शराब माफिया कोलकाता व अन्य राज्यों से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की खाली बोतलें मंगाकर रखते हैं। इसके बाद रेक्टिफाइड स्प्रिट का पुनः आसवन कर पांच प्रतिशत पानी को कम कर रंग मिला पैक कर दिया जाता है।

## स्मार्ट प्री-पेड मीटर कराएं रिचार्ज, नहीं तो कट जाएगी बिजली

निज संवाददाता

**पटना।** स्मार्ट प्री-पेड मीटर रिचार्ज होने लगा है। दो मई से चल रही तकनीकी खराबियां दूर हो गई। बिजली कंपनी उपभोक्ताओं को मैसेज भेजकर तीन दिनों के अंदर मीटर रिचार्ज करने का आग्रह कर रही है। मंगलवार से मैसेज भेजने का कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार से बकायेदारों का बिजली कनेक्शन काटने की योजना बनी है। वह भी काफी कम संख्या में उपभोक्ताओं का कनेक्शन कटेगा। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी की मौसम है। एक साथ सभी बकायेदारों का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। उन्होंने कहा, मैसेज भेजकर सूचना दी जा रही है कि तकनीकी कारणों से विगतम कुछ दिनों से आपकी ऊर्जा खपत के विरुद्ध बैलेंस में कटौती नहीं हो रही थी, जिसकी सूचना आपको दी गई थी। तकनीकी समस्या का समाधान कर दिया गया है एवं आपका बैलेंस है। अनुरोध है कि कुपया अपने एकाउंट को अगले तीन दिनों में रिचार्ज कर लें, अन्यथा आपकी विद्युत आपूर्ति बाधित हो सकती है। यदि रिचार्ज कर लिया गया हो तो इस मैसेज पर ध्यान न दें। बता दें कि दो मई को ईईसीएल कंपनी सिस्टम में नए टैरिफ को लोड कर रही थी। इस कारण तकनीकी खराबियां आ गई। 13 दिनों तक मीटर रिचार्ज करने का कार्य ठप रहा। उसके बाद बिजली कंपनी के सिस्टम में खराबियां आ गईं। दो मई से अब तक माइनस बैलैंस होने के बाद भी बिजली कंपनी कनेक्शन नहीं काटी है। अब शुक्रवार से माइनस बैलेंस वालों का कनेक्शन

## नाला और रोड नहीं तो वोट नहीं करेंगे

**पटना (नि.सं.)।** दानापुर नगर परिषद में लोगों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। वार्ड नंबर-15 के एस.के. पूरम लेन नंबर 16 में नाला और रोड नहीं तो वोट नहीं देने का बैनर लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपने खर्च पर मिट्टी भराई का काम कराया है। करीब 20 वर्षों से लेन नंबर 16 में जल निकासी के लिए नाला-रोड का निर्माण नहीं कराया गया है। बारिश के समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## लोकसभा चुनाव ने बढ़ाई धुकधुकी, विधायकों को सता रहा डर

निज संवाददाता





**पटना।** चुनाव लोकसभा के लिए हो रहा है। विधायकों की धड़कन बढ़ी हुई है। लोस चुनाव के परिणाम के आधार पर ही उनके टिकट का भविष्य निर्भर है। अगले साल अक्टूबर-नवंबर में बिहार विधानसभा का चुनाव प्रस्तावित है। राजग और महागठबंधन के दलों के नेतृत्व ने अपने विधायकों के अलावा विधानसभा चुनाव में पराजित उम्मीदवारों को भी वोट बटोरने के अभियान में लगा दिया है। शर्त बहुत साफ है-आपके विधानसभा क्षेत्र में अगर लोकसभा उम्मीदवार की हार हुई तो यह बेटिकट करने का आधार बन सकता है। 2019 और 2020 के क्रमशः लोकसभा और विधानसभा चुनाव के परिणाम में बहुत अंतर आ गया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीट जीती थी। विधानसभा की 96 सीटों पर बढ़त मिली थी। जदयू को 92 और लोजपा को 35 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी। जदयू के 16 और एकीकृत लोक जनशक्ति पार्टी के छह उम्मीदवार सांसद बन गए थे। वहीं, साल भर बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की 74, जदयू की 43 और लोजपा की सिर्फ एक सीट पर जीत हुई थी। दूसरी तरफ 2019 के लोकसभा चुनाव में राजद और कांग्रेस को क्रमशः नौ और पांच विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली थी। राजद का खाता नहीं खुला था। कांग्रेस एक सीट जीत पाई थी। 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के पक्ष में बाजी पलट गई। राजद 75, कांग्रेस 19 और वाम दल 16 सीट हासिल कर सरकार बनाने से थोड़ी दूर रह गए थे। राजग के विधायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार की उपलब्धियों के दम पर भले ही राहत की सांस ले रहे हों, महागठबंधन के विधायकों पर लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए भारी दबाव है। 2020 के विधानसभा चुनाव के परिणाम के आधार पर महागठबंधन की अपेक्षा लोकसभा में 18-20 सीट जीतने की है। तीन को छोड़ दें तो 37 लोकसभा क्षेत्रों की संरचना छह-छह विधानसभा क्षेत्रों से पूरी होती है। तीन लोकसभा क्षेत्रों में विधानसभा की सात-सात सीटें हैं। राजद के आठ, हम, कांग्रेस और भाकपा माले के एक-एक विधायक दोहरे दबाव में हैं। ये सब लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। एक दबाव जीत के लिए है। दूसरा दबाव यह कि कम से कम अपने विधानसभा क्षेत्र में अच्छी बढ़त मिले। इनमें जदयू की विधायक रहीं बीमा भारती भी शामिल हैं, जो राजद टिकट पर पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ीं। वह उसी संसदीय क्षेत्र के रुपौली विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गई थीं। हारती हैं तो उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव लड़ना होगा। भाकपा माले के संदीप सौरभ पालीगंज के विधायक हैं। वह नालंदा से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। राजद के विधायक सुरेंद्र प्रसाद यादव (जहानाबाद), आलोक मेहता(उजियापुर), कुमार सर्वजीत (गया), ललित कुमार यादव (दरभंगा), चंद्रहांस चौपाल (सुपौल), मो. शाहनवाज आलम(अररिया), अवध बिहारी चौधरी (सिवान), सुधाकर सिंह (बक्सर) लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वीरेश मिश्रा अध्यक्ष, अंजनी कुमार महासचिव बने

**भागलपुर**। जिला विधिज्ञ संघ (डीबीए) को सत्र 2024-26 के लिए नया अध्यक्ष और महासचिव मिल गया। 18 मई को हुए चुनाव के तीसरे दिन इन दोनों पदों के लिए वोटों की गिनती पूरी कर ली गई। वीरेश प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष और अंजनी कुमार महासचिव चुने गए। वीरेश प्रसाद मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मुक्ति प्रसाद सिंह को 276 मतों से शिकस्त दी। जबकि अंजनी कुमार ने अपने प्रतिद्वंद्वी मृत्युंजय प्रसाद सिंह को 236 वोट से हराया। दोनों पदों पर जीत-हार का फैसला मंगलवार की देर शाम में हुआ। इसकी घोषणा निर्वाची अधिकारी मो. शम्सुद्दीन ने की। वीरेश प्रसाद मिश्रा को 875 वोट मिले और मुक्ति प्रसाद सिंह को 599 मत प्राप्त हुए। 95 वोट रद्द हुए। महासचिव पद के लिए अंजनी कुमार को 689 मत तो मृत्युंजय प्रसाद सिंह को 453 मत मिले। 109 मत रद्द हुए। बाकी नौ पदों के लिए बुधवार को मतों की गिनती की जाएगी। जानकारों ने बताया कि दोनों पदों के लिए रद्द हुए ज्यादातर वोट स्लीपिंग वोटर के थे। स्लीपिंग वोटर यानी वैसे वोटर अधिवक्ता जो नॉन प्रैक्टिसिंग हैं या चुनाव की प्रक्रिया से सीधे जुड़े नहीं थे। चुनाव कमेटी ने वोट करने के लिए जो कलम अधिकृत की थी, इन वोटरों ने उसकी जगह अपनी कलम से ही वोट कर दिया।

### छठे चरण के मतदान के लिए पुलिस जवान को किया क्लोज

**भागलपुर**। जिले में चुनाव खत्म होने के बाद भागलपुर पुलिस को दूसरे जिले में चुनावी ड्यूटी में लगाया गया है। इसके कारण से जिले के थाने बिल्कुल खाली हो गये हैं। ज्यादातर थानों में थानेदार के अलावा सिर्फ एक एसआई के भरोसे ही काम चल रहा है। ऐसे में किसी घटना या दुर्घटना होने पर पुलिस के लिए मुश्किल आ सकती है। आलम यह है कि जो पुलिस पदाधिकारी थाने में बच गए हैं वह भगवान से मना रहे हैं कि कोई बड़ी घटना न हो जाए। कोतवाली थाने में मौजूद एक पदाधिकारी ने बताया कि अभी तो कोई आरोपी पकड़ कर आ जाए तो उसे हाजत में रखना चुनौती है। क्योंकि उसकी निगरानी के लिए कोई गार्ड नहीं है।

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**नारायणपुर**। खपरैल के मकान में एक महिला का फंदे से लटकता शव मिला। यह घटना भवानीपुर थाना क्षेत्र के भोजूटोल गांव में मंगलवार दोपहर की है। मरने वाली की पहचान इसी गांव के निवासी भवानी कुमारी (20), पति विभीषण शर्मा के रूप में हुई है। महिला के पिता मधेपुरा जिला के चौसा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी पूरण शर्मा ने दहेज को लेकर दामाद सहित उसके परिजनों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के मायके वालों से पूछताछ की। पिता पूरण शर्मा ने पुलिस को बताया कि बेटी की शादी 26 जनवरी 2023 को नारायणपुर के भोजूटोल निवासी मधुसूदन शर्मा के पुत्र विभीषण कुमार से हुई थी। शादी में उपहार स्वरूप साढ़े चार लाख रुपए, जेवरात व अन्य सामान दिया था। शादी के छह माह तक सब कुछ ठीक रहा। लेकिन उसके बाद स्कॉर्पियो खरीदने के लिए दामाद विभीषण शर्मा, उसकी मां शकीला देवी, पिता मधुसूदन शर्मा सहित अन्य परिजन पैसे की मांग करने लगे। नहीं देने पर बेटी के साथ मारपीट करते थे। ससुरालवालों ने ही बेटी की हत्या की है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भिजवा दिया। मृतका के पिता पूरण शर्मा ने पुलिस को यह भी बताया कि सोमवार को भी बेटी की साथ इन लोगों ने मारपीट की थी। जानकारी मिलने पर हम उसकी ससुराल आए और समझा बुझाकर मंगलवार सुबह चले गए। अचानक दोपहर बाद बेटी की हत्या कर ससुरालवाले शव गायब करने की फिराक में थे। सूचना मिलने पर हम पत्नी रोशनी देवी, बेटी प्रियंका, ज्योति और बेटा अजीत के साथ भोजूटोल पहुंचे तो देखा कि भावना का शव नीचे रखा था और उसके गले पर निशान थे। भावना की मौत के बाद उसके मायके वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कैलाश मंडल हत्याकांड में कुख्यात टिब्भा व ऋषि दोषी

**भागलपुर**। घोघा थाना के पन्नूचक में करीब ढाई साल पहले कैलाश मंडल की हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने कुख्यात टिब्भा मंडल और ऋषि मंडल को दोषी करार दिया है। कैलाश मंडल की हत्या एक अक्तूबर 2021 को कर दी गई थी। मामला एडीजे पांच के कोर्ट में चल रहा है। मंगलवार को कोर्ट में चल रही केस की सुनवाई के दौरान दोनों को दोषी करार दिया गया। सुनवाई में सरकार की ओर से एपीपी रियाज हुसैन ने भाग लिया। कोर्ट ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 मई की तिथि तय की है। टिब्भा कहलगांव क्षेत्र का कुख्यात अपराधी है। बताया गया कि उस पर हत्या, लूट, रंगदारी, फिरौती, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले कहलगांव, घोघा, अंतीचक, एकचारी थाना क्षेत्रों से जुड़े हैं।

### यूजी सेम-1 में नामांकन के लिए अब तक 40059 ने किया आवेदन

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-1, सत्र 2024-28 में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि 31 मई तक विस्तारित की गई है। जिसके लिए छात्र-छात्राएं आवेदन कर रहे हैं। मंगलवार तक करीब 39244 छात्र-छात्राओं ने यूजी के तीनों संकाय में नामांकन के लिए आवेदन किया। जिसमें कला संकाय में 34849, विज्ञान संकाय में 4891 तथा वाणिज्य संकाय में 319 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया। आवेदन के लिए अब गिनती के 10 दिन शेष रह गए हैं। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं मुंगेर विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल www.mungeruniversity .ac.in पर ऑनलाइन 1000 रुपए भुगतान के पश्चात कर सकते हैं। इसके अलावा नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में मैट्रिक का प्रवेश पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र तथा इंटरमीडिएट का प्रवेश पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र का वेब कॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### 12वीं के मासिक परीक्षा में फिजिक्स की हुई परीक्षा

**भागलपुर**। जिले के सभी 284 प्लस टू विद्यालयों और इंटर की पढ़ाई कराने वाले कॉलेजों में 12वीं की मासिक परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा का प्रश्न पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उपलब्ध कराया दिया गया है। पहली पाली का आयोजन सुबह 6.30 बजे से 8.00 बजे तक किया गया। जबकि दूसरी पाली का आयोजन सुबह 8.30 बजे से 10 बजे तक किया गया। पहली पाली में फिजिक्स, इंटरप्रीन्योरशिप, फिलॉसफी की परीक्षा हुई। जबकि दूसरी पाली में केमेस्ट्री, अकांटेंसी, पॉलीटिकल साइंस की परीक्षा हुई।

### आमने-सामने की बाइक की टक्कर में एक शिक्षक जख्मी

**हवेली खड़गपुर**। हवेली खड़गपुर बरियारपुर मुख्य मार्ग के चांदबली स्थान के समीप डीएवी स्कूल के पास मंगलवार की सुबह बाइक के आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार शिक्षक जख्मी हो गए। मिली जानकारी के अनुसार राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक केंदुआ गांव निवासी उमाशंकर सिंह सुबह अपनी बाइक से विद्यालय आ रहे थे। तभी डीएवी के समीप सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक ने शिक्षक की बाइक में टक्कर मार दी और भाग निकला। टक्कर के बाद शिक्षक उमाशंकर सिंह के हाथ की उंगली टूट गई। जख्मी शिक्षक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर में किया गया।

### बीएड की परीक्षा में कुल 978 उपस्थित तथा 9 रहे अनुपस्थित

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष, सत्र 2023-25 तथा द्वितीय वर्ष, सत्र 2022-24, परीक्षा- 2024 15 मई से चल रही है। जो 29 मई तक चलेगी। दोनों वर्ष की परीक्षा के लिए 04 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें बीआरएम कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर रहमानी बीएड कॉलेज मुंगेर और बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज खगड़िया, एसएई कॉलेज जमुई परीक्षा केन्द्र पर जमुई कॉलेज जमुई, एसएस कॉलेज मेहूस परीक्षा केन्द्र पर साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनम बरबीघा तथा केएसएस कॉलेज लखीसराय परीक्षा केन्द्र पर महात्मा गांधी बीएड कॉलेज लखीसराय के परीक्षार्थियों की परीक्षा चल रही है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि मंगलवार को दोनों पालियों में बीएड की परीक्षा में कुल 978 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 09 अनुपस्थित रहे। जिसमें प्रथम पाली में प्रथम वर्ष की परीक्षा में 488 उपस्थित तथा 02 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# युवा व्यवसायी को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली, हालत गंभीर

## पिता ने कहा-किसने किया कुछ नहीं पता, मुंगेर के मुफस्सिल थाना की घटना

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में ललमटिया कब्रिस्तान के पास अज्ञात अपराधियों ने 34 साल के युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से फिर रेफर करने के बाद तोप खाना बाजार स्थित मुंगेर नेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां युवक का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायल के भवेश कुमार के पिता बड़ी बाजार निवासी एन के पाहुजा ने कहा कि उसका बेटा मंगलवार की सुबह 4:00 बजे से गायब था। किसी को कुछ बताए बिना ही घर से कहीं चला गया था। वहीं आज बुधवार की सुबह उसने मुझे फोन किया कहा कि पापा मुझे किसी ने गोली मार दी है। मैं ललमटिया कब्रिस्तान के पास गिरा हुआ हूं। हम लोग जब तक वहां पहुंचे तब तक स्थानीय लोगों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया दिया था। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। उन्होंने आगे कहा कि घटना किस कारण से हुई कोई जानकारी नहीं है। घटना के बाद से उसके गले में मौजूद सोने का चेन भी गायब है।



मुंगेर नेशनल हॉस्पिटल के डॉक्टर अमित कुमार सिंह, डॉक्टर रौशन, डॉक्टर प्रशांत त्रिपाठी, डॉक्टर एम अयूब आलम ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर है। कमर में गोली लगी है और पेट से बाहर का एग्जिट पाइंट भी बना गया है। आंत भी बाहर आ गया है। ऑपरेशन की तैयारी की जा रही है मरीज की स्थिति फिलहाल गंभीर है। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सह ट्रेनी एसपी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस टीम लोगों से पूछताछ भी कर रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# 10 माह से स्वच्छता कर्मी और पर्यवेक्षक को नहीं मिला वेतन

**निज संवाददाता। मुंगेर**

लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत जिले के सभी पंचायतों में सफाई कर्मी के द्वारा घर-घर जाकर कूड़ा का उठाव किया जा रहा है। जिले के कुल 96 पंचायत हैं। पिछले करीब 10 माह से स्वच्छता कर्मी व पर्यवेक्षक को वेतन का भुगतान नहीं किए जाने से कूड़ा उठाव पर बुरा असर पड़ रहा है। जिला स्वच्छता पदाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि जिले में 96 पंचायत हैं, जिसमें घर-घर कूड़ा उठाव का कार्य शुरू किया गया है। फिलहाल 27 हजार 483 घरों से कूड़ा का उठाव हो रहा है। वहीं जिले के सभी पंचायतों में 2 लाख 18 हजार 562 घरों से कूड़ा उठाव का लक्ष्य रखा गया है। मालूम हो कि पंचायत के प्रत्येक वार्ड में 2 स्वच्छता कर्मी को नियुक्त किया गया है, जिसे 3000 रुपए प्रतिमाह मानदेय भुगतान किया जाता है। जिला स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि विभाग का प्रावधान है कि एक साल तक स्वच्छता कर्मी को मानदेय का भुगतान स्वच्छता मिशन फंड से किया जाता है, उसके बाद पंचायत के 15वीं वित्त योजना से भुगतान किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना है कि पंचायत आर्थिक रूप से सशक्त हो इसके लिए बाद में सफाई कर्मी को मानदेय का भुगतान 30 रुपए मासिक स्वच्छता शुल्क से ही किया जाना है। 30 रुपए मासिक शुल्क की वसूली से ठेला रिक्शा की रिपेयरिंग व मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है। आचार संहिता खत्म होने के बाद वेतन भुगतान जिला स्वच्छता पदाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि प्रथम किस्त का भुगतान किया गया था, लेकिन पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव की लापरवाही के कारण वेतन का पैसा निर्माण कार्य जैसे सोख्ता का निर्माण और आउटलेट चैंबर आदि का निर्माण कार्य में डायवर्ट कर दिया गया, जिस कारण वेतन का भुगतान नहीं किया गया। वैसे दूसरी किस्त के लिए विभाग को पटना लिखा गया है। जैसे ही अलॉटमेंट आएगा, स्वच्छता कर्मी और पर्यवेक्षक का भुगतान किया जाएगा।

## खतरनाक रूप लेता जा रहा फाइलेरिया

**निज संवाददाता। मुंगेर**

राज्य में फाइलेरिया के मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में फाइलेरिया के मरीजों की संख्या 1,57,685 तक पहुंच चुकी है। इनकी संख्या अभी और बढ़ सकती है। हालांकि कुछ जिलों में फाइलेरिया के मरीजों की संख्या काफी कम है, लेकिन कुछ जिलों में यह आंकड़े चौकाने वाले हैं। वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और सारण जिला फाइलेरिया मरीजों का हब सेंटर बन चुका है। सिर्फ इन्हीं 4 जिलों में राज्यभर के 39.30 प्रतिशत फाइलेरिया मरीज हैं। वैशाली में 16791, मुजफ्फरपुर में 15090, समस्तीपुर में 15090 और सारण में 15007 मरीज चिह्नित किए गए हैं। इन जिलों के साथ-साथ पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मुंगेर, बेगूसराय, सीवान व पूर्णिया में भी 5-9 हजार के बीच फाइलेरिया मरीज हैं। दरअसल, फाइलेरिया, मच्छर के काटने से होता है। यह एक संक्रामक बीमारी है। वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और सारण में इसके मरीज बढ़ने का मुख्य कारण जागरूकता का अभाव है। लोग इलाज के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। दवा मिलने के बाद भी समय पर नहीं खा रहे हैं। फाइलेरिया होने पर पुरुषों में प्रजनन अंग के आसपास दर्द और सूजन की दिक्कत आ सकती है। मुंगेर जिला फाइलेरिया पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि बीमारी के उन्मूलन के लिए फाइलेरिया उन्मूलन नामक कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत सार्वजनिक दवा सेवन किया जाता है, जिसमें डीईसी दवा साल में एक बार खिलाई जाती है। इसलिए फाइलेरिया रोग वाले सभी क्षेत्रों में सब लोग डीईसी दवा की सालाना खुराक लें।

स्वास्थ्य विभाग
बिहार सरकार

# हाईवा से टक्कर के बाद बस पलटी, 6 लोग घायल, हादसे में चालक और खलासी गंभीर

## खगड़िया से नवगछिया की तरफ जा रही थी बस

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में बुधवार सुबह 4 बजे हाईवा से टक्कर के बाद बस पलट गई। हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं। इनमें बस के चालक और खलासी भी शामिल हैं। जिनकी स्थिति गंभीर है। जिनको स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने नारायणपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्रारंभिक इलाज हुआ। यहां से बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाकी घायल निजी अस्पताल चले गए। बस में करीब 25 लोग सवार थे। 6 को छोड़ बाकी सुरक्षित हैं। घटना नवगछिया के भवानीपुर थाना क्षेत्र के NH - 31 भगवान पेट्रोल पंप के पास की है।




**बस में ज्यादा लोग सवार नहीं थे**: स्थानीय लोगों के अनुसार खगड़िया की तरफ से बस नवगछिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान नवगछिया की तरफ से खगड़िया की ओर जा रहे हाईवा से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बस खाई में पलट गई। गनीमत रही कि बस में सवार ज्यादा लोग सवार नहीं थे। घायल चालक लखीसराय निवासी मनोज और खलासी अमित के परिजन हादसे के बाद पहुंचे और दोनों को मायागंज अस्पताल ले गए।

**दो की स्थिति गंभीर है**: भवानीपुर थाना अध्यक्ष महेश कुमार के अनुसार हादसे में 5- 6 लोगों को चोटें आई है। चालक और उपचालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे प्रारंभिक उपचार के बाद जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

# BAU में सचिव स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन, जल्द ही 3-4 उत्पादों की GI पंजीकरण होगी

## कृषि अधिकारियों की सहभागिता की उम्मीद

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में कृषि उत्पादों के भौगोलिक संकेत पंजीकरण से सम्बंधित सचिव स्तरीय समीक्षात्मक बैठक बिहार राज्य में भौगोलिक संकेत (जी आई) उत्पादों से सम्बंधित पंजीकरण प्रक्रिया में गति लाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी की सहभागिता को लेकर सचिव की अध्यक्षता में बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के साथ हाइब्रिड माध्यम से बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य सरकार की तरफ से सभी आला अधिकारियो ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की तरफ से अनुसन्धान निदेशालय के वैज्ञानिको ने हिस्सा लिया कृषि सचिव संजय अग्रवाल के द्वारा जी. आई उत्पादों के पंजीकरण में बिहार कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा किये जा रहे कार्य एवं भविष्य में कार्य योजना पर संतुष्टि व्यक्त की गयी।



**अधिकारियों से आश्वासन भी मिला**: बैठक में डॉ. डी आर सिंह, कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा तीन बिन्दुओं पर विशेष बल देते हुए पंजीकरण की दिशा में बिहार सरकार के अधिकारीयों की सहभागिता की अपेक्षा की गयी। कृषक समूहों के संगठन, दस्तावेजो के संग्रहण एवं क्षेत्र विस्तार में सम्बंधित जिले के कृषि अधिकारियों की सहभागिता की अपेक्षा की गयी। साथ ही ये आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही 3-4 उत्पादों की जी. आई पंजीकरण की सफलता प्राप्त होगी डॉ अनिल कुमार सिंह, निदेशक अनुसन्धान बिहार कृषि विश्वविद्यल के द्वारा विभिन्न जी. आई उत्पादों के पंजीकरण में हो रही प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया। निदेशक अनुसन्धान ने लिट्टी चोखा, सोनाचूर चावल, पातं अरहर, तितूवा मसूर, तुबुलिया मक्का, तिपूवा गेहूं आदि पर विस्तृति चर्चा की। मंगलवार की बैठक में 10 अप्रैल को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में कुलपति की अध्यक्षता में सम्पन्न भौगोलिक संकेत (जी.आई.) उत्पादों से सम्बंधित पंजीकरण वैठक की प्रगति का भी जायजा लिया गया।

## स्वास्थ्य कार्यों की मासिक समीक्षा के दौरान सीएस नाराज, लगाई फटकार

**निज संवाददाता। मुंगेर**

सदर अस्पताल स्थित प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल में मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा कि अध्यक्षता में स्वास्थ्य कार्यों की मासिक समीक्षा की गई। इस दौरान नियमित टीकाकरण को लेकर सेशन साइट के समुचित क्रियान्वयन न होने पर सिविल सर्जन ने संबंधित प्रखंड के अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को जमकर फटकार लगायी। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मरीजों को उपलब्ध कराने को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दिये। इस दौरान एसीएमओ डॉ आनंद शंकर शरण सिंह, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार, डीपीएम मो. फैजान आलम अशरफी, डीआईओ डॉ अरविंद कुमार मौजूद थे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के कई प्रखंडों में नियमित टीकाकरण को लेकर निर्धारित सेशन साइट की अपेक्षा काफी कम संचालित हो रहा है। जिसमें हवेली खड़गपुर प्रखंड में निर्धारित 22 में 19 मुंगेर सदर में निर्धारित 30 की जगह 23 तथा तारापुर में निर्धारित 17 सेशन साइट की जगह मात्र 10 सेशन साइट ही संचालित होने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही संबंधित प्रखंड के अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मियों को सेशन साइट के सही संचालन का निर्देश दिया। एनएसी रजिस्ट्रेशन में अप्रैल 2024 में सदर अस्पताल व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जमालपुर की 58.79 और 58.76 प्रतिशत उपलब्धि पर भी नाराजगी जताई। साथ ही इसमें सुधार का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि समीक्षा के दौरान पाया गया कि गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग प्रखंडों द्वारा सही से नहीं किए जाने के कारण प्रसव पूर्व जांच में गिरावट आयी है।



## पीएम श्री स्कूल कंप्यूटर-साइंस लैब व लाइब्रेरी की सुविधा से होगा लैस

**निज संवाददाता। भागलपुर**

जिले में पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी। विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत चयनित विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं बेहतर की जाएंगी। इसके तहत आधुनिक कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, गणित लैब, अत्याधुनिक पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा। इन विद्यालयों के लिए विद्यालय गुणवत्ता एवं मूल्यांकन फ्रेमवर्क भी विकसित किया जाएगा। 17 नगर निकायों के दो-दो सरकारी स्कूलों को पीएम श्री स्कूल (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। अपग्रेड होने वाले स्कूलों में एक प्राथमिक व मध्य और 1 माध्यमिक या उच्च माध्यमिक स्कूल होगा। इसके लिए स्कूलों को पीएम श्री पोर्टल पर 15 मई तक आवेदन करना था। इसमें अब तक 70 फीसदी स्कूलों ने ही आवेदन किया है। जो स्कूल आवेदन नहीं करेंगे। उन्हें पीएम श्री स्कूल के तहत मिलने वाली योजनाओं से वंचित कर दिया जाएगा। भारत सरकार के साथ एमओयू साइन होने के बाद बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने स्कूलों का चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए राज्य और जिला स्तर पर अनुश्रवण समिति का गठन कर दिया गया है। जिलास्तर पर डीएम की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। डीईओ को सदस्य सचिव बनाया गया है। नोडल पदाधिकारी के रूप में डीपीओ एसएसए को नामित किया गया है। पीएम श्री विद्यालयों का चयन अंकों के आधार पर किया जाएगा। विद्यालयों में उपलब्ध सुविधा व संसाधनों के लिए अंक तय किए गए हैं। उत्कृष्ट सुविधाओं एवं छात्र नामांकन संख्या को यू-डायस प्लस में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर मूल्यांकित करते हुए विद्यालयों का चयन किया जाना है।

# अपराधी की मां ने ग्रामीणों पर किया केस, सात दिन पहले लूटपाट के दौरान युवक को मारी थी गोली

## गांव वालों ने की थी बेटे की पिटाई

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के बिहारीपुर सड़क मार्ग पर हथियार के साथ दो बदमाश पकड़ाए थे। करीब 15 लोगों ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी थी। इस मामले में बदमाश प्रेम कुमार की मां ने भतोड़िया गांव के 12 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज कराया है। बदमाश प्रेम कुमार की मां के अनुसार प्रेम अपने दोस्त नितेश और एक अन्य के साथ रात में भतोड़िया जा रहा था। तभी बदमाश होने के शक होने पर गांव के 15 से 20 लोगों ने घेर कर उनकी पिटाई कर दी थी। इस दौरान प्रेम और नितेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों का इलाज मायागंज अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने प्रेम व उनके साथी को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों को ग्रामीणों ने पिस्तौल के साथ पकड़ा।



**अपराधियों ने युवक से की थी लूटपाट की कोशिश**: मालूम हो कि गुरुवार देर रात रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने बिहारीपुर मुख्य मार्ग पर भतोड़िया के एक युवक के साथ लूट की नीयत से उसे रोका। उनसे मोबाइल समेत रुपए मांगे। फिर बाइक छीनने की कोशिश की। जिसके बाद युवक ने विरोध जताया तो बदमाशों ने उसके जांघ में गोली मार दी। घायल युवक के चाचा भतोड़िया से दूध देने के लिए कंझिया की तरफ बिहारीपुर मुख्य रास्ते से जा रहे थे। तभी उन्होंने अपने घायल भतीजा को चिल्लाते हुए देखा। इसके बाद वह भी बचाने के लिए गए। बदमाशों ने उन पर भी पिस्तौल तान दी। किसी तरह चाचा भतीजा ने मिलकर दोनों बदमाशों को पकड़ा। शोर होने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों बदमाशों की जमकर धुनाई कर दी।

**पुलिस ने दोनों अपराधियों को अस्पताल में भर्ती कराया**: ग्रामीणों की पिटाई से दोनों बदमाश गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसे पुलिस की मदद से मायागंज अस्पताल में से भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद जेल भेज दिया। मामले को लेकर बदमाश प्रेम की मां ने पुलिस को बताया कि प्रेम अपने दोस्त के साथ भतोड़िया जा रहा था। लोगों ने बदमाश समझकर उसे पीट दिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### मौसम की मार

भारत में इन दिनों मौसम चिंता की एक वजह बना हुआ है। मौसम के मिजाज में खासा अंतर दिख रहा है। कहीं भयानक लू है, तो कहीं वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित है। दिल्ली में तो अस्थिर किस्म का मौसम है, कभी खूब गरमी, तो कभी राहत की कुछ फुहारें। मुंबई का भी ऐसा ही हाल है। तापमान एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ रहा है, तो कहीं बारिश राहत बन बरस रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में उत्तर भारतीय राज्यों में गंभीर गरमी का एहसास होगा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, इसका मतलब है कि कमजोर स्वास्थ्य के लोगों को विशेष रूप से सावधान रहना होगा। जो लोग बदलते मौसम के साथ कमजोरी महसूस करते हैं या पहले से ही बीमार हैं, उन्हें विशेष रूप से गरमी से बचने के इंतजाम करने पड़ेंगे। साथ ही, जो लोग स्वस्थ हैं, उन्हें भी धूप से बचने के प्रबंध के साथ ही घर से निकलना होगा। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले पांच दिनों तक उमस भरी स्थिति रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। पुनः आगाह किया गया है कि जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं या धूप में बहुत समय बिताते हैं, उन्हें गरमी से संबंधित बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी पारा सामान्य से काफी ऊपर चल रहा है, जिसका असर घर से खेत तक साफ दिखाई पड़ रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है, आने वाले दिनों में गरमी का कहर जारी रहेगा और यह कुछ जगहों पर समय के साथ बढ़ भी सकता है। झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी लोगों को चेताया गया है। कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है, पर ज्यादातर इलाके बारिश के लिए तरसेंगे। गरम हवा का स्तर भी कम हो रहा है, जिससे धरती की तपन बढ़ी है। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्रा ने भी बता दिया है कि अगले सात दिन गरमी रहेगी। वैसे, गौर करने की बात है कि मौसम विभाग ने मई महीने में सामान्य से ज्यादा तापमान की भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी। एक बड़ी चिंता की बात यह है कि तापमान का असर चुनाव और मतदान पर भी खूब पड़ेगा। मतदान का प्रतिशत अभी भी चर्चा की एक बड़ी वजह बना हुआ है। चुनाव आयोग को मतदान केंद्रों पर भी विशेष प्रबंध करने पड़ सकते हैं, ताकि दूर से मतदान के लिए आया कोई व्यक्ति प्रतिकूल मौसम की वजह से परेशान न हो। सेहत से कमजोर लोगों के लिए ज्यादा बेहतर यही है कि सुबह के समय ही मतदान कर दें। क्या सुबह और शाम के समय मतदान का समय बढ़ाया जा सकता है? अगर ऐसा होता है, तो लोगों को मतदान केंद्रों तक लाने में सुविधा होगी। हालांकि, यह अच्छी बात है कि चुनाव के प्रमुख चार बड़े चरण पूरे हो चुके हैं। दक्षिण भारत में मतदान संपन्न हो चुका है और वहां अनेक इलाकों में गरज के साथ बारिश हो रही है। वैसे, मानसून के रविवार को दक्षिण अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में प्रवेश करने का अनुमान है। यह विडंबना ही है कि मौसम विभाग ने तमिलनाडु के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है। यह शायद हमारे देश के भूगोल की ही विशेषता है कि जब उत्तर भारत ताप से तप रहा होगा, तब दक्षिण भारत के साथ ही, पूर्वोत्तर भारत झमाझम भीग रहा होगा।

## मौसम जब मौत का कारण बन जाए

**(शशि शेखर)**

आंख खोलते ही सबसे पहले खिड़की का परदा हटाने की आदत है, ताकि सूरज की रोशनी रात की खुमारी दूर कर सके। आजकल ऐसा नहीं हो पा रहा। शीशे के उस पार सूर्य की उजली किरणों की जगह सिर्फ और सिर्फ वायु प्रदूषण की गहरी मोटी परत दिखाई पड़ती है। मेरे जैसे हजारों आशावादियों के सबेरे इसीलिए इन दिनों आशा की जगह निराशा के प्रतीक बन गए हैं। यह अभिशाप दिल्ली अथवा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र अकेला नहीं भोग रहा, हमारे देश के बड़े हिस्से की हवा जहरीली हो गई है। एक शोध के अनुसार, भारत में हर साल 21 लाख लोग सिर्फ वायु प्रदूषण जनित रोगों से असमय मर जाते हैं। चीन इस मामले में भी हमसे आगे है, पर शेष विश्व की हालत भी कुछ खास अच्छी नहीं। दुनिया में दूषित वायु 51 लाख जीवन लील जाती है। कोरोना के बाद इस रफ्तार में और तेजी आई है। इस वैश्विक महामारी के बाद दुनिया में जीवाश्म ईंधन की खपत में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई। अब यह वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बन गया है, जिससे तापमान में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है। यह अकारण नहीं है। गुजरता 2023 सवा लाख साल की लंबी इंसानी सभ्यता के दौर में सबसे गरम साल साबित होने जा रहा है। 'यूनाइटेड नेशन एनवायर्नमेंट प्रोग्राम' (यूएनईपी) के अनुसार, सदी के अंत तक हमारी धरती का तापमान ढाई से तीन डिग्री तक बढ़ सकता है। वह जब बढ़ेगा, तब बढ़ेगा, लेकिन बला की गरमी अभी से लोगों की जिंदगियां लील रही है। बेतहाशा बढ़ती गरमी की वजह से बुजुर्गों की मौत के मामले में पिछले तीन दशकों में 85 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते लोग जलावतनी तक के लिए मजबूर हो रहे हैं। हालांकि, अभी यह प्रवृत्ति शुरुआती दौर में है, मगर हालात और बिगड़े, तो संसार के तमाम देशों को शरणार्थियों की नई खेप के लिए तैयार रहना होगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हवा की गुणवत्ता और गरमी पर दुष्प्रभाव पड़ा है, अब हर मौसम चरम पर पहुंचने लगा है। हमारा अपना देश साल के शुरुआती नौ महीनों में लगभग हर दिन मौसमी ज्यादतियों का गवाह बना है। भारतीयों की कुल आबादी में 80 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो आए दिन जलवायु असंतुलन से प्रभावित हो रहे हैं। पिछले एक साल के दौरान बेंगलुरु, विशाखापट्टनम और ठाणे जैसे शहर इससे बेतरह आक्रांत हुए। कभी इनको अपनी अच्छी आब-ओ-हवा के लिए जाना जाता था। मौसम का बेमौसमी परिवर्तन सिर्फ हमारे या आपके स्वास्थ्य पर असर नहीं डाल रहा, बल्कि उसकी मार जेब पर भी पड़ रही है। पिछले साल मौसम की ज्यादती के कारण दुनिया में 360 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि अगर इसे रोकने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो अगले 25 से 30 सालों में वैश्विक जीडीपी में सालाना 4.4 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। यह आर्थिक बदहाली भय, भूख और गरीबी को बढ़ावा देगी। नतीजतन, करोड़ों लोगों की जिंदगियां छिन्न-भिन्न हो जाएंगी। यहां यह भी गौरतलब है कि शेष दुनिया की तुलना में दक्षिण एशिया को तीन गुना ज्यादा नुकसान झेलना पड़ सकता है। दुर्भाग्य से हम और आप धरती के इसी बदनसीब हिस्से में बसते हैं। धरती के बाशिंदों के भोजन के लिए किसान को अन्न उपजाना पड़ता है। कृषि के लिए जमीन के बाद अगर कुछ सर्वाधिक जरूरी है, तो वह है जल। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हम जितना जल धरती से खींचते हैं, उसका 70 फीसदी सिर्फ कृषि कार्यों में लग जाता है। यही हाल रहा, तो अगले दो सालों में दुनिया अकल्पनीय भूजल संकट से दो-चार होने जा रही है। हमारे अपने देश भारत के तमाम महानगर अभी से इस संकट से दो-चार हो रहे हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमें पानी की राशनिंग और उसकी कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कावेरी, कृष्णा और गोदावरी जैसी सदानीराओं के देश की संतानें अभी तक इस मसले पर अनमनी आत्मघाती तंद्रा की जकड़ में हैं। वे इतनी छोटी सी बात भूल गई हैं कि सिर्फ 1990 के दशक तक मंझोले-छोटे शहरों और गांवों में कोई बोतल बंद पानी खरीदने की सोच भी नहीं सकता था। भारत में बोतल बंद जल का पहला प्लांट वर्ष 1965 में ठाणे में स्थापित किया गया था। तब किसी ने सोचा भी न था कि गंगा-यमुना के देश में पांच दशक बीतते न बीतते वह हमारी जिंदगी की जरूरत बन जाएगा। मुफ्त और शुद्ध पेयजल तेजी से अतीत की बात होता जा रहा है। रही बात कल-कल बहती नदियों की, तो वे खुद इतिहास का विषय बनती जा रही हैं। समूची दुनिया की नदियों के बहाव में कमी दर्ज की जा रही है। वे तेजी से अपना रास्ता भी बदल रही हैं। पिछले वर्ष नदियों के सामान्य प्रवाह में पचास फीसदी से अधिक परिवर्तन दर्ज किया गया है। इसके साथ ही साठ फीसदी जलाशयों में कम या सामान्य प्रवाह दर्ज किया गया। क्या अब भी कोई मानेगा कि यह संकट आज नहीं, तो कल खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगा? यहां एक आश्चर्यजनक तथ्य से भी आपको रू-ब-रू कराना चाहूंगा। समूची दुनिया में जैसे-जैसे आर्थिक असमानता बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही धनकुबेरों द्वारा कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ रहा है। एक शोध के अनुसार, दुनिया के एक फीसदी अमीर जितना कार्बन उत्सर्जन एक वर्ष में करते हैं, उतने के लिए समूची धरती के निर्धनों को पंद्रह सौ वर्ष काम करना होगा। यही वैषम्य अमीर और गरीब मुल्कों के बीच में भी पाया जाता है। आज जो विकसित देश विकासशील देशों पर तरह-तरह के अंकुश डालना चाहते हैं, वे ही मुख्य तौर पर इस वैश्विक आपदा के जिम्मेदार हैं। हालांकि, अब दोष देने का नहीं, बल्कि युद्ध-स्तर पर काम करने का समय आ गया है। भरोसा न हो, तो किसी सुबह उठकर घर से बाहर निकलिए और गहरी सांस लेने की कोशिश कीजिए, आपको सब समझ में आ जाएगा। हम प्रकृति की पैदाइश हैं। हमें बचाए और बनाए रखने के लिए उसने पानी, हवा, उजाला, वृक्ष और फसलें उपलब्ध कराईं, अगर आज वे खतरे में हैं, तो मान लीजिए कि आप सर्वाधिक संकट में हैं।

> *कृषि के लिए जमीन के बाद अगर कुछ सर्वाधिक जरूरी है, तो वह है जल। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हम जितना जल धरती से खींचते हैं, उसका 70 फीसदी सिर्फ कृषि कार्यों में लग जाता है। यही हाल रहा, तो अगले दो सालों में दुनिया अकल्पनीय भूजल संकट से दो-चार होने जा रही है। हमारे अपने देश भारत के तमाम महानगर अभी से इस संकट से दो-चार हो रहे हैं।*

## लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार है जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)**

हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू स्खलन, सुनामी, ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकॉर्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5378

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5377

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5378



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. अफ्रीका का यह देश एक प्रजातंत्र राज्य है जिसे 1 जुलाई 1960 को गणराज्य घोषित किया गया (2)
3. जम्मू-कशमीर में 4054 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिंदुओं का तीर्थ स्थल (5)
7. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हो, वही, वह, उस, उसी (2)
8. सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
9. मन की कल्पना, विचार, ख्याल (3)
10. पुराणानुसार एक दैत्य का नाम जिसे श्रीकृष्ण ने अपनी बाल्यावस्था में मारा था, बगला नामक पक्षी (2)
11. फन, हुनर (2)
13. बुहारना, पोछना, चलता करना (3)
14. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
16. लहर, उमंग, तरंग, झूमने का भाव (3)
17. उत्पात, उपद्रव, खलबली (4)
18. इंसाफ, फैसला (2)
21. मध्यप्रदेश का एक प्रसिद्ध रेलवे जंक्शन, प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार की अभिनेत्री बेटी (2)
23. चप्पू (4)
24. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण यमुना नदी का एक नाम (3)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. हमला करने का अवसर देखना (5)
2. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
3. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
4. रगड़ना, घिसना (3)
5. अत्यंत महीन कण, सूजी (2)
6. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना (4)
10. दूल्हा-दुल्हन को यह भी कहा जाता है (4)
12. तिरस्कारपूर्ण बात, भर्त्सना, धिक्कार (3)
13. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
15. शास्त्रीय संगीत में एक ताल (4)
16. छिछली गोल तथा छोटी थाली (3)
19. हरजत मूसा के धर्म का अनुयायी (3)
20. स्वयं, स्वतः, खुद (2)
22. किसी नगर या कस्बे में प्रवेश द्वार (2)

### वर्ग पहेली 5377 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त | र | प्र | दे | श | | वा |
| प | | म | जा | | म | द | न |
| न | | क | | द | शा | | र |
| य | मु | ना | | ल | द | ना | |
| न | | | लू | | बे | टा | |
| सं | ता | न | | सा | ग | | ब |
| स्का | | म | र | ह | म | | हु |
| र | ह | न | | स | | भा | त |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको लाभ होगा। किसी अधिकारी या फिर व्यापारी से आपका विवाद हो सकता है। इसलिए सावधान रहें। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। आज आप घर के जरूरत के सामान की शॉपिंग करने जा सकते हैं। शुभ व्यय होगा। बेहतर होगा कि दाम्पत्य जीवन में सरसता बनाए रखें, समाज में सम्मान बढ़ेगा।

### वृष
आज का दिन शुभ है और आज आपको लाभ होगा। आज आपकी कोई पुरानी महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी और ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके संबंध पहले से और मधुर होंगे। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने की आशंका है। किसी विवाद में पड़ने से बचें और खुद पर नियंत्रण रखें। शाम के वक्त किसी योजनापूर्ति से आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज राजनीतिक मामलों में भी आपको भाग्य का साथ मिलेगा। दोपहर के बाद किसी कार्य में कुछ नया करने की रूपरेखा बनेगी। पुण्य कार्य से आपको लाभ होगा और अभिष्ट सिद्धि मिलेगी। रात में परिवार के लोगों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में जा सकते हैं।

### तुला
आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। भाग्य में वृद्धि होगी और बिजनस में पार्टनर्स का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी और व्यापार में साझेदारों का सहयोग मिलेगा। सद्कार्यों में रुचि बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की होगी और आपको कुछ नए अवसर आज मिल सकते हैं। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

### वृश्चिक
आज का दिन मिलाजुला होगा। कुछ मामलों में आपको लाभ होगा तो कुछ मामलों में हानि हो सकती है। जरूरी कार्यों में सजगता बरतें। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। आपको आज कुछ नए काम पर फोकस करना पड़ेगा। आपको भाग्य का साथ मिल रहा है और कारोबार में आपको अच्छा मुनाफा होगा। संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे।

### धनु
आज आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको मिलेगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आपके व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी और कोई मनपसंद कार्य आपको करने को मिलेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। इसलिए इस मामले में सतर्क रहें।

### कर्क
आज का दिन विपरीत प्रभाव वाला हो सकता है और आप हर मामले में सावधान रहें तो आपके लिए अच्छा होगा। अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। आपको प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी हो सकती है और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। रात का समय आनंद में बीतेगा।

### सिंह
आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में संतान की अचानक तबीयत खराब होने से तनाव बढ़ सकता है और आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन से दूर रहें, वरना आपको गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। किसी स्पेशल स्कीम का हिस्सा न बनें, जोखिम के काम से दूर रहें।

### कन्या
आज आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा और ऐसा करने से आपको आत्मसंतुष्टि मिलेगी। इस सुख की तुलना किसी दूसरे सांसारिक सुख से नहीं हो सकती। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

### मकर
आज आपको कारोबार में लाभ के साथ उत्तम संपत्ति मिलने के संकेत हैं। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज काम का बोझ आपके ऊपर अधिक रहेगा और दूसरों के हिस्से के कार्य भी आपको करने पड़ सकते हैं। शाम तक आपको पुराने मित्रों के मिलन से प्रसन्न्ता होगी। मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कुंभ
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको किसी महान सफलता के मिलने से हर्ष होगा। अचानक से बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले चार दिनों से चले आ रहे विवाद का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात का समय सैर सपाटे में व्यतीत करें।

### मीन
आज आपको संतान की ओर से सुख और हर्ष मिलेगा। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम का वक्त दोस्तों के साथ मौज में बीतेगा। कहीं सैर सपाटे पर भी जा सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

# कांग्रेस को देश की नहीं, पाकिस्तान की है चिंता

## झारखंड में जमकर गरजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर दो सी दुर्गा पूजा मैदान में मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा हुई। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निशाने पर कांग्रेस पार्टी व उनके नेता राहुल गांधी रहे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह चुनाव केवल ढुल्लू महतो व भाजपा के लिए महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि देश के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है। केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा।

रक्षा मंत्री ने कांग्रेस व राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान का मंत्री चौधरी फवाद भारत को महाशक्ति मानता है। वहीं मंत्री कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की प्रशंसा करता है। इसलिए यह सोचने का समय है कि कांग्रेस को देश की जनता की नहीं बल्कि पाकिस्तान के प्रशंसा की जरूरत है।

कांग्रेस के नेता पाकिस्तान की शक्ति की प्रशंसा करते हैं। हम भारत को सर्वशक्तिमान बनाना चाहते हैं। एक ऐसा भारत जो दुनिया की आंखों में आंख डाल कर बात करता हो। कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्रियों ने गरीबी दूर करने की बात की थी, लेकिन गरीबी को दूर करने का काम नहीं किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार का दूसरा नाम है। उनके लिए देश नहीं परिवार महत्वपूर्ण है। भारत किसी पड़ोसी को परेशान नहीं करता है।

पर जो हमें छेड़ेगा उसे हम छोड़ेंगे नहीं है। आज पीओके के लोग भारत में मिलना चाहते हैं। वहां के लोग पाकिस्तानी झंडा उखाड़ रहें हैं। मोदी जी की सरकार बनने दीजिए, वहां के लोग भारत में शामिल हो जाएंगे।

स्व. अटल बिहार वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य का निर्माण इसलिए किया था कि यहां के आदिवासियों का विकास होगा। लेकिन यहां जब भी गैर भाजपा सरकार होती है, घोटाला प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबंध में कहा कि वह भ्रष्टाचार के आरोप जेल में बंद हैं।

मंत्री तो मंत्री उनके पीए के नौकर के घर से भी रुपए मिल रहे हैं। यह जनता का पैसा था। अब झारखंड की जनता बताए कि ऐसे लोग पर कार्रवाई होनी चाहिए कि नहीं है। प्रदेश की झामुमो की सरकार के कारण झारखंड की बदनामी हो रही है। जब कार्रवाई होती है तो लोग कांग्रेस बोलती है कि विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई हो रही है।

सच्चाई यह है कि पूरे कांग्रेस के शासन में इडी व सीबीआई ने मात्र 32 लाख रुपये जब्त किए। लेकिन भाजपा की सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए भ्रष्टाचारियों का जब्त किया है।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस झूठ फैला रही है। कहते हैं कि मोदी जी की सरकार आ गई तो आरक्षण की व्यवस्था समाप्त कर देंगे, किसी की हिम्मत नहीं है कि भारत में आरक्षण की व्यवस्था को समाप्त कर दे। अथवा इसमें कमी लाने की कोशिश करे। देश के अल्पसंख्यकों को गुमराह करने की कोशिश किया जा रहा है।

धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं की जाती, क्योंकि भारत का संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है। भाजपा हिंदू, मुस्लिम, सिख, यहूदी व इसाई के आधार पर भेदभाव करने वाली पार्टी नहीं है। कभी हम लोगों ने जनता की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति नहीं की है।

जनता की आंखों में आंख मिला कर राजनीति की है। लेकिन बराबर इन लोगों ने जनता को धोखा दिया है। 132 बार में 90 बार कांग्रेस ने चुनी सरकार को भंग करने का काम किया है। संविधान संशोधन का आरोप हमारे ऊपर लगाते हैं। लेकिन कांग्रेस ने कई बार संविधान में संशोधन किया है।

कहा कि हमलोगों ने कहा था कि जब संसद में बहुमत मिलेगा तो कश्मीर से धारा 370 हटा दी जाएगी। जब बहुमत मिला तो हमने यह करके दिखा दिया। यह भी कहा था कि अयोध्या की धरती पर राम मंदिर बन कर रहेगा।

रामलला झोपड़ी से निकल कर महल में विराजमान हुए। 22 जनवरी को रामलला का प्रणाम प्रतिष्ठा किया गया। कांग्रेस के शासनकाल में बैंक घाटे में आ गए थे। अब बैंक तीन लाख करोड़ रुपए के मुनाफे में आ गए हैं।

कहा कि पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन अब सारी दुनिया कान खोल कर भारत की बात सुनती है। रुस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है। भारत के कई बच्चे यूक्रेन में मेडिकल की तैयारी कर रहे थे। इनके अभिभावकों ने उन्हें यूक्रेन से भारत लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई।

तब प्रधानमंत्री ने दोनों देश के राष्ट्रपति से बातचीत की। युद्ध विराम के बीच 22 हजार विद्यार्थियों को सुरक्षित भारत लाया गया। कहा कि केंद्र सरकार का भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस है। अगर सरकार का एक भी मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा गया तो इसे दूध की मक्खी की तरह निकाल दिया जाएगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि चार जून को भाजपा की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी। इसके बाद पहला काम 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी जाति , धर्म के लोगों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। यह मोदी जी की गारंटी है। हमने जो भी वादा किया है उसे पूरा करने काम किया है। धनबाद व बोकारो की जनता हमेशा से भाजपा व देश के साथ रही है। इस बार पूर्ण विश्वास है कि गत चुनाव के आंकड़े को पार कर पांच लाख मतों से प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीत दिलाएंगे। मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, विधायक भानू प्रताप शाही उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार



### रांची एयरपोर्ट : फ्री पार्किंग पर रोजाना हो रही बकझक, 10 मिनट में निकलने पर भी वसूले जा रहे 30 रुपए

**रांची , एजेंसी।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की नई पार्किंग व्यवस्था अब यात्री और पार्किंग संचालक के गले की फांस बन गई है। पिक एंड ड्रॉप में 10 मिनट की निश्शुल्क व्यवस्था ने उलझा दिया है। यात्री 10 मिनट के नियत समय में ही जब एयरपोर्ट से बाहर निकलते हैं, तो भी निकास गेट पर पार्किंग संचालक प्राइवेट वाहन से 30 रुपए चार्ज वसूल रहे हैं।

वहीं, पार्किंग संचालक की ओर से यात्रियों के परिजनों को कहा जा रहा है कि एयरपोर्ट पर कोई भी सुविधा फ्री नहीं है। नतीजतन, रोजाना बकझक की स्थिति बन जा रही है। हद तो यह है कि एक मई को एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा था कि पिक एंड ड्रॉप में 8 मिनट का समय बढ़ाकर 10 मिनट कर दिया गया है। हालांकि, अब भी एयरपोर्ट परिसर में लगाए गए बोर्ड पर निजी वाहनों के लिए पिक एंड ड्रॉप का समय 8 मिनट ही दिखा रहा है। दूसरी ओर, इस पूरे मामले पर एयरपोर्ट अथॉरिटी भी अपना पल्ला झाड़ने लगा है। कई दिनों से फोन करने के बाद भी एयरपोर्ट डायरेक्टर ने कॉल नहीं उठाया और न ही मैसेज का जवाब दिया।

कॉमर्शियल वाहन से लगता है जाम, फंस जाते हैं यात्री एयरपोर्ट के बाहर सड़क के किनारे कॉमर्शियल वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। लेकिन, फ्लाइट के समय यानी दोपहर या रात में जब एयरपोर्ट परिसर में कॉमर्शियल वाहन प्रवेश करते हैं तो जाम लग जाता है। ऐसे में 10 मिनट फ्री वाले यात्री फंस जाते हैं और उन्हें एयरपोर्ट से बाहर आने पर 30 रुपए का चार्ज देना पड़ता है।

### चाबुक जैसी पूंछ वाली बिच्छू से कॉमन कुकरी सांप, दलमा के जंगल में है हैरान कर देने वाले जीव-जंतुओं का वास

**जमशेदपुर, एजेंसी।** औषधीय पौधों से लेकर विलुप्त होने वाले जीव जंतुओं के लिए विख्यात व हाथियों के लिए संरक्षित दलमा में सैकड़ों प्रकार के जीव जंतु व पेड़ पौधे पाए जाते है, जिसमें से दर्जनों ऐसे जीव जंतु हैं जो विलुप्त की श्रेणी में आ गई है। जैसे कामन कुकरी सांप, ड्रैगन तितली, चाबुक जैसी पूंछ वाली बिच्छू, चाल्कोसिया कीट, काफी टिड्डी, गरूड़ के पेड़, पीले फूल वाले सेमल आदि पाई जाती हैं। इस विलुप्त हो रहे जीव जंतुओं को संरक्षित करना अत्यंत जरूरी है। दलमा के डीएफओ सह गज परियोजना के उप निदेशक डा. अभिषेक कुमार कहते हैं कि विलुप्त होने वाले पेड़ पौधे हों या जीव जंतु सभी को संरक्षित करने के लिए झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड को पत्र लिखा गया है।



इसके साथ ही आयुर्वेदिक पौधे को बढ़ावा देने व उसे संरक्षित करने के लिए वृक्षारोपण अनुसंधान एवं मूल्यांकन विभाग रांची को भी पत्र लिखा गया है। इस दिशा में कुछ टीम रिसर्चर राजा घोष के साथ दलमा में पाए जाने वाले पेड़ पौधे व जीव जंतुओं के बारे में जानकारी ली है।

### छठे चरण के चुनाव में दिग्गजों की प्रतिष्ठा लगी दांव पर, विरोधियों को मनाने के लिए कर रहे गुपचुप बैठक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में तीसरे चरण में 25 मई को चार सीटों के लिए लोकसभा चुनाव को लेकर रांची में चुनावी सरगर्मी पूरी तरह से परवान चढ़ गई है। राजनीतिक सरगर्मी शहर के गली-कूचों से निकलकर ग्रामीण क्षेत्र के आम मतदाताओं तक पहुंच गई है। चुनाव का समय नजदीक आते ही प्रत्याशियों की उल्टी गिनती भी शुरू हो गई है। रांची लोकसभा चुनाव के लिए इस बार चुनावी मैदान में 27 प्रत्याशी डटे हैं, जिनकी रातों की नींद और दिन का चैन उड़ गया है। मौसम के बदले मिजाज में कड़ी धूप के बावजूद राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दल के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से वोट मांग रहे हैं।

## झारखंड में ईसीएल अधिकारियों के घर सीबीआई का एक्शन ! आवास से मिला नोटों की ढेर, गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीनें

**धनबाद, एजेंसी।** ईसीएल विस्थापित से उनकी जमीन के मुआवजा भुगतान को लेकर घूस मांगने वाले ईसीएल के तीन अधिकारियों के घर से नोटों का ढेर मिला है। नोटो की गिनती के लिए सोमवार को दो मशीन के साथ अन्य सामान सीबीआई ने मंगाया।

देर शाम तक 27 लाख नगद राशि बरामद होने की सूचना है। यह राशि और बढ़ेगी। इस बार सीबीआई टीम के साथ सिविल ड्रेस में महिला भी शामिल थी।

सूत्र बताते हैं कि सबसे पहले सीबीआई की टीम ने सहायक राजस्व निरीक्षक पवन महतो के राजमहल कॉलोनी के डी टाइप आवास पर सर्च किया। छानबीन की तो काफी मात्रा में नगदी बरामद हुई। इसके बाद टीम ऊर्जा नगर कॉलोनी सी टाइप में डिप्टी मैनेजर सिविल विपिन कुमार सीबीआई धनबाद ने सर्च किया। यहां भी राशि मिली।





इसके बाद टीम राजमहल परियोजना के चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव सिलांग स्थित बंगला में दबीश दी। जैसे जैसे सर्च अभियान बढ़ता गया। टीम को कई कागजात के साथ नगदी राशि बरामद होने लगी। सीबीआई टीम को कई ऐसे कागजात मिले हो चौकाने वाले है। साथ ही काफी चल अचल संपत्ति का पता चला है। जिसका सत्यापन कराया जाएगा।

बताया जाता है कि सीबीआई टीम को पहले ही अधिकारियों के कारनामे की भनक लग गई थी। सोमवार सुबह परियोजना कार्यालय पहुंच कर कागजात की मांग की। इसकी भनक सकतोड़िया मुख्यालय तक पहुंच गई।

घूंस मांगने वाले अधिकारियों में राजमहल परियोजना के चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव, डिप्टी मैनेजर सिविल विपिन कुमार और सहायक राजस्व निरीक्षक पवन महतो व मुआवजा भुगतान से संबंधित कागजात का मिलान के साथ सत्यापन कराया गया। इसके बाद आगे की कार्रवाई सीबीआई ने की। सीबीआई की नजर पेटल ओवरसियर पर भी है। बताया जाता है कि इसको सीबीआई आने की भनक लग गई थी। इसके पास भी बोरा में भारी मात्रा में राशि थी। लेकिन वह स्थिति को देखते हुए वहां से राशि ले कर निकल गया। टीम इसको लेकर भी नजर बनाए हुए है।

सीबीआई ने सोमवार को कार्रवाई की। शनिवार व रविवार को कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद व ईसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता पूरी टीम के साथ राजमहल परियोजना के दौरे पर थे।

यहां काम के दौरान पारदर्शिता के साथ जमीन संबंधित मुआवजा भुगतान को लेकर पाठ पढ़ाया। इनके जाते ही तीन अधिकारियों को सीबीआई ने पकड़ लिया।

## भीषण गर्मी में सब स्टेशन की अर्थिंग सूखी, वोल्टेज की समस्या बढ़ी

**धनबाद, एजेंसी।** इस भीषण गर्मी में सब स्टेशन की अर्थिंग सूख गई है। इससे जिले में वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है। दोपहर व शाम से लेकर रात 10 बजे तक पंखा चलाने पर भी पसीने निकल रहे है जबकि सुबह राहत है। वहीं सब स्टेशन की अर्थिंग सूखने से कभी लो वोल्टेज तो कभी हाईवोल्टेज हो रहा है। इससे घरों में टीवी, कूलर, पंखा, सीएफएल बल्ब, फ्रिज जैसे उपकरण में खराबी की आशंका बढ़ गई है। वोल्टेज को मेंटेन करने के लिए विभाग सब स्टेशन में पानी का छिड़काव कर रहा है। पर्याप्त वोल्टेज के लिए विभाग बारिश का इंतजार कर रहा है। बारिश होने से जमीन नमी होगी, जिससे अर्थिंग को पावर मिलेगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या से परेशान:** जिले में 30 से अधिक सब स्टेशन है, जहां से पूरे जिले को बिजली आपूर्ति की जा रही है। शहरी क्षेत्र के पुराना बाजार, बैंकमोड़, जोड़ाफाटक, धनसार, वासेपुर, भूली, पांडरपाला, नया बाजार, मनईटांड़, बरमसिया, कुसुम विहार, कोलाकुसमा जैसे क्षेत्र में दोपहर से लेकर रात 10 बजे तक अक्सर लो वोल्टेज से लोग परेशान हैं। पंखा चलने पर भी लोग पसीने-पसीने हो रहे हैं। वहीं हीरापुर, सरायढेला, हाउसिंग कॉलोनी, धैया जैसे क्षेत्र में वोल्टेज कुछ ठीक है, लेकिन शहर से बाहर कतरास, राजगंज, बलियापुर, महुदा, सिंदरी, निरसा, टंडी, तोपचांची, झरिया सहित अन्य क्षेत्र में लो वोल्टेज से लोग पूरी तरह से परेशान हैं। कभी अधिक तो कभी कम वोल्टेज हो रहा है। इससे घरों में लगे उपकरण में खराबी होने की आशंका बढ़ गया है। कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार का कहना है कि गर्मी काफी अधिक है, इससे सब स्टेशन के अर्थिंग पूरी तरह से सूख गई है। इसे देखते अर्थिंग में पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे वोल्टेज ठीक रहे। अर्थिंग सूखने से सब स्टेशन पर भी असर पड़ेगा। खराबी सहित अन्य प्रकार की समस्या भी उत्पन्न होगी। बारिश होने से काफी राहत मिलेगी।

## चुनावी महासंग्राम में राम नाम का सहारा, भाजपा को 11 पर भरोसा और कांग्रेस का 9 पर हाथ

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा के चुनावी संग्राम में राम नाम का प्रताप दिख रहा है। भाजपा के 11 राम महायुद्ध लड़ रहे हैं। पार्टी के दो सहयोगी दलों के दो और राम ताल ठोक रहे हैं।

कांग्रेस के भी नौ राम रणक्षेत्र में हुंकार भर रहे हैं। मैदान में पूरी ताकत से सीता और भरत भी हैं। इसके अलावा विष्णु व महेश चुनावी समर में कूद पड़े हैं।

अर्जुन भी लक्ष्य की ओर निशाना साधे हुए हैं। कृष्ण का पराक्रम नज़र आ रहा हैऔर रणकौशल दिखाने के लिए समराग्नि में अभिमन्यु भी हैं।

विष्णु दत्त को खजुराहो से भाजपा), विष्णु पद रे को अंडमान निकोबार द्वीप समूह से भाजपा और एमके विष्णु प्रसाद-कुड्डालोर को कांग्रेस ने चुनावी लड़ाई में विजय के लिए उतारा है।

दुर्गा दास उइके - बैतूल (भाजपा), काली सेट्टी अलप्पा नायडू - विजय नगरम



(टीडीपी) व काली चरण सिंह-चतरा (भाजपा), सीता सोरेन - दुमका (भाजपा), कन्हैया कुमार- उत्तर पूर्व दिल्ली (कांग्रेस), लक्ष्मी नारायण-अनंतपुर (टीडीपी), राधेश्याम राठिया रायगढ़ (भाजपा) महासमर में संघर्ष कर रहे हैं।

शंकर लालवानी इंदौर (भाजपा), सी रघुनाथ- कन्नूर (भाजपा) से हैं। महादेव जानकर - परभनी राष्ट्रीय समाज पक्ष, महेश कश्यप - बस्तर भाजपा व अभिमन्यु सेठी-भद्रक भाजपा से चुनावी दंगल में हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी पार्टी के प्रमुख चेहरा हैं। चुनाव में पूरे दमखम के साथ मैदान में हैं। वायनाड व रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने चुरू सीट से राहुल कस्वां को मैदान में उतारा है। उधर, भाजपा ने भी दो स्थानों क्रमशः मुंबई साउथ सेंट्रल से राहुल शेलवे व दामोह से राहुल लोधी पर विश्वास जताया है।

भाजपा ने अरुण उदय पाल चौधरी उलूबेरिया, अरुण भारती जमुई (लोजपा), अरुण गोविल मेरठ व अरुण कुमार सागर को शाहजहांपुर से टिकट दिया है। अर्जुन सिंह बैरकपुर, अर्जुन मुंडा खूंटी व अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर से लक्ष्य को भेदने के लिए लड़ाई में उतरे हैं। भाजपा ने संजय जायसवाल पश्चिमी चंपारण, संजय टंडन चंडीगढ़, संजय सेठ रांची, संजय पाटिल सांगली, संजय मांडलिक कोल्हापुर व बांदी संजय कुमार को करीमनगर लोकसभा सीट से टिकट दिया है। वहीं, पार्टी ने अशोक कुमार यादव मधुबनी, अशोक तंवर सिरसा, अशोक महादेव राव नेते गढ़चिरोली चिमूर, अशोक कंडारी जामनगर व अशोक पुरकैत को मथुरापुर से संघर्ष के लिए मैदान में उतारा है।

## छठे चरण से आइएनडीआइए को अधिक उम्मीद, जीत हासिल करने के लिए झोंक दी पूरी ताकत

**रांची।, एजेंसी।** झारखंड में अगले चरण के चुनाव में जिन चार सीटों पर वोट पड़ने हैं वहां आइएनडीआइए को अधिक संभावनाएं दिख रही हैं और यही कारण है कि चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी गई है। इस चरण की सीटों पर कांग्रेस के मजबूत होते जनाधार को देखते हुए पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पहली बार चुनाव प्रचार करने आ रही हैं।

दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी पूरी ताकत लगा दी है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में शरीक होकर पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार कर रहे हैं। कल्पना सोरेन मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान की अपील करने पहुंची थीं।

गठबंधन के नेता चारों सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बड़ी सभाओं से लेकर नुक्कड़ सभा तक आयोजित कर रहे हैं। जिन चार सीटों



पर चुनाव होना है उन सभी सीटों पर सीधा मुकाबला होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कोई तीसरा मजबूत कोण नहीं होने से मुकाबले पर असर पड़ रहा है।

अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की चुनावी सभा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि सभा की तैयारी हेतु कार्यक्रम स्थल हाईटेंशन मैदान लोवाडीह, नामकुम का प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर जायजा लिया ताकि सभा में भाग लेने वाले नेताओं कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि चुनाव के प्रथम चरण से ही लोगों को प्रियंका गांधी द्वारा झारखंड में सभा करने की उम्मीद थी जो अब पूरा होने जा रही है। मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर जायजा लेने के लिए पहुंचनेवाले नेताओं में मानस सिन्हा, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलको, सतीश पाल मुंजनी, अशोक चौधरी, संजय लाल पासवान, शिवकुमार भगत आदि शामिल थे।

## चुनाव के लिए दिल्ली-गुजरात से मंगाए जा रहे पोस्टर-बैनर, धूल फांक रहे शहर के प्रिंटिंग प्रेस



**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक पार्टियों में सरगर्मी तेज है तो दूसरी ओर इन पार्टियों के प्रत्याशियों को प्रचार प्रसार के माध्यम से लोकप्रिय बनाने में लगी शहर की करीब 20 प्रिंटिंग एजेंसियां धूल फांक रही हैं। हमारे सफेदपोश वोकल फॉर लोकल की बात तो करते हैं लेकिन प्रचार प्रसार की सामग्रियों के निर्माण के लिए कार्पोरेट कल्चर को अपना रहे हैं।

प्रचार प्रसार की सामग्री तैयार करने वाली एजेंसियों का कहना है कि यह परिपाटी वर्ष 2019 से शुरू हुई है। इंटरनेट मीडिया और डिजिटल शेयरिंग ग्रुप ने प्रिंटिंग प्रेस के व्यवसाय को प्रभावित किया है। यही कारण है कि शहर में बैनर पोस्टर, प्रचार प्रसार सामग्रियों को बनाने वाली एजेंसियों का व्यापार 70 से 80 प्रतिशत तक गिर गया है।

यह स्थिति लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अधिक देखने को मिलती है जबकि मुखिया चुनाव में ऐसा नहीं होता है। आमतौर पर मुखिया चुनाव के समय ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रत्याशी लोकल एजेंसियों के माध्यम से ही प्रचार सामग्री का निर्माण कराते हैं, जिससे इनका व्यवसाय मुनाफे में रहता है।

लेकिन इस लोकसभा चुनाव में बड़ी पार्टियां मसलन भाजपा, कांग्रेस के प्रत्याशियों के द्वारा दिल्ली स्थित मुख्यालय से या फिर गुजरात से ही प्रिंट आर्डर कराए जाने का असर शहर के प्रिंटिंग प्रेस वालों पर देखने को मिल रहा है।

नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ प्रिंटिंग प्रेस वालों ने कहा कि प्रत्याशी लोकल, मुद्दा लोकल और प्रिंट मैटेरियल दिल्ली से मंगाया जा रहा है। इस कारण शहर के प्रिंटिंग प्रेस में सन्नाटा पसरा है।

स्थानीय तौर पर सिर्फ एकाध निर्दलीय प्रत्याशियों के द्वारा की इन्हें ऑर्डर प्राप्त हुए हैं, जो कि इनके व्यवसाय के लिए नाकाफी ही साबित हुए हैं।

कचहरी चौक स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस के संचालक संजय कुमार साहा बताते हैं कि जो सुविधा दिल्ली में मिलती है हम भी उसे फॉलो करते हैं। इसके बाद भी हमें ऑर्डर नहीं मिलता है। नतीजतन, चुनाव में कम ऑर्डर मिलने के कारण बैनर बनाने के पहले 25 रूपये प्रति स्क्वायर फीट मिलता था, घटकर 10 से 12 रूपये प्रति स्क्वायर फीट पहुंच चुका है। आयरन फ्रेम वाले बैनर फ्लैक्स 80 रूपये प्रति स्क्वायर फीट मिलते थे अब 40 रूपये प्रति स्क्वायर फीट की दर से बेचना पड़ रहा है।

### काम दिल्ली और गुजरात में वोट मांगते हैं रांची में

प्रिंटिंग प्रेस एजेंसी संचालकों का कहना है कि हमारे लोकसभा और विधानसभा के प्रत्याशी प्रिंटिंग से संबंधित कार्य दिल्ली और गुजरात में कराते हैं और वोट रांची में मांगते हैं। यदि हमें काम मिलेगा तो यहां का पैसा यहीं रहेगा, अन्यत्र नहीं जाएगा। लेकिन सारा पेंच पार्टी मुख्यालयों में जाकर फंस जाता है।

वहीं से दिल्ली की बड़ी एजेंसियों को डिजाइनिंग से लेकर प्रिंटिंग आर्डर मिल जाता है। कचहरी रोड स्थित प्रिंटिंग प्रेस संचालकों ने कहा कि ऐसा नहीं है कि दिल्ली और गुजरात में एजेंसियां जो क्वॉलिटी देती है वह हम नहीं दे सकते हैं।

हमारे यहां भी बड़ी संख्या में ऐसे ग्राहक हैं जो बंगाल, ओडिशा और त्रिपुरा जैसे राज्यों से हैं और यहां ऑर्डर प्लेस करते हैं। कहा कि शहर की ही कुछ ऐसी भी बेहतर एजेंसियां हैं जो चुनाव प्रचार की सामग्रियों का ऑर्डर तक नहीं लेती है।

### मंगेतर संग युवक जंगल में धराया

**गिरडीह/बेंगाबाद, एजेंसी।** शादी से पहले होनेवाली पत्नी के साथ जंगल में रंगरेलियां मनाते युवक को ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर धर दबोचा और दोनों को बेंगाबाद पुलिस के हवाले कर दिया। बेंगाबाद पुलिस ने दोनों को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। यह मामला ओझाडीह पंचायत के चंदनिया जंगल से जुड़ा हुआ है। युवक मंडरो का रहनेवाला है और युवती हरिला पंचायत के एक गांव की रहनेवाली है। जानकारी मिली है कि मंडरो के रहनेवाले युवक का उस युवती के साथ शादी पक्की हुई थी। एक माह के बाद दोनों की शादी होना तय हुआ था। इस बीच युवक शादी से पहले होने वाली पत्नी से मिलने और एक झलक पाने के लिए मंडरो से चलकर अपने एक अन्य दोस्त के साथ बाइक से छोटकी खरगडीहा पहुंचा था। युवक ने फोन से छोटकी खरगडीहा चौक पर उसे बुलाया। होनेवाले पति के बुलावा पर लड़की अपनी एक सहेली के साथ छोटकी खरगडीहा चौक पर आ गई। बताया जाता है कि छोटकी खरगडीहा चौक पर युवक ने अपने दोस्त को छोड़ दिया। एक बाइक से भावी पत्नी व उसकी सहेली को लेकर चौक से तीन किलोमीटर दूर चंदनिया घनघोर जंगल पहुंच गया। बाइक सड़क के किनारे खड़ी कर युवक अपने निकट भविष्य की संगिनी को लेकर जंगल में घुस गया। सहेली बाइक की निगरानी कर रही थी। घनघोर जंगल में बाइक के साथ लड़की को अकेली देख कुछ राहगीरों को संदेह हुआ। राहगीरों ने युवक की तलाश में जंगल पहुंचा। बीच जंगल से दोनों को राहगीरों ने धर दबोचा। हल्ला होने पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इस बीच ग्रामीणों ने बीच जंगल में ही दोनों की शादी रचा दी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस दोनों को बेंगाबाद थाना ले गई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री के घर बिजली चोरी पकड़ी, एक लाख से अधिक का जुर्माना; पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

**जयपुर।** राजस्थान में पूर्व मंत्री नफीस अहमद के घर बिजली चोरी पकड़ी गई है। जयपुर विधुत वितरण निगम के भवानीमंडी स्थित कार्यालय की टीम ने नफीस अहमद के घर एक लाख 25 हजार की बिजली चोरी की विजिलेंस चैकिंग रिपोर्ट (वीसीआर) भरकर कनेक्शन काट दिया। झालावाड़ जिले के पिड़ावा निवासी नफीस अहमद पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति व्यवस्थित नहीं नहीं होने को लेकर बार-बार शिकायत करत रहे थे। इस पर मंगलवार को अधीक्षण अभियंता शंभूनाथ के नेतृत्व में टीम नफीस अहमद के घर पहुंची। बिजलीकर्मी व्यवस्थित आपूर्ति नहीं होने की जांच करने लगे तो लाइन में बिजली चोरी पकड़ी गई। इस पर बिजली चोरी की रिपोर्ट तैयार करते हुए जुर्माना अदा करने का नोटिस दिया गया है। नफीस अहमद के घर में बिजली की सर्विस लाइन में कट लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी। इस पर टीम ने मीटर हटाकर कनेक्शन काट दिया। अब यदि पूर्वमंत्री तय समय सीमा में जुर्माना अदा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि नफीस अहमद साल,1990 में स्व.भैरोंसिंह शेखावत सरकार में जनता दल कोटे से मोटर गैराज राज्यमंत्री बने थे।

### राम मंदिर सहित कई मुद्दों पर भड़का रही भाजपा, खरगे ने कहा- भाजपा को बहुमत हासिल करने से रोकेगा इंडी गठबंधन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर राम मंदिर, हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर लोगों को बार-बार भड़काने और उन्हें भावनात्मक रूप से लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि लोग अब सत्तारूढ़ पार्टी का असली रंग समझ गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। खरगे ने एक साक्षात्कार में कहा कि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के पक्ष में भीतर ही भीतर लहर चल रही है और यह गठजोड़ लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत हासिल करने से रोकने में सफल रहेगा। जनता अब हमारे समर्थन में और उस भाजपा तथा आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ लड़ रही है, जो समाज में नफरत एवं विभाजन फैलाते हैं। लोगों को लगता है कि यह लड़ाई अब लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है और वे हमारी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। मुझे लगता है कि भाजपा अपनी सरकार नहीं बना पाएगी। कांग्रेस प्रमुख ने कहा- केवल हम ही नहीं, बल्कि जनता भी हमारे लिए लड़ रही है। हम जिस विचारधारा को मानते हैं, लोग उसका समर्थन कर रहे हैं और हमारे लिए लड़ रहे हैं। यह स्पष्ट है कि भाजपा पिछड़ जाएगी और हम आगे बढ़ेंगे। खरगे का कहना था कि लोग महंगाई और बेरोजगारी से भी परेशान हैं, जो इस चुनाव में दो प्रमुख मुद्दे बनकर उभरे हैं। भाजपा पहले किए गए वादों को भी पूरा नहीं कर पाई है, चाहे वह दो करोड़ नौकरियां देना हो, विदेश से काला धन वापस लाना हो या किसानों की आय दोगुनी करना हो। ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी प्रतिदिन हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी कर रहे हैं और समाज में नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके चलते उन्हें सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के इरादे साफ नहीं हैं, क्योंकि वह चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के साथ प्रतिदिन नफरत भरे भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भैंस छीनने और मुसलमानों को बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा देने जैसी बातें करते हैं। ऐसी बातें कहकर वह खुद समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। उन्होंने मोदी से हिंदू-मुस्लिम पर अपने भाषणों का रिकार्ड देखने का आग्रह करते हुए यह भी कहा कि इस पर भी वह झूठ बोल रहे हैं।

# अंटार्कटिका में पर्यटन को लेकर भारत ने जताई चिंता, कहा- बर्फीले महाद्वीप में टूरिज्म नियंत्रित करने की जरूरत

**कोच्चि, एजेंसी।** भारत ने मंगलवार को अंटार्कटिका में नियंत्रित पर्यटन की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि यह एक बड़ा मुद्दा है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में बर्फीले महाद्वीप में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरन रिजिजू ने यहां 46वीं अंटार्कटिका संधि सलाहकार बैठक (एटीसीएम) के उद्घाटन के अवसर पर कहा, यह बर्फीला विस्तार सिर्फ एक जमा हुआ रेगिस्तान नहीं है बल्कि यह एक गतिशील, जीवित प्रयोगशाला है, जो सुरक्षा और अध्ययन के लिए हमारी सर्वोच्च प्रतिबद्धता की मांग करती है। अंटार्कटिका के लिए संसद के रूप में माना जाने वाला एटीसीएम 56 देशों की भागीदारी के साथ बर्फीले महाद्वीप की देखरेख के लिए सर्वोच्च मंच है। इनमें से 29 देशों को सलाहकार का दर्जा मिला है। यह



दर्जा निर्णय लेने की शक्तियों के साथ आता है। एटीसीएम सभी निर्णय सर्वसम्मति से लेता है। एटीसीएम में अंटार्कटिका में पर्यटन के नियमन की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक अलग कार्य समूह बनाया गया है।

## नोएडा एयरपोर्ट तक ट्रेन भी चलेगी, 61 किमी का ट्रैक; एनसीआर में कहां-कहां नए रेलवे स्टेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग से जोड़ा जाएगा। इस ट्रैक पर पांच नए स्टेशन बनेंगे। उत्तर मध्य रेलवे ने मंगलवार को इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाकर प्रस्तुत कर दी है। भारत सरकार और रेल मंत्रालय ने परियोजना को मंजूरी भी दे दी है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा और मुंबई से जोड़ने की योजना एक वर्ष पहले बननी शुरू हुई थी। उत्तर मध्य रेलवे को स्टडी कर डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। रेलवे ने अब इसका खाका तैयार कर मंगलवार को डीपीआर प्रस्तुत कर दी। इन दोनों रेलमार्ग को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 61 किलोमीटर का ट्रैक बिछेगा। यह ट्रैक हरिणाया में पलवल के पास रुंधी स्टेशन से शुरू होगा और यमुना को पार कर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा। फिर नोएडा एयरपोर्ट से होते हुए बुलंदशहर के चोला स्टेशन पर खत्म होगा। ट्रैक बिछने के बाद एयरपोर्ट से रुंधी स्टेशन की दूरी 19.20 किलोमीटर और चोला स्टेशन से एयरपोर्ट की 18.6 किलोमीटर रहेगी। एयरपोर्ट पर जीटीसी तक भूमिगत ट्रैक बनाकर नमो भारत को जोड़ने का भी प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा बुलेट ट्रेन चलाने को लेकर भी बात चल रही है। तीनों ट्रेनों को जीटीसी से कनेक्ट करना आसान नहीं होगा। ऐसे में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) किन्हीं दो ट्रेनों से जोड़ने पर विचार कर रहा है।

## महिलाओं की दुर्दशा से दुखी हूं, चुनाव जीतते ही करूंगी संदेशखाली का दौरा:ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बशीरहाट लोकसभा सीट के लिए एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि वह टीएमसी उम्मीदवार हाजी नुरुल की जीत के बाद संदेशखाली का दौरा करेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत के बाद कुछ ही दिनों के भीतर संदेशखाली में सभी लोगों से मिलेंगी। ममता ने दावा किया कि संदेशखाली की महिलाओं ने भाजपा का प्लान नाकाम कर दिया है। महिलाओं पर हमले, जमीन पर कब्जा करने और अन्य आरोपों की शिकायतों के बाद सुर्खियां बटोरने के बाद संदेशखाली में बनर्जी की यह पहली यात्रा होगी।

मंगलवार को बशीरहाट में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, मुझे संदेशखाली की महिलाओं और जिस तरह से उन्हें अपमानित किया गया, उसके लिए खेद है। किसी को भी महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। बता दें कि सुंदरबन की सीमा से लगे संदेशखली के नदी किनारे क्षेत्र उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। यहां से टीएमसी ने हाजी नुरुल को पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। ममता बनर्जी ने जनसभा में लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, संदेशखाली के बारे में झूठ अब सामने आ गया है। वे फिर से संदेशखली जा रहे हैं। भाजपा के पास हिंसा भड़काने की नई योजना है। हम किसी भी तरह की हिंसा की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि अनादर का खेल फिर कभी किसी और द्वारा नहीं खेला जाए। अगर चीजें सामने नहीं आई होतीं, तो लोग संदेशखाली में भाजपा की साजिश नहीं समझ पाते।

भाजपा के विज्ञापनों पर कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा गरीबों को पैसा देने के बजाय झूठ फैलाने के लिए विज्ञापनों पर पैसा बर्बाद कर रही है। बनर्जी ने कहा, हाई कोर्ट के आदेश ने साबित कर दिया है कि हमारे दावे सही थे। भगवान जगन्नाथ पर भाजपा प्रवक्ता और पार्टी उम्मीदवार संबित पात्रा की टिप्पणी पर बनर्जी ने कहा, भाजपा का दुस्साहस यह है कि एक नेता कह रहा है कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। अगर यह सच है, तो किसी को मंदिर में ही रहना चाहिए। और हम आपकी पूजा करेंगे, जैसे हम भगवान जगन्नाथ की करते हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले धुपगुड़ी में हमारी एक महिला कार्यकर्ता को एआईटीसी का हिस्सा बनने के लिए भाजपा द्वारा बार-बार धमकी दी गई। भाजपा ने चेतावनी दी कि अगर उसने अपना जुड़ाव तृणमूल कांग्रेस के साथ खत्म नहीं किया तो उसके परिवार के स्वामित्व वाले पेट्रोल पंप को बंद कर दिया जाएगा।

# दिल्ली, यूपी और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में गर्मी दिखा रही तेवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत के राज्यों में अभी गर्मी के तेवर में नरमी के कोई संकेत नहीं हैं। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) ने रेड अलर्ट की स्थिति को अगले पांच दिनों के लिए बढ़ा दिया है। पश्चिम-उत्तर की तरफ से लगातार आ रही शुष्क हवा को देखते हुए माना जा रहा कि सप्ताह भर तक ऐसी ही स्थिति बन रह सकती है।

पाकिस्तान में एक पश्चिम विक्षोभ की स्थिति जरूर बन रही है, लेकिन उसकी दिशा अभी बहुत स्पष्ट नहीं है। ऐसे में पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी का सिलसिला जारी रह सकता है। स्थानीय कारणों से हरियाणा एवं दिल्ली के कुछ स्थानों पर सोमवार को हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई, लेकिन इससे अधिकतम तापमान पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम के मैदानी क्षेत्रों में यथास्थिति की आशंका जताई है।




गुजरात एवं राजस्थान से होकर आने वाली गर्म हवा ने 17 मार्च से दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत के अन्य राज्यों को भी चपेट में ले लिया। असर मध्य प्रदेश तक देखा जा रहा है। अधिकतम तापमान में गिरावट के संकेत नहीं है। यहां तक कि अगले 24 घंटे के दौरान कुछ स्थानों के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

मौसम विभाग ने बताया है कि सोमवार को दिल्ली के आसपास 20 से 40 किमी की रफ्तार से हवा चली। जाफरपुर, नजफगढ़, द्वारका, पालम, एयरपोर्ट, आयानगर एवं हरियाणा के झज्जर, गुरुग्राम, फरुखनगर के कुछ स्थानों में हल्की वर्षा भी हुई, किंतु उससे अधिकतम तापमान में कोई राहत नहीं मिल पाई।

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर मंगलवार से कम दबाव का एक क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने और 24 मई की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में आकर एक चक्रवात में बदलने की आशंका है। यह उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ना जारी रखेगा। धीरे-धीरे तेज होता जाएगा।

24 से 25 मई के बीच बंगाल की खाड़ी में 70 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इसे देखते हुए मछुआरों को समुद्र से शीघ्र लौट आने की सलाह दी गई है। इस बीच बंगाल एवं बिहार के सीमांचल समेत कई क्षेत्रों में प्री-मानसून वर्षा प्रारंभ हो गई है। मध्य प्रदेश एवं विदर्भ की कुछ जगहों पर ओलावृष्टि से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इस बीच, मौसम विभाग ने बताया है कि मानसून 19 मई को निकोबार के द्वीपों तक पहुंच चुका है। अरब सागर से आगे कोमोरिन क्षेत्र, मालदीव एवं बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्से की ओर यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अगले दो दिनों में दक्षिण-पूर्व के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। केरल, तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश समेत दक्षिण के कई राज्यों में भारी बारिश की स्थितियां बनी हुई हैं।

## हिमंत के कहने पर आईपीएस से इस्तीफा दिया, बक्सर में लड़ रहे आनंद मिश्रा का दावा- बीजेपी ने धोखा दिया

**बक्सर, एजेंसी।** बिहार की बक्सर लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने बीजेपी पर धोखा देने का आरोप लगाया है। मिश्रा ने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कहने पर ही उन्होंने आईपीएस की नौकरी छोड़ी थी। सरमा ने उन्हें बीजेपी में बड़ा पद देने का वादा किया था। बता दें कि आनंद मिश्रा ने बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर बक्सर से निर्दलीय पर्चा भरा, जिससे यहां लड़ाई त्रिकोणीय बन गई है।

भोजपुर जिले के रहने वाले आनंद मिश्रा 2011 बैच के असम कैडर के आईपीएस रहे। पिछले साल उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया और राजनीति में कदम रखा। आनंद मिश्रा के बीजेपी ज्वाइन कर बक्सर से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें थीं। मगर पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में बक्सर से मौजूदा सांसद अश्विनी चौबे का टिकट काटकर मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया। इसके बाद आनंद मिश्रा ने बक्सर से निर्दलीय नामांकन किया, इस सीट पर आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होना है। इंडिया टूडे से इटंरव्यू में आनंद मिश्रा ने कहा, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने उन्हें बीजेपी में शामिल करने का वादा किया था। उन्होंने गारंटी दी थी कि वह मुझे बीजेपी में महत्वपूर्ण भूमिका देंगे।

## छोले-भटूरे बेच रहा था 20 साल पहले मर्डर करके भागा आरोपी, पुलिस ने दो दिन आम बेचकर पकड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने 41 साल के एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो 20 साल पहले करवा चौथ के दिन दिल्ली में हुए एक अनाज व्यापारी के अपहरण और उसके कत्ल की वारदात में शामिल था। पुलिस के मुताबिक आरोपी नाम बदलकर उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में रह रहा था और वहां छोले-भटूरे का ठेला लगा रहा था। सबसे खास बात ये है कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने भी तगड़ा जाल बिछाया। इसके लिए एक पुलिसकर्मी को आम का ठेला लगाने वाला बनाकर भेजा गया और आरोपी की पहचान पुख्ता होते ही उसे गिरफ्तार कर लिया।

बीस साल से फरार इस आरोपी का असली नाम सिपाही लाल है, लेकिन यह मैनपुरी में गुरदयाल छोले वाला बनकर रह रहा था। आरोपी ने 20 साल पहले अपने मालिक के साथ मिलकर दिल्ली के एक व्यापारी को प्रताड़ित किया था और फिर चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

पुलिस उपायुक्त राकेश पावरिया ने इस केस की जानकारी देते हुए बताया, यह घटना 31 अक्टूबर 2004 की है। वह करवा चौथ का दिन था। उस दिन मुख्य आरोपी ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर फिरौती के लिए अनाज व्यापारी रमेश गुप्ता का अपहरण कर लिया। हालांकि आरोपी फिरौती के लिए फोन नहीं कर सका और इसके बाद उसने व्यापारी के चेहरे पर कई बार पेंट छिड़ककर और चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी। डीसीपी ने कहा, दिल्ली के शकरपुर इलाके में रहने वाले रमेश चंद गुप्ता उस रोज किसी काम से अपनी कार में घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। उनके परिवार के सदस्यों ने उनके मोबाइल फोन पर कई बार कॉल किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

## कन्हैया कुमार पर हमला करने के आरोपी को जमानत, अन्य को पकड़ने की कोशिशें जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में 17 मई को कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार पर हमला करने और एक महिला नेत्री का अपमान करने के आरोपी को जमानत दे दी। हमला करने की कथित घटना पिछले शुक्रवार को हुई जब कन्हैया कुमार न्यू उस्मानपुर स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय में लोगों से बातचीत कर रहे थे। बैठक की मेजबानी महिला नेता ने की थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी अजय कुमार को न्यू उस्मानपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार पर हमले की घटना का कथित वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कन्हैया कुमार से बातचीत करते हुए कुछ लोगों ने उन्हें माला पहनाई। कन्हैया कुमार पर स्याही फेंकी गई। साथ ही उन पर हमला करने की कोशिश की गई। जब महिला नेता ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उनके साथ भी बदसलूकी की। दिल्ली पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों को पकड़ने की कोशिशें जारी हैं। यह घटना उस वक्त हुई थी जब कन्हैया कुमार स्थानीय पार्षद छाया शर्मा के साथ बैठक के बाद न्यू उस्मानपुर में आम आदमी पार्टी के कार्यालय से बाहर आ रहे थे। छाया शर्मा की शिकायत पर आरोपी के



खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट आरुषि परवाल ने आरोपी अजय कुमार उर्फ ??रणवीर भाटी को 25 हजार रुपये के बांड पर जमानत दे दी। स्रद्धक्र के मुताबिक, कुछ लोग आये और कन्हैया कुमार के गले में माला पहनाने के बाद उन पर स्याही फेंक दी और उनके साथ मारपीट की कोशिश की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ द्धक्ष्ट की धाराओं 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 341 (गलत तरीके से रोकना), 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से उस पर हमला करना), 506 (आपराधिक धमकी) और 34 (साझा इरादा) के तहत केस दर्ज किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एफआईआर में लगाए।

# नोएडा के 22 बिल्डरों ने जमा करा दिया पैसा, रजिस्ट्री का खुला रास्ता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 1700 लोगों को अपने फ्लैटों का मालिकाना हक मिल सकेगा। इसके लिए 22 बिल्डरों ने अमिताभ कांत समिति की सिफारियों को स्वीकार करते हुए 245 करोड़ रुपये नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में जमा कर दिए। प्राधिकरण की ओर से इन फ्लैटों की रजिस्ट्री कराई जाएगी। शहर में अब तक 650 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार 22 बिल्डरों ने कुल बकाये की 25 प्रतिशत राशि जमा की है। इस राशि के आधार पर 1700 रजिस्ट्री हो सकती है। वहीं, आठ बिल्डरों ने कुल बकाये के 25 प्रतिशत राशि का कुछ हिस्सा जमा किया है। लिहाजा इनकी रजिस्ट्री की गणना अब तक नहीं की गई है। जब इनकी ओर से 25 प्रतिशत राशि जमा करा दी जाएगी, तब रजिस्ट्री की संभावना वाले यूनिट की गणना की जाएगी। नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रजिस्ट्री



विभाग के अनुसार अब तक करीब 650 रजिस्ट्री हो चुकी है। नोएडा प्राधिकरण के बकायेदार बिल्डरों में से 12 बिल्डर न तो धनराशि जमा कराने की सहमति दे रहे हैं और न ही रकम जमा करा रहे हैं। इन पर करीब 1696 करोड़ रुपये बकाया हैं। उनके साथ प्राधिकरण के अधिकारी अनेक बार बैठक कर चुके हैं, लेकिन उनका सकारात्मक जवाब नहीं मिला।

इन बिल्डरों में सेक्टर-50 का टीजीबी इंफ्रास्ट्रक्चर, सेक्टर-137 का एमपीजी रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-121 का रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-77 का सिविटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-61 का मनीषा कीबी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-118 का आईवीआर प्राइम, सेक्टर-78 का एसोटेक, सेक्टर-44 का एसोटेक कांट्रेक्टर्स लिमिटेड, सेक्टर-120 का आरजी रेजिडेंसी प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-75 का गार्डेनिया इंडिया लिमिटेड, सेक्टर-75 का फ्यूटेक शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड और सेक्टर-77 का एवीपी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन बिल्डरों को सात मई को प्राधिकरण ने नोटिस भेजा है। नोटिस में बकाया जमा नहीं कराने पर आवंटन निरस्त करने और संपत्ति अटैच करने को कहा गया है।

## डीपीएस, डीएवी सहित 30 स्कूलों को नोएडा अथॉरिटी ने भेजा नोटिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में निजी स्कूलों की बसें सड़कों पर खड़ी होने से लगने वाले जाम और हादसों को रोकने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाया है। इस संबंध में 30 निजी स्कूलों को नोटिस जारी किया गया। निजी बस ऑपरेटरों को भी सड़कों पर बसें खड़ी करने की अनुमति नहीं होगी। बसें सड़क पर खड़ी मिली तो चालान काटे जाएंगे। बस को जब्त कर लिया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि स्कूलों और निजी बस संचालकों को सड़कों पर बसें खड़ा न करने के नोटिस जारी करना शुरू कर दिया गया है। अब तक करीब 30 स्कूलों को नोटिस जारी किया जा चुका है कि वे अपनी बसों को स्कूल परिसर के अंदर ही खड़ा करें। यदि स्कूल इस आदेश का पालन नहीं करते हैं तो धारा 10 के तहत नोटिस जारी किया जाएगा, जिसमें स्कूल के भूखंड के आवंटन को निरस्त करने तक का प्रावधान है। सभी स्कूल और निजी बसों को सेक्टर-69 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में ही खड़ा किया जाए। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्कूलों की छुट्टियां चल रही हैं, लेकिन जुलाई से इस आदेश का सख्त रूप से पालन कराया जाएगा। सड़कों पर बसें खड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम ने तीन सप्ताह पहले सेक्टर-25ए के एक खाली मैदान में स्कूल बसों को खड़ा देखा था और नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मलेशिया मास्टर्स के दूसरे राउंड में पहुंची सिंधु



**कुआलालम्पुर, एजेंसी।** दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिलमूर को बुधवार को सीधे गेमों में हराकर मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने विश्व की 22वें नंबर की स्कॉटलैंड की खिलाड़ी को 21-17, 21-16 से हराया। सिंधु 2013 और 2016 में मलेशिया मास्टर्स खिताब जीत चुकी हैं। 28 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का वर्ष का यह सातवां टूर्नामेंट है। वह फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में चोटिल होने के बाद से कोर्ट पर लौटी हैं। उन्होंने पेरिस ओलम्पिक की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हाल में उबेर कप और थाईलैंड ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। मिश्रित युगल में बी. सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग की लुई चुन वेई और फू ची यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

### ऋषभ पंत या संजू सैमसन, टी20 विश्व कप के लिए युवराज सिंह ने इस पर जताया भरोसा ऋषभ



**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवराज सिंह ने टी20 विश्व कप 2024 में बाएं-दाएं बल्लेबाजी संयोजन के लिए अपनी प्राथमिकता पर कायम रहते हुए युवराज ने महत्वपूर्ण विकेटकीपर की भूमिका के लिए संजू सैमसन की तुलना में ऋषभ पंत को प्राथमिकता दी है। टी20 विश्व कप एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा और भारत अपने अभियान की शुरूआत 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

दोनों विकेटकीपर बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। संजू सैमसन ने न केवल कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है, बल्कि इस साल राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्लेबाजी क्रम में भी अहम भूमिका निभाई है। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने 14 मैचों में पांच अर्द्धशतकों के साथ 156.32 के शानदार स्ट्राइक रेट सहित 504 रन बनाए हैं, जबकि अपनी टीम को आठ जीत और प्लेऑफ में जगह दिलाई है।

दूसरी ओर ऋषभ पंत ने एक घातक कार दुर्घटना से उबरने के बाद शानदार वापसी की जिसने उन्हें 14 महीने तक मैदान से दूर रखा। सीजन की शांत शुरुआत के बावजूद 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तेजी से वापसी की और 13 मैचों में 155.40 के स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

युवराज ने कहा, मैं ऋषभ को चुनूंगा। जाहिर है संजू भी शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन ऋषभ बाएं हाथ के हैं और मेरा मानना ??है कि ऋषभ में भारत के लिए मैच जीतने की अपार क्षमता है, जो उन्होंने अतीत में किया है। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में बहुत कुछ है और मुझे लगता है कि वह बड़े मंच पर मैच विजेता हो सकता है।

# वापसी के बेहद करीब हैं शमी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी को फैंस ने आईपीएल 2024 में बहुत मिस किया. भारतीय तेज़ गेंदबाज़ इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट के पिछले सीज़न में गुजरात के पेसर ने सबसे ज़्यादा विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किया था. लेकिन इन दिनों वह इंजरी के चलते क्रिकेट से दूर हैं, जिसकी वजह से आईपीएल 2024 का हिस्सा नहीं बन सके. लेकिन अब जल्द ही उनकी वापसी हो सकती है. शमी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे हैं.

भारत की सरज़मीं पर खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से शमी वापसी नहीं कर सके हैं. उन्होंने आखिरी मुकाबला वनडे विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था. विश्व कप में भी शमी चोट के साथ खेले थे. उन्होंने बाद में इस बात का खुलासा करते हुए बताया था कि वह वनडे विश्व कप के मैचों के बाद दर्द के चलते इंजेक्शन लिया करते थे. उनकी एड़ी में चोट लगी थी.

इस इंजरी के लिए भारतीय पेसर ने 26 फरवरी, 2024 को सर्जरी करवाई थी, जिससे वह अब अच्छी तरह से उबर रहे हैं. शमी की इस इंजरी पर अपडेट देते हुए बीसीसीआई ने बताया था कि वह आईपीएल के बाद होने वाला टी20 विश्व कप भी नहीं खेल सकेंगे.

#### अब वापसी के लिए जमकर बहा रहे हैं पसीना


अब शमी इंजरी से वापसी के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं. वह जिम में पसीना बहा रहे हैं. सर्जरी से वह लगभग रिकवर हो चुके हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो सितंबर तक शमी की वापसी हो सकती है. हालांकि अभी उनकी वापसी को लेकर किसी भी तरह का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

#### वनडे वर्ल्ड कप 2023 में जमकर बरपाया कहर

गौरतलब है कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शमी सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे थे. उन्होंने 7 मैचों में 10.71 की बेहद ही शानदार औसत से 24 विकेट झटके थे. इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जैम्पा दूसरे नंबर पर थे, जिन्होंने 23 विकेट लिए थे. हालांकि जैम्पा ने 11 मैचों में 23 विकेट चटकाए थे.

## आईपीएल 2024

# वेंकटेश अय्यर ने रच दिया इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का पहला क्वालीफायर मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। इस मैच में केकेआर की टीम ने दमदार खेल दिया और हैदराबाद को एकतरफा अंदाज में 8 विकेट से हरा दिया। ये चौथा मौका है जब केकेआर ने आईपीएल के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

इस क्वालीफायर मैच में 29 साल के वेंकटेश अय्यर के बल्ले से मैच विनिंग पारी देखने को मिली। इस दौरान वेंकटेश अय्यर ने एक ऐसा कारनामा किया जो इससे पहले किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने नहीं किया था।

#### वेंकटेश अय्यर की ऐतिहासिक पारी

वेंकटेश अय्यर ने इस मैच में 28 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 182.14 की स्ट्राइक रेट से 5 चौके और 4 छक्के जड़े। बता दें ये आईपीएल प्लेऑफ में वेंकटेश अय्यर का तीसरा अर्धशतक है और ये तीनों अर्धशतक लगातार तीन पारियों में आए हैं।

इसी के बाद वेंकटेश अय्यर भारत के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने आईपीएल प्लेऑफ की लगातार तीन पारियों में 50+ रन बनाए हैं। उन्होंने इससे पहले साल 2021 प्लेऑफ में 2 अर्धशतक लगाए थे और अब इस सीजन में तीसरा अर्धशतक आया है।

#### प्लेऑफ में वेंकटेश अय्यर का स्कोर

26 रन (30 गेंद) - बनाम आरसीबी, शारजाह, 2021

55 रन (41 गेंद) - बनाम दिल्ली कैपिटल्स, शारजाह, 2021

50 रन (32 गेंद) - बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, दुबई, 2021

51* रन (28 गेंद) - बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, अहमदाबाद, 2024

#### लेंडल सिमंस की कर ली बराबरी

आईपीएल में वेंकटेश अय्यर के अलावा सिर्फ लेंडल सिमंस ही वो बल्लेबाज हैं जिन्होंने लगातार 3 प्लेऑफ मैचों में 50+ रन बनाए हैं। लेंडल सिमंस ने 2014 और 2015 आईपीएल के दौरान ये कारनामा किया था। उन्होंने 2014 एलिमिनेटर मैच में, 2015 क्वालीफायर और फाइनल में 50+ रन की पारियां खेली थीं।

#### ऐसा रहा आईपीएल 2024 का पहला क्वालीफायर मैच

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। उन्होंने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 159 रन बनाए और उनकी टीम ऑलआउट हो गई। इसके बाद केकेआर के बल्लेबाजों ने काफी तेज शुरुआत की और सिर्फ 13.4 ओवर में ही 2 विकेट खोकर 164 रन बना इस मैच को अपने नाम कर लिया।

## मलयेशिया मास्टर्स बैडमिंटन

# त्रिशा-गायत्री दूसरे दौर में, ताईवान की जोड़ी को 21-14, 21-10 से हराया



**क्वालालंपुर , एजेंसी।** क्वालिफाइंग दौर में चार भारतीय शटलरों को हार का सामना करना पड़ा। कोई भी मुख्य दौर में जगह नहीं बना सका। ओडिशा ओपन सुपर 100 का खिताब जीतने वाले सतीश कुमार ने मलयेशिया के चियाम जुन वेई को 21-15, 21-19 से हराया।

सातवीं वरीय भारतीय जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मलयेशियाई मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। र

ाष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने ताईवान की हुआंग यू सुन और लियांग टिंग यू को सीधे गेमों में 21-14, 21-10 से परास्त किया। क्वालिफाइंग दौर में चार भारतीय शटलरों को हार का सामना करना पड़ा। कोई भी मुख्य दौर में जगह नहीं बना सका। ओडिशा ओपन सुपर 100 का खिताब जीतने वाले सतीश कुमार ने मलयेशिया के चियाम जुन वेई को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन वह इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से नजदीकी मुकाबले में हार गए।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने गुलशन कुमार को हराया, लेकिन अगले दौर में वह थाईलैंड के पानित्चफोन से 21-23, 21-16, 17-21 से हार गए। शंकर सुब्रमण्यन और तान्या हेमंत को भी हार मिली। युगल में पलक अरोड़ा-उन्नति हुड्डा भी शुरुआती दौर में हारीं।




### विश्व पैरा एथलेटिक्स में सचिन खिलारी ने जीता गोल्ड

**कोबे (जापान), एजेंसी।** भारत के सचिन सर्जेराव खिलारी ने बुधवार को विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉट पुट एफ46 वर्ग में 16.30 मीटर के एशियाई रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। यह भारत का पांचवां गोल्ड है, जो विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश के लिए एक नया रिकॉर्ड है।

पेरिस में चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में सचिन ने पुरुषों की शॉट पुट एफ46 स्पर्धा में 16.21 मीटर के थ्रो के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड जीता था। इस दौरान, उन्होंने पेरिस ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। भारत ने अब तक 5 गोल्ड, 4 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल के साथ 12 मेडल जीते हैं।

## फ्रेंच ओपन



# दो साल बाद रोलां गैरां में वापसी की तैयारी में नडाल

## फिटनेस पर निर्भर करेगा खेलना

**पेरिस, एजेंसी।** साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और अभ्यास करने वाले जोड़ीदारों के साथ कोर्ट फिलिप चैटरियर पर पहुंचे। उनका अभ्यास देखने के लिए फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम में छह हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे।

स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल ने यहां रोलां गैरां में अभ्यास किया। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल रिकॉर्ड 14 बार फ्रेंच ओपन जीत चुके हैं। इस बार 37 साल के दिग्गज का यह रोलां गैरो में अंतिम ग्रैंडस्लैम माना जा रहा है। इस अभ्यास के जरिये नडाल अपनी फिटनेस और फॉर्म की परख ले रहे हैं ताकि यह तय हो सके कि उन्हें इस साल होने वाले फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेना है या नहीं।

#### रविवार से शुरू होगा साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम

साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और अभ्यास करने वाले जोड़ीदारों के साथ कोर्ट फिलिप चैटरियर पर पहुंचे। उनका अभ्यास देखने के लिए फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम में छह हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। जैसे ही नडाल कोर्ट पर उतरे, दर्शकों ने हर्षोउल्लास के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने एक घंटे अभ्यास किया और उसके बाद कुछ समर्थकों को ऑटोग्राफ दिए। पिछले साल कूल्हे की चोट के कारण नडाल ने फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। इस चोट के कारण वह पिछले साल काफी समय मैदान से दूर रहे। उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ी। इस सीजन में भी वह चोट के कारण परेशान रहे हैं।

#### इटालियन ओपन में हरकेज से हार गए थे नडाल

नडाल को हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे मैच में हुबर्ट हरकेज के खिलाफ 1-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। नडाल ने कहा कि देखता हूं कि इस हफ्ते कैसा महसूस करता हूं। यदि अपने आपको तैयार पाता हूं तो उतरूंगा।


यह उनका टूर पर अंतिम सीजन माना जा रहा है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन जीता था जो उनका 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब था। उनसे आगे सिर्फ सर्बिया के नोवाक जोकोविच हैं जिनके पुरुष सिंगल्स वर्ग में 24 ग्रैंडस्लैम हैं। नडाल ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी चोट के कारण हिस्सा नहीं लिया था। मालूम हो कि नडाल को लाल बजरी का बादशाह कहा जाता है और यहां उन्हें हराना किसी के लिए भी आसान नहीं होता है।

# अमेरिका ने टी20 मैच में बांग्लादेश को हराया

### ● गेंदबाजों के बाद कोरी और हरमीत की तूफानी बल्लेबाजी

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कोरी एंडरसन (34) और हरमीत सिंह (33) की नाबाद तूफानी बल्लेबाजी के दम पर अमेरिका ने टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। टी-20 विश्वकप से पहले अमेरिकी टीम को मंगलवार देर रात तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में ऐतिहासिक जीत मिली है। अमेरिका की जीत के हीरो हरमीत सिंह ने 13 गेंदों पर 33 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ही कप्तान मोनंक पटेल (12) का विकेट रनआउट के रूप में गवां दिया। उसके बाद नौवें ओवर में ऐंड्रियस गौस 18 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में स्टीवन टेलर (20) रन बना कर आउट हुए।

ऐरन जोंस (4) और नीतिश कुमार (10) रन बनाकर आउट हुए। 94के स्कोर पर पांच विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी अमेरिका की टीम को कोरी एंडरसन और हरमीत सिंह ने संभाला। एंडरसन ने 25 गेंदों में नाबाद (34) और हरमती ने 13 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (33) रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 156 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी।




बंगलादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने दो विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की लिटन कुमार दास और सौम्य सरकार की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 34 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जसदीप ने लिटन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। छठें ओवर में सौम्य सरकार भी चलते बने। उन्हें स्टीवन टेलर ने आउट किया। तौहिद ह्रिदोय की ने 47 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (58) रनों की पारी खेली।

महमुदुल्लाह ने (31), सौम्य सरकार (20) लिटन दास ने (14) रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका के लिए स्टीवन टेलर ने दो विकेट चटकाए। वहीं सौरभ, अली और जेस्सी को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया

## एक नजर

### किराए के जर्जर भवन में चल रहा डाकघर

**हसपुरा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** हसपुरा बाजार में स्थित एक मात्र डाकघर की बिल्डिंग की स्थिति बेहद हीं दयनीय हो चुकी है। हसपुरा के उप डाकपाल धीरज कुमार ने बताया कि डाकघर किराया के मकान में चल रहा है। मकान पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। आए दिन छत के छज्जे टूट टूट कर गिरते रहते हैं, जिससे कई बार कर्मी एवं आम जनता को चोट पहुंची है। हमने कई बार अपने विभाग के उच्च अधिकारी को इस समस्या से अवगत कराया, पर कोई समाधान नहीं हुआ। बता दें कि हसपुरा डाकघर भगवान भरोसे चल रहा है, क्योंकि परिसर में कहीं भी सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ नही है और जर्जर हो चुके शौचालय से भी बदबू आते रहती है। समय-समय पर साफ कराने से भी कोई फायदा नहीं होता। पोस्टमैन फरदीन आलम, पैकर अभिषेक कुमार, अभिकर्ता देवेंद्र प्रसाद, विद्यानंद कुमार ने भी बिल्डिंग की जर्जर स्थिति पर चिंता जाहिर की। कहा कि डाकघर को यहां से दूसरे जगह शिफ्ट करना बेहद जरूरी है, अन्यथा कभी भी अनहोनी घटना हो सकती है।

### ओवरलोड ट्रक जब्त

**अम्बा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** रिसियप थाना की पुलिस ने मेन रोड से पत्थर से ओवरलोड एक ट्रक को जब्त किया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर हैं।

### 75 लीटर देशी शराब व बाइक के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का. सं.)।** रफीगंज के कासमा थाना की पुलिस ने कासमा-भरौंधा पथ पर 75 लीटर देशी शराब व बाइक के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि कासमा-भरौंधा पथ पर कासमा की ओर एक बाइक से शराब लाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाई गई। इसी बीच एक बाइक सवार 15 लीटर के 05 गैलन बाइक पर लादकर कासमा की ओर चला आ रहा था।पुलिस की गाड़ी देख भागने का प्रयास किया।पहले बाइक सवार को पकड़ा गया। बाइक सवार सह कारोबारी गया जिला के गुरुआ थाना के टिकरी गांव निवासी विजय रि कियासन का पुत्र छोटू कुमार है, जो अपने पैशन प्रो बाइक संख्या बीआर 01 ईएस 2160 पर 15 लीटर का 05 गैलन में देशी महुआ शराब लादकर कासमा की ओर आ रहा था।शराब एवं बाइक जब्त कर थाना लाया गया है। उसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियमों के तहत प्राथिमिकी कर छोटू को गिरफ्तार किया गया है।

### 41 लीटर देसी शराब के साथ दो धंधेबाज घराएं, बाईक जब्त

**अम्बा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** अम्बा थाना की पुलिस ने रहम बिगहा मोड़ के पास एक बाइक पर लदा 180 एमएल का 230 पीस कुल-41.4 लीटर देसी टनाका शराब बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने धंधेबाज औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के नेहुटी निवासी सुजीत कुमार और सिंटू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले में पुलिस कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# स्वीप कोषांग के माध्यम से किया गया साइकिल रैली का आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक जून 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में मतदान में सभी वर्गों की शत प्रतिशत प्रतिभागिता हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में आज ओबरा विधानसभा के अंतर्गत कारा में स्वीप कोषांग के माध्यम से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह साइकिल रैली राजकीय कृत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कारा से प्रारंभ होकर सूर्य मंदिर कारा तक गई।इस जागरूकता रैली को प्रखंड विकास पदाधिकारी ओबरा मोहम्मद यूनिस सलीम, अंचल अधिकारी ओबरा ,हरिहरनाथ पाठक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हरी झंडी दिखाने के पूर्व उपस्थित पदाधिकारियों ने संबोधन के क्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रजातंत्र में मतदान के महत्व को बताया गया तथा उपस्थित प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया कि आप अपने-अपने क्षेत्र में परिवार एवं समाज के बीच चर्चा करते हुए सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस साईकिल रैली में कारा पंचायत के मुखिया, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ओबरा आशा कुमारी एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल थे। इस साइकिल रैली में जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका,आशा, छात्र-छात्राओं की भी प्रतिभागिता थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिस सलीम ने बताया की प्रखंड स्तर पर स्वीप कोषांग के तत्वावधान में शत प्रतिशत मतदान एवं प्रतिभागीता हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव : मतदान कर्मियों और माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों में संपन्न

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार काराकाट-35 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण औरंगाबाद शहर के अंबिका पब्लिक स्कूल, बी एल इंडो पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर एवं नगर भवन औरंगाबाद में दो पालियों में संपन्न हुआ। तीनों विधानसभा के सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मतदान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान अधिकारियों को उनके कार्य व दायित्वों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर के द्वारा बताया कि आप सभी अधिकारी अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर व मतदाता पर्ची के प्रभारी होंगे। मतदान कर्मियों को अमिट स्याही का प्रयोग, मतदाता रजिस्टर संधारण व पर्ची मिलान के संबंध में पीपीटी व ब्लैक बोर्ड पर लिख कर विस्तार से जानकारी दी गयी। डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य संपादन एवं दायित्वों से मतदान अधिकारियों को अवगत कराया गया। मतदान अधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों की पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू व वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गयी।

## अवैध बालू गिराकर भाग रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने लोदीपुर गांव के पास से अवैध बालू अनलोड कर भाग रहे ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष मुनेश कुमार ने बताया की सूचना मिली कि लोदीपुर गांव के पास ट्रैक्टर से अवैध बालू लेकर कारोबारी जा रहा है।पुलिस ने एक टीम गठित कर छापेमारी की तो लोदीपुर गांव के पास से ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस ने खनन विभाग को सूचना देते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वैशाख पूर्णिमा को जरूर जाएं विष्णु धाम दर्शन पूजा अर्चना से पूरे होते सब काम

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले का विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णु धाम में वैशाख पूर्णिमा के मौके पर विशेष पूजा पाठ की जाती है।वैशाख पूर्णिमा को ही भगवान विष्णु के नवें अवतार महात्मा बुद्ध का अवतरण हुआ था। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने अवलोकन करते हुए बताया कि सनातनी परंपरा में वैशाख पूर्णिमा का बहुत महत्व है। यह भगवान विष्णु एवं नवग्रह में चंद्रमा को समर्पित अनुष्ठान के लिए विभूषित है।हिंदू कैलेंडर में यह वर्ष का दूसरा महीना के रूप में वर्णित है जबकि सौर वर्ष में इसे प्रथम महीना माना जाता है। वैशाख मास को माधव मास के नाम से भी जाना जाता है। विष्णु धाम मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के संगम तट पर अवस्थित है। संगम तट पर होने के कारण इसकी महता और भी बढ़ जाती है।वैशाख माह में जल दान की भी परंपरा है और वैशाख पूर्णिमा को भगवान विष्णु के निमित्त जल दान को मूर्त स्वरूप प्रदान किया जाता है तो विशिष्ट फल की प्राप्ति होती है।इस तिथि को सुबह सवेरे भगवान विष्णु को षोडशोपचार विधि उपासना करना चाहिए एवं संध्या में माता लक्ष्मी की आराधना करनी चाहिए। विष्णु धाम स्थल में भगवान विष्णु की आदमकद प्रतिमा वैभव स्वरूप के रूप में दृष्टिगत होती है और मां लक्ष्मी उनके वक्ष स्थल पर निवास करती हैं ऐसे दुर्लभ मंदिर में यदि बैशाख पूर्णिमा को पूजन अर्चन किया जाता है तो उस इंसान के अगर जन्म जन्मों से आर्थिक तंगी हो तो उससे निजात मिल जाती है।

## हसपुरा त्रिसंकट मोड़ तक मुख्य सड़क जर्जर, आम लोग परेशान



निज संवाददाता

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** हसपुरा में पुरानी थाना रोड से लेकर त्रिसंकट मोड़ तक सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि कुछ कहा नहीं जा सकता। बता दें कि इस मुख्य मार्ग से हीं मुसलमान भाई अपने पवित्र दरगाह अमझरशरीफ जाते हैं। साथ ही हिंदुओं के प्राचीन धार्मिक स्थल बाबा दुधेश्वरनाथ की नगरी देवकुंड जाने का भी यही रास्ता हैं।

हसपुरा प्रखंड मुख्यालय से देवकुंड धाम की दूरी लगभग 8 किमी है, जिसमें 6 किमी. सड़क की हालत एकदम जर्जर है। गौरतलब है कि देवकुंड धाम को विकसित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित किया गया है। फिर भी इस सड़क की स्थिति दयनीय है। पता ही नहीं चलता कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क। बरसात के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव के समय लोकल जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद वगैरह आते हैं और रोड बनवाने का आश्वासन देकर चले जाते हैं। यह देखते सुनते हमलोग को सालों बीत गया, लेकिन इस सड़क की हालत किसी ने नहीं सुधारी। बिहार सरकार के दावों के अनुसार हर गली हर गांव में सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन इस मुख्य सड़क का निर्माण क्यों नहीं हो रहा, इसका स्पष्ट जवाब किन्हीं के पास नहीं है।

## एलआईसी से दिलवाई सुद सहित भुगतान राशि

**औरंगाबाद (का.सं.)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग औरंगाबाद में बीमा विवाद से उपजे वाद संख्या -62/14 में आवेदिका निर्मला देवी पटना को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने 59600 रू का एल आई सी का चेक प्रदान किया इस अवसर पर आवेदिका के अधिवक्ता कामख्या नारायण सिंह उपस्थित थे, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि एल आई सी के औरंगाबाद शाखा से आवेदिका ने पॉलिसी करवाने के लिए 35000 रू जमा किया, और जामा रशीद दिया जिसका बी. ओ. सी. नम्बर 49537 है। फिर भी बीमा कंपनी द्वारा आवेदिका को बीमा नहीं किया गया और नही पैसा वापस किया गया,कई वर्ष बीत गए तो वकालतन नोटिस भेजा गया, बीमा कंपनी ने वकालतन नोटिस का भी जवाब नहीं दिया तत्पश्चात आवेदिका ने उपभोक्ता अदालत की शरण ली और न्याय मिला।

## मग परिषद् की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मग परिषद्, देवधाम, औरंगाबाद की जिला स्तरीय बैठक अदरी नदी के समीप शिव मन्दिर प्रांगण में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संरक्षक गुप्तेश्वर पाठक जबकि संचालन प्रख्यात साहित्यकार श्री धनंजय जयपुरी जी ने किया। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग दो दर्जन सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले भर के सभी प्रखंडों में चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत जिला स्तरीय चुनाव कराए जाएंगे।ज्ञातव्य हो गोह एवं हसपुरा प्रखंड के चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। शेष प्रखंडों के चुनाव हेतु पर्यवेक्षक के रूप में क्रमशः श्याम नन्दन मिश्र, गुप्तेश्वर पाठक, धनंजय जयपुरी, विशाल मिश्र, वासुदेव मिश्र, रवीन्द्र कुमार मिश्र, सुभाषचन्द्र पाण्डेय को नियुक्त किया गया है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि शीघ्र ही बैंगलोर मग-परिवार द्वारा मग-परिषद् देव को कम्प्यूटर उपलब्ध कारण जाएंगे जिनके माध्यम से मग परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी।जिला स्तरीय कार्यकारिणी गठित हो जाने पर नियमावली तैयार कर सभी प्रखंड कार्यकारिणी से अनुमोदन करवा कर निबंधन करवाने का निर्णय लिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सप्ताह दिवंगत हुए मग परिवार के इंदूभूषण मिश्र (शिवपुर), परशुराम जी का पुत्र) बाकन)' शिवचरण मिश्र की धर्मपत्नी (दुधार), गणेश पाण्डेय(फूलडीहा), उमेश मिश्र(आमस) दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मूंग समेत अन्य गरमा फसल को बर्बाद कर रहे कीट, किसानों को हो रहा भारी आर्थिक नुकसान

निज संवाददाता

**कुटुम्बा (औरंगाबाद)।** ग्रास हॉपर प्रजाति का कीट (फुनगा) रातों-रात क्यारी की क्यारी फसल चट कर जा रहा है। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इनकी संख्या भी इतनी अधिक है कि क्यारी में जिधर जाए बस वे ही दिखाई पड़ते हैं। ऐसे में किसान क्या करें उन्हें समझ में नहीं आ रहा है। वे बताते हैं कि पहली रात तो आधी-सुधि पत्तियां नष्ट होती है और दूसरी रात बीतते-बीतते क्यारी में सिर्फ डंठल ही नजर आता है, पत्तियां गायब हो जाती हैं। कुटुंबा प्रखंड के परसा टोला रामपुर गांव के किसान अरुण कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, मृत्युंजय कुमार सिंह आदि ने बताया काफी मेहनत से खेत में मूंग की फसल लगाई थी। फसल उग आई और उसमें पत्ते भी निकल आए, पर फुनगे सारा का सारा चट कर गए। फुनगे की वजह से खेत में दोबारा कोई फसल लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मूंग की खेती की लागत भी चली गई। किसान धर्मेंद्र कुमार सिंह बता रहे हैं कि उन्होंने सब्जी की खेती की है और फुनगे से काफी परेशान हैं। वे पत्तियों को चट कर जा रहे हैं। बचाव के लिए उन्होंने कई बार दवा का छिड़काव किया है। कृषि वैज्ञानिक डॉ अनूप चौबे बताते हैं यह कीट रात को अधिक सक्रिय होता है और फसल की पत्तियों पर हमला करता है। यह पत्तियों के किनारो को चट कर जाता है। इसके प्रकोप से फसल को भारी नुकसान होता है। जिले के अधिकांश भागों में इसका प्रकोप है। कई बार यह सारी की सारी फसल चट कर जाती है। उन्होंने कहा कि कीटनाशक का छिड़काव कर इससे निजात मिल सकता है।

## तीन फरार वारंटी हुआ गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने मंगलवार की रात छापेमारी करते हुए महदीपुर गांव से फरार तीन वारंटियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया की सूचना मिली कि महदीपुर गांव निवासी फरार एनबीडबल्यू वारंटी प्रमोद साव, गुड्डू साव, भरत साव बहुत दिनो से फेरार चल रहा थे, जो फिलहाल घर पर आया हुआ है। पुलिस ने छापेमारी करते हुए तीनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## ग्रामीणों ने प्रबंधन पर सरकारी किताब बेचने का लगाया आरोप, किया हंगामा

निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के एरकीकला पंचायत के सिन्दुआरा प्राइमरी स्कूल में बुधवार को ग्रामीणों ने प्रबंधन पर सरकारी किताब बेचने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल काटा। ग्रामीण मोसाफिर यादव, सुखेन्द्र यादव, मुनीलाल यादव, हरिशंकर यादव, नीरज कुमार, रमेश यादव आदि ने आरोप लगाया कि सत्र 2023-24 की किताबें व अन्य पुस्तकें हेडमास्टर रंजीत कुमार के द्वारा कबाड़ में बेच दिया गया है। बवाल की जानकारी मिलने पर बीपीएम सुशांत कुमार व बीआरपी रमेश कुमार सिंह विद्यालय पहुंचे और मामले की जांच की। जांच में पाया गया कि नए सत्र 2024-25 की पुस्तक विद्यालय में नामांकित 185 छात्र-छात्राओं के बीच बांटी गई है। शेष पुस्तकें कार्यालय में उपलब्ध है। नया नामांकन करा रहे बच्चों को पुस्तक दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रद्दी किताबें, पुराने प्रश्नपत्र, लोहे की सड़ी-गली वस्तुएं, डायरियां आदि कबाड़ में बेचने का विभागीय निर्देश प्राप्त है और प्राप्त राशि को विभाग के खाते में जमा करना है। इस विद्यालय में जो वस्तुएं कबाड़ में बेची गई है उससे एक हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। यह राशि विभाग के खाते में जमा हो चुकी है। ऐसी स्थिति में यहां कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। हेडमास्टर ने कहा कि कई ग्रामीण निजी वैमनस्यता के चलते आरोप लगा रहे हैं।

## स्कूल की बाउंड्री नहीं रहने से परेशानी

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के मिडिल स्कूल हसामपुर की बाउंड्री नहीं रहने से शिक्षकों व छात्रों को परेशानी हो रही है। यहां 245 छात्र नामांकित हैं तथा 8 शिक्षक पस्थापित हैं। प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बाउंड्री के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक की गई है जिसमें आपसी सहमति बनी है। पूर्व में कुछ ग्रामीणों को आपत्ति थी, जिसके चलते निर्माण नहीं हो पा रहा था।

## बिन खाए-पिए बच्चे आ रहे स्कूल, हो रही परेशानी

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** सुबह 6 बजे स्कूल पहुंचने के फरमान के बाद अधिकांश बच्चे बिना कुछ खाए-पिए ही स्कूल पहुंच रहे हैं। यहां उन्हें 10 बजे मध्याह्न भोजन मिल रहा है। शिवानी, पार्वती, पिंकी, तरन्नुम, अशोक, अंकित, दीपक, माधुरी, मोनू, सोनू, संजीत, रागनी, आर्यन, आकिब आदि बच्चों ने बताया कि उनके घरों में इतनी सुबह सुबह खाना नहीं बन पाता है, जिसके चलते वे बिन खाए ही स्कूल पहुंच रहे हैं। कई तो स्नान भी नहीं कर पा रहे हैं। शिक्षक स्कूल पहुंचकर घर से लाया नाश्ता कर ले रहे हैं। प्रचंड गर्मी से बच्चों के साथ शिक्षक भी हलकान हैं।

## लापता किशोर का नहीं मिल रहा सुराग

निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के बेला गांव का 13 वर्षीय गोविंद कुमार पिछले 10 दिनों से लापता है और उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। इस संदर्भ में उसकी मां शकुन्तला कुंवर थाने में सनहा दर्ज कराई है। उसने बताया है कि गोविंद 14 मई की दोपहर घर से निकला था और अबतक लौट कर नहीं आया।



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

वैशाखी पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म, उन्हें ज्ञान की प्राप्ति एवं उनका महापरिनिर्वाण हुआ था और इनके उपलक्ष्य में 'बुद्ध पूर्णिमा' आयोजित की जाती है।

भगवान बुद्ध का संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करूणा और शांति के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है तथा उनके द्वारा निर्दिष्ट अष्टांगिक मार्ग जीवन को सही और सार्थक दिशा प्रदान करता है। आज विश्व समुदाय जिन अनेकानेक समस्याओं का सामना कर रहा है, उनका समाधान भी भगवान बुद्ध के दर्शन एवं उपदेशों में निहित है।

आइए, हम सब भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक समरसता में अहम योगदान देने का संकल्प लें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 000728 (Governor Secretariat) D. 2024-25

बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं प्रदेश एवं देशवासियों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनायें देता हूँ।

भगवान बुद्ध का जीवन हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। इनके जीवन–दर्शन से हमें प्रेम, शांति, सद्भाव, त्याग, अहिंसा एवं संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। भगवान बुद्ध के बताये हुए अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य सम्यक और संतुलित जीवन–यापन करने में सक्षम हो सकता है।

मेरी मंगल कामना है कि भगवान बुद्ध की शिक्षा को आत्मसात कर हम आपसी प्रेम एवं सद्भाव की भावना को और मजबूत करें।

( नीतीश कुमार )

PR No.- 000782 (I&PRD)D. 2024-25